समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 59,744.98 | 17,554.30 |

तापमान
अधिकतम 32 °c
न्यूनतम 16 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूर्ण करने वाला बजट... पेज-02

बजट में छात्रों के लिए बड़ा तोहफा... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 186 | लखनऊ, 23 फरवरी, गुरुवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

यूपी का सबसे बड़ा बजट, 6 लाख 90 हजार करोड़

# जनता पर टैक्स नहीं, हर जिले में मेडिकल कॉलेज

● पिछले साल के बजट (6.15 लाख करोड़) से करीब 75 हजार करोड़ रुपए अधिक का है।

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

योगी सरकार 2.0 ने अपना दूसरा बजट पेश कर दिया है। 2023-24 का यह बजट 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपए का है। पिछले साल के बजट (6.15 लाख करोड़) से करीब 75 हजार करोड़ रुपए अधिक का है। इस बजट में सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी ज्यादातर योजनाएं हैं।

सरकार ने बजट में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश किया। बजट के बाद सीएम योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, यह बजट यूपी को देश की सबसे बड़ी इकोनॉमी के तौर पर स्थापित करने के लिए होगा। 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के लिए नींव साबित होगा।

आज का बजट 6 लाख 90 हजार करोड़ से ज्यादा का है। साल 2016-17 में यह करीब 3 लाख 40 हजार के आस-पास था। हमने बजट के दायरे को बढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा, जनता पर अतिरिक्त टैक्स लगाए बिना महंगाई को कंट्रोल किया गया। 45-46त्न से ज्यादा राजस्व मिल रहा है। एयर कनेक्टिविटी में 2 एयर पोर्ट थे, आज 9 एयरपोर्ट काम कर रहे हैं। आने वाले 2 साल में 21 एयरपोर्ट होंगे। गौवंश की देखभाल के लिए भी बजट में 750 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

## पर्यटन में 20 हजार को नौकरी

### सिर्फ ऐतिहासिक बोलने से कुछ नहीं होगा

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, बजट में कुछ भी नहीं दिखता, सिर्फ ऐतिहासिक बोलने से कुछ नहीं होगा। इस सरकार को सिर्फ मेला लगाना आता है। वहीं, शिवपाल ने कहा, आज का बजट नौकरशाही के नाम, आंकड़ों की बाजीगरी को सलाम। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बजट को ऊंट के मुंह में जीरा बताया है। उधर, अखिलेश यादव बुधवार को काले रंग की शेरवानी पहनकर सदन पहुंचे थे। सिर्फ यही नहीं, सपा के ज्यादातर विधायक काली शेरवानी पहने हुए थे।

### वित्त मंत्री ने बजट से पहले पूजा की

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने घर से निकलने से पहले मंदिर में पूजा की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात की। कहा, ये बजट महिलाओं, मध्यम वर्ग के लिए होगा। सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है। बजट का फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर भी होगा। ताकि अगले 5 साल में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जा सके। इससे पहले, बुधवार सुबह सीएम योगी ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा, नए उत्तर प्रदेश का बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा। प्रदेश के गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर तबके के हितों की पूर्ति करने वाला होगा।



## 6 वर्ष में दोगुने से अधिक हुई प्रति व्यक्ति आय: सीएम

लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का आज दूसरा बजट पेश किया। सीएम योगी ने कहा आज 6.90 लाख करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तुत हुआ है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में जो बजट प्रस्तुत हुआ था वह ?3.40 लाख करोड़ का था। पिछले 6 वर्ष में दोगुने से अधिक की वृद्धि प्रदेश के बजट में हुई है। पिछले बजट में किसानों को बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट दी थी, आने वाले दिनों में 100 प्रतिशत की छूट देंगे। विगत 6 वर्षों में प्रदेश के प्रति व्यक्ति की आय दोगुने से अधिक हुई है। प्रदेश की त्नष्ठक्कमें दोगुने से अधिक बढ़ोतरी हुई है। आगरा, वाराणसी में साइंस सिटी और नक्षत्र शाला के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण हेतु 3,000 करोड़ की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में 20 लाख युवाओं को टैबलेट/लैपटॉप वितरण किया गया। प्रदेश में इस वर्ष पांच नए राज्य विश्वविद्याल खुलेंगे, कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बनेगा। सीएम योगी ने बजट के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि? देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य यूपी में पिछले 6 वर्षों के दौरान सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास% की भावना का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के समग्र विकास में जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं, इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन है। विततत मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि? उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आज विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ?6,90,242.43 करोड़ का बजट पेश किया गया है। जनआकांक्षाओं के अनुरूप इस बजट में ?32,721.96 करोड़ की नई योजनाएं सम्मिलित हैं। यह नए उत्तर प्रदेश का विकासोन्मुखी बजट है! प्रस्तुत बजट का आकार 06 लाख 90 हजार 242 करोड 43 लाख रुपये है। वहीं बजट में 32 हजार 721 करोड़ 96 लाख रुपये (32,721.96 करोड़ रुपये) की नई योजनाएं सम्मिलित की गई हैं।

### योगी सरकार 2.0 के दूसरे बजट पर मायावती का हमला, बोलीं–

## ये बजट ऊंट के मुंह में जीरा



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। सीएम योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जहां इसे नए उत्तर प्रदेश का नया बजट बताया वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर वादों का पिटारा करार दिया। बसपा प्रमुख ने ट्वीट कर कहा कि, यूपी सरकार द्वारा सदन में आज पेश बजट जनहित व जनकल्याण का कम एवं लोकसभा चुनाव स्वार्थ को लेकर पुनः वादों का पिटारा। क्या इस अवास्तविक बजट से यहां की जनता का हित व कल्याण तथा भारत का ग्रोथ इंजन बनने का दावा पूरा होगा? कर्ज में डूबी यूपी को भ्रमकारी नहीं रोजगार-युक्त बजट चाहिए। मायावती ने कहा कि, यूपी भाजपा सरकार अपनी बहुप्रचारित घोषणाओं, वादों व दावों को ध्यान में रखकर यहाँ महंगाई से त्रस्त लगभग 24 करोड़ जनता की गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, पिछड़ेपन एवं अराजकता आदि से उत्पन्न बदहाली को दूर करने हेतु अपनी कथनी एवं करनी में अन्तर से जनता के साथ विश्वासघात क्यों? बसपा प्रमुख ने यह भी कहा कि यूपी सरकार द्वारा लोकसभा आमचुनाव के मद्देनजर नए भ्रमकारी वादे व दावे करने से पहले पिछले बजट का ईमानदार रिपोर्ट कार्ड लोगों के सामने नहीं रखने से स्पष्ट है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रति व्यक्ति आय व विकास की जमीनी हकीकत मिथ्या प्रचार व जुमलेबाजी। बजट ऊंट के मुंह में जीरा। लोगों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रति व्यक्ति आय में अपेक्षित वृद्धि, रोजगार व सरकारी भर्ती आदि तो दूर, उन पर कर्ज का बढ़ता बोझ सरकार की गलत नीतियों व प्राथमिकताओं का प्रमाण। कर्ज के बढ़ते बोझ से स्पष्ट है कि सरकार, दावों एवं प्रचारों के विपरीत, हर मोर्चे पर विफल हो रही है।

## योगी सरकार का बजट दिशाहीन, किसानों, युवाओं, महिलाओं को किया निराश



लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ सरकार के बजट को दिशाहीन बताया। अखिलेश ने कहा इसमें ना आज की समस्याओं का समाधान और ना ही भविष्य के किसी फैसले को आगे लेकर जाने का कोई रास्ता दिखाई देता है। इस बजट ने किसानों, युवाओं, महिलाओं को निराश किया है। योगी सरकार पर हमलावर होते हुए अखिलेश ने कहा कि यूपी का सबसे आधुनिक गौ दुग्ध संयंत्र इस सरकार की लापरवाही से बंद है। भाजपा सरकार में एक भी स्टेडियम नहीं बना लेकिन खेल विश्वविद्यालय बनाने की बात करते हैं। लखनऊ, आगरा और कानपुर मेट्रो सब कुछ समाजवादी सरकार ने दिया है। भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए सपा प्रमुख बोले कि इस बजट में मुझे नहीं लगता कि किसी भी औद्योगिक नीति के तहत उत्तर प्रदेश में निवेश आ पाएगा। बजट में अगर कोई ऐसे इंतजाम हो तो सरकार बताए। अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमलावर होते हुए कहा कि प्रदेश में कोई नौकरी नहीं है। सरकार ने सभी एमएसएमई सेक्टर को नष्ट कर दिया है। उनके लिए किसी राहत पैकेज की घोषणा नहीं की। वे कहते हैं व्यापार करने में आसानी लेकिन वास्तव में, यह अपराध करने में आसानी है।

### उत्तर प्रदेश में कई आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

## पांच जिलों के डीएम बदले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार की देर रात कई प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसमें पांच जिलों के जिलाधिकारी सहित कई आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। सरकार के एक प्रवक्ता की ओर से यह जानकारी दी गई है कि उत्तर प्रदेश में कानून और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों को लेकर लगातार सुधार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में यह तबादले किए गए हैं। उनमें संतकबीर नगर के जिलाधिकारी प्रेम रंजन को हटाया गया है, उनकी जगह पर भदोही के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संदीप कुमार को तैनाती दी है। नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फुंडे को आगरा के नगर आयुक्त पद से हटाकर उन्हें जिलाधिकारी चंदौली बनाया गया है। गोरखपुर के नगर आयुक्त अविनाश सिंह को जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर, गौतमबुद्धनगर की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा को जिलाधिकारी हापुड़ भेजा गया है। प्रेमरंजन को चंदौली डीएम के पद से हटाकर भदोही के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। चंदौली की डीएम ईश दुहन को अपर आयुक्त मेरठ मंडल, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन को कानपुर नगर का प्रबंध निदेशक केस्को, हापुड़ की डीएम का मेधा रूपम को गौतबुद्धनगर के अपर मुख्य कार्यपालक के पद भेजा गया है। यशू रस्तोगी झांसी की डीएम बनाई गईं है। इसी तरह हेमंत राव को सचिवालय प्रशासन विभाग हटाते हुए रवींद्र नायक को अतिरिक्त चार्ज सौंपा है।

### बदायूं में जमीन के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## कई राउंड फायरिंग में तीन लोगों की मौत

### घायलों को अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस

**बदायूं में बुधवार दोपहर दो पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर शुरू हुई झड़प खूनी संघर्ष में बदल गई। विवाद बढ़ते ही दोनों पक्षों से फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।**



बदायूं (समृद्धि न्यूज़)। जरीफनगर थाना क्षेत्र केभक्ता नगला में दो पक्षों के बीच बुधवार दोपहर में एक जमीन को लेकर खूनी संघर्ष हुआ। गांव के बाहर दोनों पक्षों के बीच हुए कई राउंड फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को मिलते ही हड़कंप मच गया। एसएसपी डा ओपी सिंह घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। खूनी संघर्ष में जयप्रकाश पुत्र महिपाल उम्र व18 वर्ष, रेशमपाल पुत्र केहरि सिंह 30 वर्ष, सतेंद्र पुत्र कल्याण 20 वर्ष की मौत हो गई। वहीं हरिओम व अमरसिंह, महिपाल सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस प्रशासन के अधिकारी घटना को लेकर जांच पड़ताल में जुट गए हैं।



### अधिक हवाई अड्डे, बेहतर कनेक्टिविटी लोगों को ला रही करीब

## राष्ट्रीय प्रगति को दे रही है बढ़ावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि विमानन क्षेत्र लोगों को करीब ला रहा है और अधिक हवाईअड्डों और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक ट्वीट को साझा किया, जिसमें घरेलू हवाई यातायात ने 19 फरवरी को पोस्ट-कोविड के बाद लगभग 4.45 लाख के एक नए उच्च स्तर को छूने के बारे में बताया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अधिक हवाईअड्डे और बेहतर कनेक्टिविटी...उड्डयन क्षेत्र लोगों को करीब ला रहा है और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे रहा है। कोविड से पहले, औसत दैनिक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 3,98,579 थी। सिंधिया ने सोमवार को एक ट्वीट में कहा कि कोविड-19 के बाद घरेलू हवाई यात्रियों की आवाजाही एक नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। घरेलू एयरलाइंस ने रविवार को 4,44,845 यात्रियों को सफर कराया।

## दिल्ली की नई मेयर होंगी शैली ओबरॉय



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तीन असफल प्रयास के बाद बुधवार को आखिरकार मेयर का चुनाव संपन्न हो गया। दिल्ली मेयर के चुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शैली ओबरॉय ने जीत दर्ज की। आप उम्मीदवार शैली ओबेरॉय को चुनाव में कुल 150 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को 116 वोट प्राप्त हुए। बता दें कि आम आदमी पार्टी की शैली ओबेरॉय दिल्ली की पटेल नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 86 से पार्षद हैं। 39 साल की शैली ओबेरॉय पेशे से प्रोफेसर हैं। उन्होंने पीएचडी तक की पढ़ाई की है। वह 2013 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुई थीं। 2020 तक शैली ओबेरॉय आम आदमी पार्टी की महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रही हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके

● उत्तराखंड में भी हिली धरती, रिक्टर स्केल पर इतनी रही तीव्रता

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंप बुधवार दोपहर को महसूस किया गया। बताया जा रहा है कि इसका केंद्र नेपाल में था।

राहत की बात है कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले, बुधवार दोपहर डेढ़ बजे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र पिथौरागढ़ से 143 किमी दूर जमीन के 10 किमी अंदर था। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। केंद्र ने बताया कि नेपाल के बाजुरा में बुधवार दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई।

### राहुल बोले-पीएम कुछ भी बोलें, टीवी पर छा जाते हैं

## मेरी स्पीच मीडिया नहीं दिखाता: राहुल गांधी



शिलांग (एजेंसी)। राहुल गांधी ने बुधवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में चुनानी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मीडिया पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने संसद में मुझसे एक सवाल पूछा और कहा- मेरा नाम गांधी है, नेहरू क्यों नहीं? मैंने उनके सवाल का जवाब दिया, लेकिन मीडिया ने उसको कहीं नहीं दिखाया। राहुल ने आगे कहा कि आपने देखा होगा कि जब पीएम भाषण देते हैं तो पूरे टीवी पर छा जाते हैं, लेकिन मेरी स्पीच को मीडिया नहीं दिखाता है। मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसी को देखते हुए राहुल ने शिलांग में चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के साथ-साथ टीएमसी पर भी निशाना साधा।

यूपी बजट-2023

### यूपी में खुलेंगे तीन नए राज्य विश्वविद्यालय, हायर एजुकेशन पर फोकस

# रविंध्यधाम, देवीपाटन और मुरादाबाद को स्टेट यूनिवर्सिटी की सौगात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। बजट 2023 में प्रदेश को 3 नए राज्य विश्वविद्यालय की सौगात दी गई है। इसमें दो राज्य विश्वविद्यालय अध्यात्म से समृद्ध विंध्यधाम और देवीपाटन मंडल में खुलेंगे, जबकि तीसरा विश्वविद्यालय मुरादाबाद मंडल में खोला जाएगा। इसके लिए 50-50 करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा के विभाग के तहत लगभग 2 लाख 23 हजार 712 विद्यालय संचालित हैं, जिसमें सभी बच्चों के लिए 1 से 3 किलोमीटर की परिधि में विद्यालय की सुविधा उपलब्ध है। समग्र शिक्षा अभियान के लिए 20 हजार 255 करोड़ प्रस्तावित हैं। वही ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विकास और उन्हें स्मार्ट विद्यालयों के रूप में विकसित करने की कार्य योजना है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में 1000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की सहायता से पीएम श्री यानी प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इण्डिया नामक नई योजना प्रदेश में लागू करने के लिए 510 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि गरीबी रेखा के ऊपर के लगभग 28 लाख छात्र छात्राओं को निःशुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 50 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा-1 से 8 तक पढ़ने वाले 2 करोड़ छात्र-छात्राओं के उपयोग के लिए मुफ्त स्वेटर और जूते और मोजे प्रदान करना 650 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित हैं। वही इनको स्कूल बैग मुहैया कराने के लिए 350 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वनटांगिया गांवों में स्कूल के लिए 11 करोड़ आवंटित किए गए हैं। वही ऋञ्जश्व यानी निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अलाभित समूह और दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए साल 2023-2024 में प्रवेश के लिए 40 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

### माध्यमिक शिक्षा विभाग को मिली यह सौगात

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना में बताया कि वर्तमान में प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा परिषद से सम्बन्धित सामान्य शिक्षा के लिए 2 हजार 357 राजकीय, 4 हजार 512 अशासकीय सहायता प्राप्त और 21 हजार 23 वित्त विहीन कुल 27 हजार 892 माध्यमिक विद्यालय और संस्कृत शिक्षा के लिये 2 राजकीय, 971 सहायता प्राप्त और 267 वित्त विहीन कुल 1 हजार 240 विद्यालय संचालित है। वित्त मंत्री ने बताया कि पीएम श्री यानी प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इण्डिया योजना के लिए प्रदेश में 500 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। बजट में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपये व्यवस्था की गई है।

### उच्च शिक्षा में मिली यह सौगात

योगी सरकार ने विंध्याचल धाम मंडल में मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए। योगी सरकार ने देवीपाटन मंडल में मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। योगी सरकार ने मुरादाबाद मंडल में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए। यूपी में फिलहाल 19 राज्य विश्वविद्यालय, 1 मुक्त विश्वविद्यालय, 1 डीम्ड विश्वविद्यालय, 30 निजी विश्वविद्यालय, 172 राजकीय महाविद्यालय, 331 सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय और 7 हजार 372 स्ववित्त पोषित महाविद्यालय संचालित हैं।

# आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूर्ण करने वाला बजटः भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**▸ लोकहितकारी बजट के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ व वित्तमंत्री सुरेश खन्ना का आभार**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आज बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा पेश किये गए बजट को जनाकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बजट नए उत्तर प्रदेश-सशक्त उत्तर प्रदेश-समृद्ध उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आजादी के अमृतकाल के प्रथम वर्ष में नए उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को संकल्पित, लोकहित एवं जनकल्याणकारी, उत्कृष्ट बजट के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्तमंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों द्वारा बजट को लेकर की जा रही आलोचनाओं पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष की सोच और समझ कमजोर हो चुकी है। विपक्षी दलों की सरकारों में बजट के मायने भ्रष्टाचार और लूट का दस्तावेज होता था उन्हें योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ प्रदेशवासियों की उन्नति और प्रगति, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं, उद्यमियोंव्यापारियों सहित समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर लोककल्याण के



संकल्प के साथ पेश किये गए बजट की आलोचना करने का हक नहीं। उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि अन्त्योदय को समर्पित एवं उत्तर प्रदेश के समग्र विकास से समावेषित यह बजट निःसदेह गरीब, किसान, महिला, युवा सहित समाज के समस्त वर्ग की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सुरक्षा, चिकित्सा, कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इस बजट में फोकस किया गया है। बजट में बुंदेलखंड, पूर्वांचल, ब्रज, पश्चिम सहित सभी क्षेत्रों के उन्नयन के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। वास्तव में यह बजट नये उत्तर प्रदेश के लिए विकासोन्मुखी बजट साबित होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमने अपने लोककल्याण के लिए संकल्प पत्र में जनाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जो संकल्प लिए उनकी पूर्ति के लिए हम लगातार आगे बढ़ रहे है। बजट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से प्रदेश तथा प्रदेशवासियों की आर्थिक संमपन्नता के निश्चय को मजबूती प्रदान करने वाला है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बजट से ही इसकी शुरुआत हो चुकी है।



शेरवानी पहन कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने विधायकों के साथ विधान सभा बजट सत्र में जाते

## खबरें एक नजर में

### प्रत्याशियों ने अंतिम दिन जमकर किया प्रचार

लखनऊ। जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक चुनाव का आज शाम को चुनाव प्रचार थम गया। आज सभी प्रत्याशियों ने दोनों भवनों के 72 विभागों में जमकर प्रचार कर वोट मांगा तथा कल 23 फरवरी 2023 को होने वाले चुनाव में अपने-अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की पूरी टीम ने जमकर प्रचार किया और महासंघ के निवर्तमान महामंत्री सुशील कुमार बच्चा को रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए सभी वोटरों से अपील की और कहा कि श्री बच्चा महासंघ के लिए बहुत जरूरी है इसलिए इन्हें कर्मचारी हितों के लिए आवश्यक है। प्रचार करने वालों में महामंत्री पद के लिए सुशील कुमार बच्चा, उपाध्यक्ष पद के लिए आकिल सईद बब्लू , अमित खरे, उमंग निगम, संगठन मंत्री के लिए अभिनव त्रिपाठी, हेमंत कुमार, जगत नारायण सिंह, रघुराज सिंह, शिवपाल आदि ने जमकर प्रचार प्रसार किया और अपने-अपने पक्ष में वोट मांगा।

### इन्फिनिक्स ने उतारा सबसे सस्ता सेफ एवं फास्ट स्मार्ट सेवन फोन

लखनऊ। इन्फिनिक्स ने लेटेस्ट किफायती और बेहतरीन डिवाईस, सेफ और फास्ट स्मार्ट सेवन लॉच किया है। लाचिंग के अवसर पर इसकी कीमत मात्र 7299 रूपये रखी गई है। यह तीन आकृर्षक रंगों जैसे एमराल्ड ग्रीन, नाईट ब्लैक और एज्योर ब्लू में उपलब्ध हैं। राजधानी के भव्य होटल में स्मार्ट फोन की लांचिग के अवसर पर सीईओं इन्फिनिक्स इंडिया अनीष कपूर ने बताया कि यह फोन अन्य फोने के मुकालबे उतने ही फीचर के साथ आधी कीमत पर लाया गया है। ज्यादा ब्राईटनेस, बड़ा डिस्प्ले, शक्तिशाली बेटरी के साथ सिल्वर आयन्स के साथ पॉजिटिव चार्ज दिया गया है। जिसेस इसे एंटीमाइक्रोबियल सुरक्षा मिलती है। उन्होंन बताया कि उत्तर प्रदेश मोबाईल के लिए बड़ा बाजार है। राज्य में हमारे 170 से ज्यादा सर्विस सेन्टर है। नोएड़ा में फोन का उत्पादना किया जा रहा है। भारत में 1000 शहरों में 1186 सर्विस सेंटर उपलब्ध है। हम अपने पार्टनरों के साथ उत्तर प्रदेश के हर शहर में अपने ब्राण्ड उपलब्ध कराने की ओर अग्रसर है। 6000 एमएएच की बैटरी की लाइफ 25 प्रतिशत अधिक है। इस बैटरी द्वारा डिवाइस को 33 दिनों का स्टैंडबाय टाईम, 50 घन्टे का टॉकटाईम और लगभग 24 घंटे का वीडियों प्लेबैक टाईम मिलता है। इस तरह से यह स्मार्ट फोन अन्य 15 से 20 हजार कीमत के फोन का मुकाबला करने वाले फीचरों से भरपूर है।

### योगी सरकार का बजट जुमला बजटः संजय

**लखनऊ।** आप सांसद संजय सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में सरकारी नौकरियों के लिए कोई योजना नहीं है। आम आदमी किसान, युवा, महिलाओं के लिए लिये बजट जुमला बजट है। ये सरकार पिछले सत्र का बजट 50 फीसदी भी खर्च नहीं कर पाई। घोषित योजना सिर्फ फाइलों में सिमट कर रह गई, धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। इस साल के भारी-भरकम बजट के दावों पर कैसे भरोसा करें। यूपी की योगी सरकार का बजट जनता के साथ धोखा है, छलावा है। इस बजट में न फ्री बिजली की बात है, न फ्री गैस की बात है, न रोजगार की बात है, ना किसानों के हित की बात है। यह बजट पूंजीपतियों का बजट है।

### बजट में सिर्फ वादों की झड़ीः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये बजट को जनता के साथ छलावा बताते हुए कहा कि इस बजट में किसानों, नौजवानों और महिलाओं की पूरी तरीके से अनदेखी की गयी है। बजट में उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले बजट का ब्यौरा न देकर साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास और आय का झूठा प्रचार कर रही है।उन्होंने बजट को मात्र जुमलेबाजी बताते हुये कहा है कि बजट में जनता को बहुत उम्मीदें थी। महंगाई से त्रस्त उ0प्र0 की जनता की गरीबी, बेरोजगारी अशिक्षा, पिछड़ेपन से उत्पन्न बदहाली को दूर करने में प्रदेश सरकार पूरी तरह असफल दिख रही है तथा बजट में गन्ना किसानों की पूरी तरीके से अनदेखी की गयी है। कुल मिलाकर बजट पुनः वादो की झड़ी मात्र है।

### भाजपा सरकार का बजट मानवीय संवेदना विहीनः कांग्रेस

**लखनऊ।** विधानसभा में पर पेश आज के बजट से प्रदेशवासियों को निराशा हाथ लगी है। बजट मानवीय संवेदना विहीन है।कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि उम्मीद थी कि इस बजट में गन्ना किसानों को कुछ मिलेगा क्योंकि मंहगाई के दौर में 35 प्रतिशत से ज्यादा कृषि लागत बढ़ गई,गन्ना किसान की बढ़ती फसल पर तो सरकार की नजर है,लेकिन पहले से गन्ना मूल्य बढ़त की मांग कर रहे किसानों को सरकार ने धोखा दिया।45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी के दौर में युवाओं के रोजगार के लिए बजट में कोई ठोस इंतजाम नहीं, रोजगार के हवाई दावों और झूठे प्रचार से सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। 25000 निवेशकों के 19000 हजार एमओयू के बीच जमीनी हकीकत इस बजट के पेश होने पर बिलकुल इतर हो गई बजट में निवेशकों के लिए कोई प्रावधान नही तो कैसे निवेश होगा ?छोटे व्यापारियों को बजट में नजरंदाज किया गया, नए स्टार्टटप और एमएसएमई को प्रदेश में बढ़ाने के लिए कोई प्राथमिकता के प्रयास नही। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा आदित्यनाथ सरकार का ये बजट हवा हवाई है, और कागज पर सफेद स्याही से लिखा पुलिंदा है जिस तरीके से पिछले बजट सफेद हाथी साबित हुए।

### बजट उत्तर प्रदेश के विकास की गति को बढ़ाने वाला है बजटः संजय गुप्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में निश्चित रूप से चिकित्सा, शिक्षा ,महिला सुरक्षा, पर्यटन, धार्मिक क्षेत्रों में अधिक धनराशि का प्रावधान किए जाने से प्रदेश का समुचित विकास होगा। एमएसएमई क्षेत्र एवं स्टार्टअप के लिए धनराशि के आवंटन से नये उद्योग लगाने वालों को लाभ मिलेगा जिससे व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलने से भी प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी।

## राज्य कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजटः हरिकिशोर

लखनऊ। राज्य सरकार के वित्त मंत्री द्वारा आज विधानसभा में राज्य का वित्ती लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे देखने से उत्तर प्रदेश स्तर के कर्मचारियों को बेहद निराशा ही हाथ लगी। राज्य कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने कहा कि वर्ष 2023 2024 के बजट में उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस योजना के लाभार्थियों के लिए किसी प्रकार की घोषणा न किया जाना और आयुष्मान कार्ड धारक के फंड को न बढ़ाएं जाने पर भी गहरी निराशा हाथ लगी। वित मंत्री द्वारा आयुष्मान कार्ड धारको की संख्या दो करोड़ 34, लाख बतायी गई है। जबकि उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग 24, करोड़ से ऊपर है। इस प्रकार दस प्रतिशत लोंगों को भी सरकार ने चिकित्सा की तरफ ध्यान न देकर उन्हे भगवान भरोसे छोड़ दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि असाध्य रोगों की चिकित्सा जैसे घुटना प्रत्यारोप है लीवर प्रत्यारोपण कूल्हा प्रत्यारोपन पेट व मस्तिष्क एवं और हार्ट की बीमारियों के मात्र 4 सौ करोड़ की व्यवस्था की गई असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी समाज के लिए मात्र एक सौ करोड़ की व्यवस्था है जो वर्षभर उनके परिवार के जीवन यापन के लिए होगा। वित्त मंत्री द्वारा कहा गया है कि बाल श्रम में लगे कुल बच्चों में से मात्र 2 हजार को ही सरकार की योजना का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में लगभग 12 रुपया आवंटित किया जाना प्रस्तावित है मानव दिवसों के सृजन में जहाँ वर्तमान वित् वर्ष में 26लाख 29, हजार मानव दिवस सृजित किए गए। वहीं अगले वित् वर्ष में कितने मानव दिवसों का सृजन किया जाना है। परिषद के महामंत्री शिव बरन सिंह यादव ने कहा कि मान्व वित् मंत्री द्वारा समेकित रूप से घोषणा न करके विभागवार अलग अलग आंकड़ेबाजी दिखाई गई है जिसे न तो कर्महारा समाज और न ही श्रमिक का परिवार का जीवन यापन और चिकित्सा सुविधा जैसी आवश्यक सुविधाएँ मिलना मुश्किल हो जाएगा।

## बजट में मेडिकल सेक्टर को मिला 20 हजार करोड़ से अधिक का तोहफा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**यूपी के** मेडिकल क्षेत्र में 20 हजार करोड़ से अधिक का बजट जारी किया गया है, जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए कुल 17 हजार 3 सौ 25 करोड़ और चिकित्सा शिक्षा के लिए 2 हजार 8 सौ 37 करोड़ 39 लाख की धनराशि जारी की गई है।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि योगी सरकार का प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने पर खासा फोकस रहता है। ऐसे में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सबसे अधिक 12 हजार 6 सौ 31 करोड़ की धनराशि जारी की गई है ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। इसी तरह प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के लिए 1,655 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्च र मिशन योजना के तहत प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में हेल्थ वेलनेस सेन्टर, क्रिटिकल केयर यूनिट, शहरों में इन्ट्रीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना, नेशनल सेन्टर फॉर डिजीजेज कन्ट्रोल के सुदृढ़ीकरण, हेल्थ इंफॉरमेशन के विस्तार के लिए पोर्टल की स्थापना, इमजरजेंसी आपरेशन सेन्टर एवं मोबाइल यूनिट हॉस्पिटल की स्थापना आदि कार्यों के लिए 1,547 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गई है। बजट में चिकित्सा शिक्षा को भी विशेष महत्व दिया है। योगी सरकार ने प्रदेश में एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की योजना को और रफ्तार देने के लिए 14 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना एवं संचालन के लिए 2491 करोड़ 39 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। मालूम हो कि प्रदेश के 45 जिलों में मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं जबकि 14 जनपदों में मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं। वहीं 16 जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना पीपीपी मॉडल पर की जा रही है। 14 मण्डलीय कार्यालयों तथा प्रयोगशालाओं भवन निर्माण, मशीनों तथा उपकरणों के लिये 200 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। बजट में आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 400 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। भारत सरकार द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को क्रमबद्ध तरीके से क्रियाशील हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेण्टर्स में परिवर्तित किया जा रहा है। ऐसे में कन्वर्जन ऑफरूरल सब हेल्थ सेन्टर्स एण्ड पीएचसी टू हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स के लिए 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुरूप लगभग 407 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 320 करोड़, आयुष्मान भारत के तहत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लिए 250 करोड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपकरण खरीदने के लिए 100 करोड़ की धनराशि जारी की है। वहीं प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के कायाकल्प के लिए 15 करोड़ दिये हैं। असाध्य रोगों के इलाज के लिए 100 करोड़ आवंटित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेण्ट की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए 26 करोड़ दिये गये हैं।




त्रिलोकी नाथ रेड स्थित रालेद के प्रदेश कार्यालय में मण्डल अध्यक्षो व अन्य प्रदेश के मदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी राष्ट्रीय सचिव ओमकार सिंह प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय समृद्धि न्यूज

## किसानों की ही उपेक्षा करती है सरकारः त्यागी

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष तथा महानगर अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी रहे। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव ओंकार सिंह, टीम आरएल डी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा, प्रदेश संगठन महासचिव अजित राठी और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ममता शुक्ला, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष राम सिंह पटेल सहित प्रदेशीय, क्षेत्रीय, मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने पत्रकारो से वार्ता करते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान निरन्तरता के साथ चलता रहेगा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की तरफ बिल्कुल नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों की अनदेखी करते चले आ रहे हैं। पंजाब में गन्ने का भाव उ0प्र0 से 40 रुपये अधिक है और हरियाणा सरकार ने भी 10 रुपये की बढोत्तरी की है परन्तु उ0प्र0 में किसानों की बिजली का बिल बढ़ा दिया गया है खाद की बोरी 5 किलो कम कर दी गयी है जबकि 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने का वादा था लेकिन वास्तविकता यह है कि आय कम हो गयी है। श्री त्यागी ने कहा कि सरकार को एक ऐसा फण्ड बनाना चाहिए जिसका प्रयोग गन्ना मूल्य के बकाया भुगतान में किया जाय। जो भी गन्ना मिल गन्ना किसानों का भुगतान रोके उसका भुगतान इसी फण्ड से सरकार द्वारा किया जाय और मिल मालिकों से ब्याज समेत सरकार स्वयं वसूल करे। पूर्वी उ0प्र0 में गन्ना की पैदावार बहुत अधिक होती थी परन्तु आज मिले बंद होती जा रही है जिसका मुख्य कारण किसानों की अवहेलना है किसानों से आलू प्याज सस्ता खरीदकर बाजार में पूंजीपतियों द्वारा 4 गुने मूल्य पर बेचा जाता है।

## बजट में महिला, गांव, गरीब किसान व कामगारों को प्रमुखता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा रेशम मंत्री राकेश सचान ने आज विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 6,90,242.43 करोड़ रुपये के प्रस्तुत किये गये बजट को ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में महिला, युवा, गांव, गरीब, किसान तथा कामगारों सहित सभी वर्गों के हितों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बधाई के पात्र हैं। उत्तर प्रदेश का बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के इतिहास में नए स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा।श्री सचान ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने हेतु यूनिट मॉल की स्थापना हेतु 200 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभान्वित लाभार्थियों को ब्याज उपादान की सुविधा दिये जाने हेतु 10 करोड़ रुपये बजट की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में माटी कला के परंपरागत कारीगरों को रोजगार से जोड़ने के लिए 10 करोड़ रुपये बजट का प्राविधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए उ0प्र0 टेक्सटाइल गारमेंटिंग पालिसी-2022 हेतु 150 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इसके अलावा गारमेंटिंग नीति-2017 के तहत भी 175 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पावरलूम बुनकरों को रियायती दरों पर विद्युत उपलब्ध कराने हेतु 345 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है।

## गरीबों, वंचितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित है अमृत काल का जनाकांक्षी बजटः कपिल देव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**सबका** साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मूलमंत्र के अनुरूप नए उत्तर प्रदेश का बजट प्रदेश के गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं, उद्यमियों व व्यवसायियों समेत समाज के हर तबके के हितों की पूर्ति करने वाला होगा। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को पेश किये गये बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह गरीबों, वंचितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित अमृत काल का जनाकांक्षी बजट है। यह बजट उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने तथा 1 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास की जिम्मेदारी संभाल रहे मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने विभाग से संबंधित बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश में 305 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें विभिन्न व्यवसायों की 1,72,872 सीटें उपलब्ध हैं। प्रदेश के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में से 47 में महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु महिला शाखा संचालित कराई जा रही है। सम्पूर्ण प्रदेश में महिलाओं हेतु 12 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वतन्त्र रूप से संचालित हो रहे हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में 2963 से अधिक निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 4.58 लाख से अधिक सीटें युवाओं के प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध हैं। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजीज लि0 की सहभागिता से प्रदेश के राजकीय क्षेत्र के 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के तकनीकी उन्नयन की योजना के अन्तर्गत आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना की लागत 5000 करोड रूपये से अधिक है जिसमें 88 प्रतिशत अंश टाटा टेक्नोलाजी लि0 द्वारा तथा 12 प्रतिशत अंश राज्य सरकार द्वारा लगाया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा परियोजना हेतु 10 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में कार्यशाला, प्रशिक्षण कक्ष इत्यादि के निर्माण के लिये 477 करोड़ रूपये का व्यय वहन किया जायेगा।

### बजट सर्वस्पर्शी और जनकल्याणकारीः धर्मपाल सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास,अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ एवं हज, राजनैतिक पैंशन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2023-24 के बजट की सराहना करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा है कि बजट में लोक कल्याण संकल्प पत्र के अनुसार प्रदेश के समग्र विकास एवं गांव, गरीब, किसान श्रमिक, युवाओं एवं महिलाओं के साथ सभी वर्गा के हितों का ध्यान रखा गया है। यह सर्वस्पर्शी और जनकल्याणकारी है और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में समर्थ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में उत्तर प्रदेश के वर्तमान दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्जीवित करने की योजना हेतु 86 करोड़ 95 लाख रुपये, नन्द बाबा दुग्ध मिशन के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 61 करोड़ 21 लाख रुपये तथा जनपद मेरठ व वाराणसी में डेयरी परियोजनाओं हेतु 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति, 2022 के अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाले दुग्ध उद्योग की इकाईयों को वित्तीय अनुदान, रियायतें एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु 25 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। जिससे दुग्ध उत्पादन को नई दिशा मिलेगी।

# बजट में छात्रों के लिए बड़ा तोहफा, 3600 करोड़ रुपए से मिलेंगे टैबलेट-स्मार्टफोन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज यानी बुधवार को यूपी विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। उन्होंने शायराना अंदाज में बजट भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि, श्योगी जी का बजट बना है, यूपी की खुशहाली का। ये अदभूत रंगीन करेगा, आने वाली होली को। वित्त मंत्री ने बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए छात्रों को टैबलेट-स्मार्टफोन देने के लिए 3600 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वभौमिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। प्रदेश में बेसिक शिक्षा के अधीन शासकीय,अशासकीय लगभग 2,23,712 विद्यालय संचालित हैं, जिसमें सभी बच्चों के लिए 01 से 03 किलोमीटर की परिधि में विद्यालय की सुविधा उपलब्ध है। समग्र शिक्षा अभियान हेतु 20,255 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।



ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास एवं उन्हें स्मार्ट विद्यालयों के रूप में विकसित करने की कार्य योजना है । इस हेतु वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है।केन्द्र सरकार की सहायता से पी0एम0 श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इण्डिया) नामक नई योजना प्रदेश में क्रियान्वित किये जाने हेतु 510 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की नई योजना हेतु 300 करोड़ रूपये व्यवस्था की गयी है।गरीबी रेखा के ऊपर के लगभग 28 लाख छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण हेतु 50 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा-1 से 08 तक अध्ययनरत लगभग 02 करोड़ छात्र-छात्राओं के उपयोगार्थ नि:शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है ।कक्षा 01 से 08 तक के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्कूल बैग उपलब्ध कराये जाने हेतु 350 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।वनटांगिया गावों में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संचालन एवं निर्माण हेतु 11 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम- 2009 के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को वित्तीय वर्ष 2023-2024 में प्रवेश दिलाये जाने हेतु 40 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है ।वर्तमान में प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा परिषद से सम्बन्धित सामान्य शिक्षा हेतु 2357 राजकीय, 4512 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 21,023 वित्त विहीन कुल 27,892 माध्यमिक विद्यालय तथा संस्कृत शिक्षा के लिये 2 राजकीय, 971 सहायता प्राप्त एवं 267 वित्त विहीन कुल 1240 विद्यालय संचालित है। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से मान्यता प्राप्त अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्त पोषित विद्यालयों के भवनों के अनुरक्षण, सम्वर्द्धन के लिये विद्यालय की परिसम्पत्तियों का उपयोग करते हुये विद्यालयों की आय बढ़ाने की योजना प्रस्तावित है।

केन्द्र सरकार की सहायता से पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इण्डिया) नामक नई योजना प्रदेश में क्रियान्वित किये जाने हेतु 500 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की नई योजना हेतु 300 करोड़ रूपये व्यवस्था की गयी है।समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन हेतु 1003 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत 500 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।संस्कृत विद्यालयों की परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु 100 करोड़ रूपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिये 10 करोड़ रूपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। स्ववित्त पोषित विद्यालयों में निर्धारित आय सीमा से कम आय वाले माता-पिता की दूसरी बच्ची की फीस प्रतिपूर्ति हेतु 5 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।प्रदेश में उच्च शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु वर्तमान में 19 राज्य विश्वविद्यालय, 01 मुक्त विश्वविद्यालय, 01 डीम्ड विश्वविद्यालय, 30 निजी विश्वविद्यालय, 172 राजकीय महाविद्यालय, 331 सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 7372 स्ववित्त पोषित महाविद्यालय संचालित हैं। नैक रैंकिंग में लखनऊ एवं गोरखपुर विश्वविद्यालयों को ए-डबल प्लस श्रेणी प्राप्त हुई है। इसी प्रकार, के0 जी0एम0यू0 को भी नैक रैंकिंग में ए-प्लस श्रेणी प्राप्त हुई है। मदन मोहन मालवीय तकनीकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को ए श्रेणी प्राप्त हुई है। भारत में प्रथम बार किसी कृषि विश्वविद्यालय को नैक रैंकिंग प्रदान हुई है और यह श्रेय प्रदेश के कानपुर कृषि विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में से एमिटी विश्वविद्यालय को ए-श्रेणी तथा शारदा विश्वविद्यालय, गलगोटिया विश्वविद्यालय एवं जी.एल.ए. विश्वविद्यालय को ए-प्लस श्रेणी प्राप्त हुई है। प्रदेश में प्रथम बार 11 विश्वविद्यालयों द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग की तैयारी कर सहभाग लिया है। चार विश्वविद्यालय विश्वस्तरीय रैंकिंग हेतु क्यू.आई.एस. रैंकिंग में भाग ले रहे हैं।विन्ध्याचल धाम मण्डल में माँ विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये 50 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है ।देवीपाटन मण्डल में माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 50 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुरादाबाद मण्डल में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 50 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है ।ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु 300 करोड़ रूपये व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 201 राजकीय संस्थायें एवं 19 अनुदानित संस्थायें अर्थात 220 संस्थायें स्वीकृत हैं जिनमें से 168 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 52 राजकीय पालीटेक्निक निर्माणाधीन अवस्थापना की प्रक्रिया में हैं, जिन्हें निकट भविष्य में पी0पी0पी0 मोड पर संचालित किया जाना है।वर्तमान में 1372 निजी क्षेत्र की डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में छात्रध्छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा है। वर्तमानत: राजकीय अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की समस्त संस्थाओं को सम्मिलित करते हुये कुल प्रवेश क्षमता 223779 है।छात्र,छात्राओं को अधिक रोजगार तथा इमर्जिंग टेक्नोलाजी आधारित उद्योग हेतु मैनपावर उपलब्ध कराने के दृष्टिगत सत्र 2022-23 से छमू । हम ब्वनतेम के अन्तर्गत 04 पाठ्यक्रम यथा डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सेक्यूरिटी एवं ड्रोन टेक्नोलाजी में शिक्षण प्रशिक्षण 21 राजकीय पालीटेक्निकों में प्रारम्भ किया गया है, जिसमें प्रवेश क्षमता 1575 है। राजकीय पॉलीटेक्निकों की स्थापना एवं अवस्थापना विकास हेतु क्रमश: 50 करोड़ रूपये एवं 33 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोण्डा, बस्ती, प्रतापगढ़ तथा मीरजापुर में कक्षाओं के संचालन हेतु 1.50-1.50 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्राविधिक शिक्षा विद्यालयोंध् अभियंत्रण संस्थाओं में पूर्व से निर्मित भवनों के जीर्णोद्धार एवं अनुरक्षण हेतु 2 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।प्रदेश में 305 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें विभिन्न व्यवसायों की 1,72,872 सीटें उपलब्ध हैं। प्रदेश के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में से 47 में महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु महिला शाखा संचालित कराई जा रही है। सम्पूर्ण प्रदेश में महिलाओं हेतु 12 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वतन्त्र रूप से संचालित हो रहे हैं।सम्पूर्ण प्रदेश में 2963 से अधिक निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 4.58 लाख से अधिक सीटें युवाओं के प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध हैं। टाटा टेक्नोलॉजीज लि0 की सहभागिता से प्रदेश के राजकीय क्षेत्र के 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के तकनीकी उन्नयन की योजना के अन्तर्गत आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है । परियोजना की लागत 5000 करोड़ रूपये से अधिक है जिसमें 88 प्रतिशत अंश टाटा टेक्नोलाजी लि0 द्वारा तथा 12 प्रतिशत अंश राज्य सरकार द्वारा लगाया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा परियोजना हेतु 10 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में कार्यशाला, प्रशिक्षण कक्ष इत्यादि के निर्माण के लिये 477 करोड़ रूपये का व्यय वहन किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में परियोजना के लिए 940 करोड़ रूपये की व्यवस्था करायी गयी है।परियोजना के फलस्वरूप प्रतिवर्ष लगभग 30,000 छात्र प्रशिक्षित होंगे।

## आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला बजटः राज्यपाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान मण्डल में प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का बजट है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। यह प्रदेश न केवल भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है बल्कि गंगा के उपजाऊ मैदानों के किनारे प्रदेश में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन विद्यमान है। इस बजट से उत्तर प्रदेश का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा समाज के हर वर्ग के हितों की पूर्ति करने का प्रयास किया गया है। बजट में अन्न आपूर्ति योजना, उज्ज्वला योजना, रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वास्थ्य बीमा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण पर विशेष बल दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणात्मक सुधार के लिए अनेक कल्याणकारी योजानाओं की शुरूआत की गयी है, जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की चिकित्सा व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के लिए 'एक जनपद एक मेडिकल कालेज' के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश सरकार के प्रस्तुत बजट अवस्थापना विकास, जन स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, सुरक्षा, स्वदेशी को बढ़ावा, कार्यक्रमों को गति देने वाला तथा सभी वर्गों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला है।

## उत्तर प्रदेश सरकार का बजट हर वर्ग की आकांक्षाओं पर खरा उतरने वालाः भाजपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश किये गये बजट को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने युवा, महिला, गरीब, किसान हर वर्ग की आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला बजट करार दिया है। वहीं, विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के स्वार्थ के लिए वादों का पिटारा खोला गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को ट्वीट किया, अंत्योदय को समर्पित एवं उत्तर प्रदेश के समग्र विकास से समावेषित यह बजट नि:संदेह गरीब, किसान, महिला, युवा, समेत समाज के समस्त वर्ग की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। चौधरी ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य्मंत्री योगी आदित्य्नाथ के नेतृत्व में यह बजट उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे आजादी के 'अमृत काल' के प्रथम वर्ष में नए उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को संकल्पित लोकहित एवं जनकल्याणकारी, उत्कृष्ट व अप्रत्याशित बजट बताते हुए आभार प्रकट किया। बजट को राज्य्य की मुख्य्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने 'दिशाहीन और निराशाजनक' करार देते हुए कहा है कि यह बजट न तो वर्तमान समस्याओं का समाधान पेश करता है और न ही भविष्य के किसी भी फैसले को आगे ले जाने का कोई रास्ता दिखाता है। वहीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्य्मंत्री मायावती ने बुधवार को राज्य्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए पेश किये गये बजट को ऊंट के मुंह में जीरा करार देते हुए इसे जनहित व जनकल्याण का कम एवं लोकसभा चुनाव स्वार्थ को लेकर पुन: वादों का पिटारा कहा है।

# उप्र बजट में बेटियों से लेकर निराश्रित महिलाओं तक के लिए धनराशि का प्रावधान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में बेटियों से लेकर निराश्रित महिलाओं के लिए धनराशि का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में प्रस्ष्तुत किये गये बजट में बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1,050 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा निराश्रित विधवाओं के भरण-पोषण के लिए 4032 करोड़ रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। महिला सामर्थ्य योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 63 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि स्व वित्त पोषित विद्यालयों में निर्धारित आय सीमा से कम आय वाले माता-पिता की दूसरी बच्ची की फीस प्रतिपूर्ति के लिए पांच करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। सरकार ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं, बालिकाओं को आर्थिक एवं चिकित्सीय सहायता के लिए वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 56 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की है। खन्ना ने बजट भाषण में घोषणा की कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्थापित पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों एवं नैफेड के माध्यम से टेक होम राशन के रूप में छह माह से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण की योजना को मूर्त रूप देने के लिए के बजट में 291 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिये आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा के लिए 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था इस बजट में की है। इसके अलावा छह वर्ष तक के बच्चों के कुपोषण में कमी लाने व गर्भवती, धात्री महिलाओं में एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण अभियान संचालित किया जाएगा जिसके लिए इस वित्तीय वर्ष के लिए 455 करोड़ 52 लाख रुपये की बजट व्यवस्था की गयी है। वहीं निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन सत्र 2023-2024 से प्रारम्भ होगा। बचे हुए निर्माण के लिए 63 करोड़ रुपये तथा उपकरण आदि के क्रय के लिए लगभग 50 करोड़ रुपये

# पुलिस विभाग को मजबूत करने के लिए 2260 करोड़ रुपये का प्रस्ताव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश किये गये बजट में पुलिस विभाग को मजबूत करने के लिए 2260 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सरकार ने साथ ही दावा किया कि 2016 (पिछली समाजवादी पार्टी के सरकार) की तुलना में राज्य में अपराध में भारी कमी आई है। राज्य्य सरकार ने वर्ष 2023-24 के बजट में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने और उसके प्रभावी नियंत्रण के लिए 2260 करोड़ रुपये की धनराशि दी है। इससे जहां पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी आवास की सुविधा मिलेगी, वहीं विभिन्न जिलों के कमिश्नरेट कार्यालय अपनी भूमि पर संचालित होंगे। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ आबादी को सुरक्षित माहौल देने, कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्षम एवं सुदृढ़ करना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही महिलाओं एवं समाज के कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करके उन्हे सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के प्रति योगी सरकार निरन्तर प्रयासरत है। बजट में प्रदेश के विभिन्न शहरों (लखनऊ, नोएडा, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर नगर, प्रयागराज) में लागू पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्यालय और कार्यालय से जुड़ी अन्य गतिविधियों के संचालन के लिए 850 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। सरकार ने वर्ष 2023-24 के बजट में सबसे बड़ी धनराशि पुलिस विभाग को आवासीय सुविधा के लिए दिये हैं। पुलिस विभाग को आवासीय सुविधा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शहरी क्षेत्रों में आवासीय सुविधा के लिए 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। खन्ना ने बताया कि प्रदेश में आपदाओं से निपटने वाली एसडीआरएफ (राज्य अपादा मोचन बल) को नये वाहनों की खरीद के लिए 10 करोड़ की धनराशि दी गई है ताकि वह और मजबूती से आपदा से निपट सकें। विधानसभा में राज्य का बजट पेश करते हुए खन्ना ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पुलिस बल को प्रभावी तरीके से कानून व्यवस्था के समक्ष चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2022 में अपराध की घटनाओं में कमी देखी गई है। उन्होंने दावा किया कि जनवरी 2022 से नवबंर तक वर्ष 2016 के सापेक्ष डकैती में 79.83 प्रतिशत, लूट में 63.49 प्रतिशत, हत्या में 33.89 प्रतिशत, बलवा में 53.22 प्रतिशत, चोरी में 17.22 प्रतिशत और फिरौती के लिए अपहरण में 44 प्रतिशत की कमी आयी है। खन्ना के मुताबिक उपरोक्त अवधि में महिलाओं के खिलाफ घटित अपराधों में दहेज मृत्यु में 15.81 प्रतिशत, बलात्कार में 21.24 प्रतिशत व अपहरण में 9.17 प्रतिशत की कमी आयी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रदेश के प्रत्येक परिक्षेत्र में साइबर अपराध पुलिस थाना की स्थापना की गयी है। प्रदेश के समस्त थानों में (1531) साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर बेसिक साइबर फॉरेंसिक लैब एवं पुलिस मुख्यालय पर एडवांस्ड डिजिटल साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना कराई जा रही है। वित्तमंत्री ने कहा कि कर्तव्य पालन के दौरान शहीद, मृत पुलिस कर्मियों एवं केन्द्रीय अर्द्ध सैन्य बलों,अन्य प्रदेशों के अर्ध सैन्य बलों अथवा भारतीय सेना में कार्यरत रहते हुए उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी 73 शहीद ध् मृत कर्मियों के आश्रितों को 17 करोड़ 96 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी।

# उत्तर प्रदेश बजटः 17 हजार किसान पाठशालाओं को होगा आयोजन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रस्तावित बजट में किसानों को तरजीह दी और उनको प्रशिक्षित करने के लिए धनराशि का प्रावधान किया है। किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से राहत देने के लिए सरकार ने आवारा पशुओं के रखरखाव के लिए 750 करोड़ रुपये और गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए 120 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बजट भाषण पढ़ते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ष्ना ने कहा कि कृषकों की आय में अभिवृद्धि हेतु कृषि शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान के साथ-साथ प्रसार कार्यक्रमों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों में 'एग्रीटेक स्टार्टअप' योजना हेतु 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। खन्ष्ना ने बताया कि 'द मिलियन फार्मर्स स्कूल' हेतु किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'द मिलियन फार्मर्स स्कूल' हेतु वर्ष 2023-24 में 17,000 किसान पाठशालाओं का आयोजन प्रस्तावित है। राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) योजना हेतु 631 करोड़ 93 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग) योजना हेतु 113 करोड़ 52 लाख रुपये की व्यवस्था बजट में की गई है। कृषकों के लिए निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति हेतु 1950 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है जबकि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु 984 करोड़ 54 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। बजट में किसानों की आय में वृद्धि हेतु कृषि शिक्षा, शोध व अनुसंधान पर जोर दिया गया।महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। कृषि विवि कानपुर, अयोध्ष्या, बांदा तथा मेरठ में अवस्थापना कार्यो के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। सरकार ने राष्ट्रीय फसल बीमा योजना हेतु 753 करोड़ 70 लाख रुपये की व्यवस्था की है। उप्र मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु 55 करोड़ 60 लाख रुपये की व्यवस्था की गई। बजट में पं0 दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना हेतु 102 करोड़ 88 लाख रुपये की व्यवस्था है। बजट में आत्मनिर्भर कृषक समन्वित योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार ने दलहन और तिलहन बीज मिनी किट वितरण योजना हेतु 15-15 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बजट में कृषि विपणन सुविधाओं के लिए पुलों एवं सड़कों के निर्माण कार्य के लिए 3473 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अलावा मुख्य सिंचाई परियोजना के लिए 5332 करोड़ 50 लाख रुपये, मध्ष्यम सिंचाई परियोजना के लिए 2220 करोड़ 20 लाख रुपये तथा लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3400 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। नवीन राजकीय नलकूपों के लिए 502 करोड़ एवं 569 असफल राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। खन्ना ने बजट भाषण में किसानों के लिए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में चलाई गयी योजनाओं का भी ब्योरा दिया और कहा कि किसान कल्याण पर योगी सरकार का पूरा ध्यान है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लगभग 46 लाख 22 हजार गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अब तक एक लाख 96 हजार करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया, जो वर्ष 2012 से 2017 तक की अवधि में किये गये कुल गन्ना मूल्य भुगतान 95 हजार 125 करोड़ रूपये से 86 हजार 728 करोड़ रूपये अधिक है।

## आवारा पशुओं से निपटने के लिए 750 करोड़ रुपये का प्रावधान

## बजट को युवा मंच ने बताया निराशाजनक

**लखनऊ।** युवा मंच ने प्रेस को जारी बयान में निराशाजनक बताते हुए कहा कि प्रदेश में रिक्त पड़े 6 लाख से ज्यादा पदों को भरना सरकार के एजेंडे में नहीं है। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि आज पेश बजट से स्पष्ट है कि योगी सरकार रोजगार संकट को हल करने के लिए कतई गंभीर नहीं है। प्रदेश में रोजगार सृजन के दावे कतई विश्वसनीय नहीं हैं। सच्चाई यह है कि यहां बेरोजगारी की समस्या विगत वर्षों में गंभीर हुई है। प्रदेश के युवाओं अन्य राज्यों में रोजीरोटी की तलाश में बढ़ता पलायन बेरोजगारी की समस्या में इजाफा होने का ज्वलंत उदाहरण है। कहा कि कारपोरेट्स को भारी रियायतें देकर न तो प्रदेश का विकास संभव है और न ही शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार जैसे सवालों को ही हल किया जा सकता है। कृषि आधारित और कुटीर-लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर यानी इनके लिए उपयुक्त तकनीक, पर्याप्त पूंजी और बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित कर ही प्रदेश का समावेशी विकास हो सकता है और रोजगार का सवाल हल किया जा सकता है।

# एक्सप्रेस-वे के किनारे होगा औद्योगिक गलियारों का सृजन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने सदन के तीसरे दिन आज प्रदेश का बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में जन विकास के सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा है। सदन में प्रस्तुत बजट में सरकार ने औद्योगिक विकास के लिए अनेक सुधारात्मक योजनाओं के साथ-साथ एक्सप्रेसवेज के किनारों को रोजगार सर्जन के क्षेत्रों से जोड़ने की योजना शामिल किया है।वित्तमंत्री ने बजट पेश करते हुए बताया कि आईटी आईटीईएस डेटा सेन्टर, ईएसडीएम डिफेंस एवं एयरोस्पेस इलेक्ट्रिक वाहन वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिये 25 नीतियां प्रख्यापित की हैं, जिनसे प्रदेश में समेकित औद्योगिक विकास के लिये एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गये हैं। प्रदेश में त्वरित परिवहन के दृष्टिगत कई एक्सप्रेसवेज का निर्माण किया जा रहा है। द्रुत परिवहन के साथ एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ औद्योगिक व्यावसायिक गतिविधियां तेज होगी, जो प्रदेश के आर्थिक विकास में सहायक होगी। पांच लाख रोजगार सृजन करने के उद्देश्य से प्रदेश में बनाये जा रहे एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक गलियारों के सृजन का निर्णय लिया गया है। इससे युवाओं को रोजगार मिलने के साथ औद्योगिक विकास का वातावरण बनेगा और भविष्य में और विकास के रास्ते खुलेगें।वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया प्रदेश के एक्सप्रेस वे के किनारों को औद्योगिक निर्माण के अनुरुप बनाने की योजना को भी बजट में रखा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे एवं बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के किनारे छह स्थानों पर औद्योगिक निर्माण संकुल बनाने का निर्णय लिया गया है। इनमें से चार संकुल पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे तथा दो संकुल बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के किनारे बनाये जाने प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार द्वारा पहला इन्वेस्टर्स समिट फरवरी 2018 में आयोजित किया गया जिसमें प्राप्त निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष लगभग चार लाख करोड़ से अधिक का निवेश हो चुका है।भारत व्यवसाय में सुगमता की रैंकिंग में 12 स्थानों का सुधार करते हुये उत्तर प्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर आ गया है। सफलता के पश्चात राज्यों की अचीवर्स श्रेणी में सम्मिलित होना इसका स्पष्ट प्रमाण है। प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना एवं विकास हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## पांच लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

# एटीएम से छेड़छाड़ करने वाले दो ठग गिरोह गिरफ्तार

## विभिन्न बैंकों का 9 एटीएम कार्ड बरामद

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

आई0डी0बी0आई0 बैंक के ब्रांच हेड उदित कुमार द्वारा थाना कोतवाली नगर में प्रार्थना पत्र दिया गया कि बीते 12 जनवरी कोआई0डी0बी0आई0 बैंक की गोण्डा शाखा में लगे एटीएम मशीन में धोखाधड़ी करके 15 हजार रूपय की चोरी की गयी है। जिसकी जानकारी बैंक को 31 जनवरी को फेल ट्रैंजेक्शन का निस्तारण करते समय लगी। आई0डी0बी0आई0 बैंक के ब्रांच हेड उदित कुमार के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। शिवराज के पर्यवेक्षण में टीमें गठित कर साइबर अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने का आदेश दिया था। साइबर सेल/सर्विलांस सेल/एस0ओ0जी0 टीम ने

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना उमरीबेगमगंज व साइबर सेल/सर्विलांस सेल/एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम द्वारा उक्त घटना में



अन्तर्राजीय साइबर अपराधियों में वाहिद, पुत्र अजीत खां निवासी अली गंज एटा फैजान खान पुत्र अकील निवासी मेवाती नगला थाना तरब गंज आगरा को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से विभिन्न बैंको से 9 एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन, एटीएम खोलने में प्रयुक्त सामग्री एक स्विफ्ट डिजायर व 2100 रुपये बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना उमरीबेगमगंज में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया की एटीएम मशीन में कार्ड लगाकर ट्रांजैक्शन से संबंधित समस्त कार्यवाही को पूरा करते थे और जैसे ही पैसा एटीएम मशीन की ट्रे से बाहर आने वाला होता था हम एटीएम मशीन का पावर सप्लाई का तार निकाल देते थे जिससे ट्रांजैक्शन फेल हो जाता था और पैसा ट्रे से बाहर निकल आता था अगर पैसा बाहर आने में कोई समस्या होती थी तो हम उसे अपने पेचकस और वायर से बाहर निकाल लेते थे इसके बाद बाहर निकल कर बैंक कस्टमर केयर को फोन कर ट्रांजैक्शन फेल की शिकायत दर्ज करा देते हैं बैंकिंग नियमों के अनुसार कुछ दिनों में धनराशि हमारे खाते में वापस आ जाती थी इस तरीके से हमने कई जिलों और कई राज्यों में ठगी की है।

# कोतवाली कर्नलगंज पुलिस डकैती की गंभीर घटना के एक महीने बाद भी खुलासा करने में नाकाम

कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।

**पीड़ित न्याय के लिए पुलिस अधिकारियों के काट रहे चक्कर**

कोतवाली क्षेत्र के बालपुर चौकी अन्तर्गत ग्राम बटौरा बख्तावर में एक महीने पहले हुई लाखों रूपये के जेवर व नकदी की डकैती की गंभीर घटना पुलिस महकमे की जांच पड़ताल में गुम हो गई है।वहीं पुलिस इस घटना का खुलासा करना तो दूर बदमाशों का अभी सुराग तक नहीं लगा सकी है। जिससे पीड़ित न्याय के लिए पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के बालपुर चौकी अन्तर्गत बटौरा बख्तावर गांव से जुड़ी है। जहां बदमाशों ने बीते माह 13 जनवरी को धावा बोलकर गांव के रहने वाले भूप किशोर सिंह ,संजय सिंह और विष्णु प्रताप तिवारी के घरों से करीब दस लाख रूपये के जेवर व नकदी उठा ले गए थे। बदमाशों ने एक युवती को मारपीट कर घायल भी कर दिया था। घटना के संबंध में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका कामिनी तिवारी ने कोतवाली कर्नलगंज में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची थी और घटना की छानबीन की थी। लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका था। घटना के एक महीने बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी है तथा घटना का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। वहीं पीड़ित परिवार कोतवाली के चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में सुधीर सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज का कहना है कि पुलिस टीमें लगी हैं और घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ग्राम प्रधान ने बिखेरा जलवा, बढ़ाया गौरव



**जिले के अधिकारियों ने पुष्प देकर किया सम्मानित**

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

सतत विकास लक्ष्यों के अन्तर्गत बीते 17 से 19 फरवरी तक उड़ीसा राज्य में गोण्डा जनपद के ग्राम पंचायत सर्वांगपुर के ग्राम प्रधान द्वारा अपने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को समस्त प्रदेश के समक्ष प्रस्तुत कर जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया। अंतराष्ट्रीय मंच पर प्रतिभाग करने के उपरांत जनपद वापसी पर मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा ग्राम पंचायत सर्वांगपुर के प्रधान उमापति त्रिपाठी को पुष्प देकर स्वागत किया गया और सतत विकास की प्रकिया को आगे बढ़ाने के लिऐ उनका हौंसला अफजाई किया।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों एवं न्यायालयों का औचक निरीक्षण, संबंधित को दिए आवश्यक निर्देश

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

आज बुधवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों एवं न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर सभी कार्यालयों में एवं न्यायालयों में साफ-सफाई व्यवस्था एवं अपर जिलाधिकारी न्यायालय, मुख्य राजस्व अधिकारी न्यायालय, डीडीसी न्यायालय, एसओसी न्यायालय, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, भूलेख कार्यालय, परिवार लिपिक, नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय, विनियमित क्षेत्र, जिला सूचना कार्यालय, जिला प्रोवेशन कार्यालय, चकबन्दी कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट परिसर के सभी कार्यालयों एवं न्यायालयों व



अन्य सभी ऑफिसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, तहसीलदार न्यायिक राजीव मोहन सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी नईम, नाजिर सदर वीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि कलेक्ट्रेट परिसर के सभी कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा फाइलों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही कार्यालय के सभी पटल सहायकों व कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि यहां पर आने वाले आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े उनके समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, अपर उप जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह, तहसीलदार न्यायिक राजीव मोहन सक्सेना सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस, पीड़ित सीसीटीवी की देता रहा दुहाई

कटरा बाजार /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

इंडियन बैंक हलधरमउ से पैसा निकालने गये युवक की जेब से चोरो ने बत्तीस हज़ार पर हाथ साफ कर दिया।वारदात बैंक मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैंद हुई।युवक ने इसकी पुलिस से की। शिकायत के बाद भी पुलिस ने हीलाहवाली करते हुए केस दर्ज नही किया। उक्त मामले में युवक ने 22 फरवरी को पुलिस कप्तान से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

मामला थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पुलिस चौकी का है। कौड़हा जगदीशपुर निवासी प्रेम सिंह ने 20 फरवरी को पुलिस चौकी में दिए हुए शिकायती पत्र में कहा है कि वह करनैलगंज स्टेट बैंक पैसा निकालने गया था जहां से चार लाख निकाल कर लाया जिसमें से तीन लाख अढ़सठ हजार अपने एक साथी को दिया था और 32 हजार जेब में रखकर हलधर मऊ के इंडियन बैंक में और पैसा निकालने गया था तभी उसके जेब से एक युवक ने 32 हजार पार कर दिए जब उसने जेब में हाथ डाला तो उसमें पैसा नहीं था घटना की सूचना पुलिस के साथ बैंक शाखा प्रबंधक को दिया शाखा प्रबंधक ने मौके पर सीसीटीवी फुटेज खंघाला जिसमें एक अनजान आदमी को पैसे निकालते पाया गया मामले में प्रेम सिंह ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्यवाही ना होते देख 22 फरवरी को प्रेम सिंह ने पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने वह कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में पहाड़पुर चौकी प्रभारी अजय कुमार पांडे ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है जांच करने के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# रसूख के बल पर बर्षों से काबिज डॉक्टर मरीजों का कर रहे शोषण

**सब जानते हुए भी जिम्मेदार मौन**

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्युज।

मनकापुर गोंडा उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर के कारनामे कुछ अलग ही है शासन प्रशासन के नियमों को दरकिनार करते हुए यहां पर तैनात एक डॉक्टर रसूख के बल पर कुर्सी पर काबिज होते हुए खुलेआम कर रहे मरीजों का शोषण। उच्चाधिकारियों की जानकारी होने के बावजूद कार्यवाही न होना बना यक्ष प्रश्न।

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में तैनात डॉक्टर रवीश कुमार अपने रसूख के बल पर बरसों से काबिज होते हुए जमकर मरीजों का शोषण कर रहे हैं। तथा पैथालोजी जांच चेकअप के लिए मनकापुर में ही एक निश्चित प्राइवेट पैथालोजिस्ट के कुछ निर्धारित लोगों के साथ पर्ची लेकर जांच के लिए भेजते हैं।वन्ही जब मरीज निर्धारित पैथोलॉजी लैब में जांच न कराने से कतराता है तो डॉक्टर पीड़ित मरीजों के ऊपर आग बबूला होते हुए रौब गालिब करते हैं।और दवा पीड़ित की समस्या के बजाय दूसरी दवा लिखते आम जनमानस की जान से खिलवाड़ किया करते हैं। ऐसे ही विगत सप्ताह इलाज कराने पहुंचे राज किशोर पांडे अपनी समस्या को लेकर डॉक्टर रवीश कुमार के पास गए रवीश ने तत्काल पैथालोजी जांच कराने के लिए एक निर्धारित व्यक्ति के साथ निर्धारित पैथालोजी के पास भेजा। लेकिन जब राज किशोर पांडे ने कहा डॉक्टर साहब मेरे पास इतने पैसे नहीं है। तो डॉक्टर ने कहा पैसे बाद में दे



देना। लेकिन राज किशोर पांडेय निर्धारित लैब से जॉच नहीं कराकर वापस पंहुचे तो डॉक्टर आग बबूला हो गए।और समस्या के अतिरिक्त रोग की दवा लिखकर डांटते हुए मरीज राजकिशोर पांडे को वापस कर दिया।राज किशोर पांडे गिडगिड़ाते रहे लेकिन डॉक्टर साहब ने एक नहीं सुनी।

इस संबंध में जब डॉक्टर रवीश से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। और ना ही ऐसे किसी मरीज के साथ कुछ किया गया है। लेकिन यछ प्रश्न यह है कि जब सरकार ने मरीजों के लिए लाखों रुपए से लैब की व्यवस्था की है तो आखिर जांच सरकारी लैब में क्यों नहीं होती। अपने आप में यह भी विषय बड़ा महत्वपूर्ण है की आखिर वर्षों से तैनात डॉक्टर रवीश का स्थानांतरण क्यों नहीं होता है।और उच्चाधिकारियों से शिकायत होने के बावजूद भी ऐसे सरकार की साख पर बट्टा लगा रहे डाक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है।पीड़ित ने मामले को लेकर मुख्य मंत्री हेल्प लाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई है।

# दीवाल गिरने से मां बेटी घायल, लखनऊ रेफर

**नया मकान नंबर निर्माण के लिए तोड़ा जा रहा है मिट्टी का मकान**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के फखरपुर कस्बा निवासी एक ग्रामीण मिट्टी का मकान तोड़वाकर पक्का मकान बनवा रहा है। मिट्टी के दीवाल गिरने से मलबे में दबकर मां बेटी घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रमन कुमार का मकान मिट्टी का बना हुआ था। इस समय वह पक्के



मकान का निर्माण करा रहे हैं। मंगलवार शाम को पुराने मिट्टी के मकान के पास पत्नी शांति देवी जगह से मिट्टी हटा रही थी। तभी मिट्टी का दीवाल गिर गया। मलबे में शांति देवी और तीन वर्षीय बेटी सृष्टि घायल दब गई। श्रमिकों और परिवार की मदद से मां बेटी को मलबे से बाहर निकाला गया। इसके बाद सीएचसी पहुंचाया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात में इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर महिला और बेटी को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# एनएसएस छात्रों को समाज से जोड़ने का काम करती है : डॉ. सोहन

**एनएसएस शिविर का हुआ समापन**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ 7 समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव अध्यक्ष प्रबंध समिति विशिष्ट अतिथि इण्टर कॉलेज प्रबंधक कृष्ण लाल श्रीवास्तव रहे।

समारोह का प्रारम्भ शिविरार्थी ममता वर्मा, अनुपमा शर्मा, कशिश गुप्ता, अंजलि साहू, पूजा देवी, प्रियंका सिंह ने कुलगीत और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत से प्रारम्भ किया 7 मुख्य अतिथि डॉ सोहन लाल



श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को समाज से जोड़ने का काम करती है तथा एक दूसरे से अपने अनुभवों का साझा करने का अच्छा अवसर प्राप्त होता है। प्रबंधक कृष्ण लाल श्रीवास्तव ने सप्त दिवसीय सफल कार्यक्रम की प्रसंशा की। रीति श्रीवास्तव ने शिविरार्थियों को सकारामकता के साथ जीवन जीने को प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने इन सात दिवसीय शिविर के सफल आयोजन के लिए शिविरथियो और कार्यक्रमधिकारी को बधाई दी और अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिविरथियो को चयनित कर पुरस्कृत करने की बात कही।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरथियो में प्रियंका चौधरी,आलिया चन्द्रा, आँचल शुक्ला, अंजली साहू, प्रतिष्ठा तिवारी, अनुज कुमार, सूरज बाल्मीकि ने इन सात दिवसीय शिविर के अपने अनुभवों को साझा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमधिकारी डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव एवं डॉ राम जनम ने भी शिविर के अनुभवों को सबके समक्ष रखा एवं सभी शिविरथियो को इस शिविर के सफल आयोजन पर शुभकामनायें दी एवं आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर डॉ सोमवीर सिंह, डॉ मुरारी लाल श्रीवास्तव, डॉ सुभाष चंद, प्रो दयाराम यादव, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ संजय श्रीवास्तव, ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर शोखा इरम मुसीर, सुबी खान रीकेस्वर प्रसाद विश्वकर्मा, नन्दन श्रीवास्तव, रावेंद्र कुमार, एवं लक्ष्मी, हर्ष सिंह, पृथ्वी सिंह, अभिषेक सिंह, शिवम गुप्ता, रिशु गुप्ता आदि शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**नीति आयोग के सूचकांको के प्रगति की की गयी समीक्षा**

**एक वर्ष की उपलब्धि शासन को तत्काल उपलब्ध कराये जाने के दिये गये निर्देश**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

आकांक्षात्मक जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा, मूलभूत संरचना, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन इत्यादि सूचकांको के प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने स्तर से



विभागीय अधिकारी सूचकांको के प्रगति की नियमित समीक्षा एवं मानीटरिंग करते रहे ताकि किसी भी दशा में जनपद का रैंक प्रभावित न होने पाये।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन सूचकांको की प्रगति संतोषजनक न हो उसके लिए विशेष प्रयास कर प्रगति मानक के अनुसार लाया जाय। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रदेश सरकार के आगामी 25 मार्च 2023 को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के अवसर पर शासन द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का एक संग्रह जनसूचनार्थ प्रकाशित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। सभी अधिकारी अपने विभाग के योजनाओं एवं कार्यक्रमों के एक वर्ष की उपलब्धि तत्काल जिला अर्थ संख्या अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि समय से प्रगति विवरण शासन को उपलब्ध कराया जा सके।

इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला अर्थ संख्या अधिकारी डॉ अर्चना सिंह, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ, जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, डीपीएम एनएचएम सरयू खान, प्रधानाचार्य आईटीआई प्रदीप अग्निहोत्री, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ अशोक कुमार गुलशन, उपायुक्त श्रम सिद्धार्थ, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना गांव के ओडीएफ हुए करा लिया हस्ताक्षर

**ग्राम प्रधान ने प्रशासन पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम पंचायत बेहडा के ग्राम प्रधान ने प्रशासन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साथ ही एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है। ग्राम प्रधान के पोस्ट को लेकर हड़कंप मच गया है। खबर के मुताबिक शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत बेहडा ग्राम पंचायत के निर्वाचित ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ (बुल्लू) ने शासन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया और सरकारी तंत्र के व्यवस्था की पोल खोल दी।कहा कि-



गौशालाओं को धन न देने पर भुगतान रोकने का फरमान जारी किया गया है। इससे पहले भी अधिकारियों के दबाव में गांव ओडीएफ न होने के बाद भी ओडीएफ फार्म पर नाकामी छुपाने के लिए प्रधानों ने हस्ताक्षर किया था। आगे उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से वार्ता करेंगे सुनवाई न होने पर आंदोलन करेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को लेकर हड़कंप मच गया है।

# अधिकारी जन समस्याओं का तत्परता से करें निस्तारण : जिलाधिकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये जाते है।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को हिदायत दी है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के जन समस्याओं के निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता में से है सभी अधिकारी समय से अपने कार्यालयों में बैठकर जन समस्याओं की सुनवाई



करें और उसका समसबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण भी कराये। जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की उदासीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की उदासीनता व लापरवाही पायी जायेगी। सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

# 50 से ऊपर पशुओं को गोशाला में किया निरुद्ध

**गोशाला का विधि विधान पूर्वक हुआ उद्घाटन**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी द्वारा विधि विधान पूर्वक गौशाला का उद्घाटन किया गया ।इस अवसर पर बीडीओ सौरभ पांडेय और भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी सहित तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्र में आवारा पशुओ पर नियंत्रण एक बड़ी समस्या है। गांव गांव दर्जनों की संख्या में घूम रहे अवारा पशु न केवल अन्न दाता



कृषकों को रात रात भर जागने को मजबूर कर रहे है बल्कि इन पशुओं के कारण गोंडा बहराइच मार्ग पर दुर्घटनाएं भी बढ़ रही है। इस समस्या से निजात दिलाने हेतु शासन द्वारा गोशालाओ की व्यवस्था कराई जा रही है।बुधवार को क्षेत्रांतर्गत लालपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा ,और राज्य वित्त के सहयोग से एक एकड़ से अधिक भूमि पर बनने वाली गोशाला का विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी द्वारा उद्घाटन करने के बाद लोगो को इस समस्या से कुछ राहत की उम्मीद जगी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निशंक त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्या से शासन अनभिज्ञ नही है।उन्होंने कहा कि विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों से पयागपुर ब्लॉक में अब तक कुल चौदह गोशालाओ की स्थापना हो चुकी है।जिनमे बड़ी संख्या में छुट्टा पशुओं को निरुद्ध किया गया है। मेरा प्रयास होगा कि शीघ्र ही क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोशालाओ का और निर्माण हो। इस संबंध में बीडीओ सौरभ पांडेय ने बताया कि उद्घाटन दिवस को ही 50 से ऊपर पशुओं को गोशाला में निरुद्ध किया गया है। कार्यक्रम में एडीओ कोआपरेटिव, जे ई एम आई , ग्राम प्रधान लालपुर राजितराम यादव, सचिव अरुण कुमार , अजीत शुक्ल, प्रदीप तिवारी, गुड्डू सिंह उर्फ काका, विक्रम यादव, धनीराम, रामदीन यादव, नत्थू तिवारी, लक्ष्मी सिंह, बब्बन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कतर्नियाघाट पर एक साथ दिखे 100 से अधिक गिद्ध

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** तराई क्षेत्र में लगभग 100 की संख्या में गिद्धों का एक बड़ा समूह रविवार को कतर्निया घाट सेंक्चुरी के समीप वाच टॉवर के पास ग्रासलैंड में देखा गया है। पर्यावरण के स्वच्छकार कहे जाने वाले तथा प्रदूषण को नष्ट कर वातावरण को स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले पक्षी दुर्लभ गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।विलुप्त की कगार पर पहुंचने के बाद गिद्धों की जबरदस्त वापसी कतर्निया घाट के जंगलों में एक बार पुनः देखने को मिल रही है। रोज़ाना कतर्निया घाट रेंज कार्यालय के समीप वॉच टॉवर के पास ग्रासलैंड में 100 से अधिक संख्या में गिद्धों का एक बड़ा समूह पर्यटकों और वन कर्मियों को देखने को मिल रहा है।इतनी बड़ी संख्या में गिद्धों को देखने के बाद यही अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि किस तरह एक बार फिर गिद्धों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। रविवार को कतर्निया घाट घूमने पहुंचे पर्यटकों ने गिद्धों इस बड़े समूह खूबसूरत तस्वीर अपने कैमरे में कैद की है। वहीं वन विभाग गिद्धों की बढ़ोत्तरी की खबर से गदगद हैं।

# चौबीस घंटे में सात रहस्यमयी मौतों से क्षेत्र में हड़कंप

- मौत का कारण जानने गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम
- जांच पड़ताल में किसी तरह के संक्रामक रोग की नहीं हुई पुष्टि
- सीएमओ ने संक्रामक रोगों और कोविड की जांच से लेकर पीने के पानी की जांच के दिए निर्देश



**गुरबख्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

24 घंटे के अंदर हुई लगातार सात मौतों से पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम चौकन्ना हो गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। जिसमें सभी की मौत प्राकृतिक ही मानी जा रही है। परिजन भी इसे वास्तविक मौत ही मानकर मृतकों के शरीर का दाह संस्कार परंपरा के अनुसार कर चुके हैं।

बावजूद इसके पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप लगाकर लोगों की जांच पड़ताल कर रही है।

खीरों ब्लॉक के भीतरगांव मजरे में कुल 18 पुरवे हैं। तीन को छोड़कर बाकी सभी की मौतें अलग-अलग पुरवे में हुई हैं।

### सात अर्थियां उठने से पूरे गांव में पसरा मातम

हतप्रभ करने वाली बात यह थी कि 24 घंटे के अंदर सात लोगों की मौत हो गई। सात लोगों की ताबड़तोड़ मौत के बाद पुलिस प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग भी सकते में आ गया और रात में ही कैंप कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच पड़ताल में सभी मौतों का कारण हाई ब्लड प्रेशर या फिर हृदयाघात ही सामने आया। परिजनों ने भी पहले से किसी भी बीमारी यह समस्या की बात नहीं बताई । एक को छोड़कर सभी मृतक लगभग 70 साल पार कर चुके थे। कमल त्रिपाठी भीतरगांव चौराहा, निर्मला देवी, शोभा और बुद्धन सभी तीनों बरिया थोक के तो सतीदीन डोमें थोक, छत्रपाल काली खेड़ा, जग देवी गरुवर का पुरवा सहित कुल सात लोगों ने 24 घंटे में दम तोड़ा। एक ही मजरे से सात अर्थियां उठने से पूरे गांव में मातम पसर गया।

### जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, एसडीएम अजीत सिंह, सीओ महिपाल पाठक , प्रभारी सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि शिवराम सिंह सहित अन्य अधिकारी व समाजसेवी गांव में कैंप लगा लिए। स्वास्थ विभाग की टीम लोगों को बुलाकर जांच पड़ताल की। साथ ही डॉक्टर फारुकी अपनी टीम के साथ मृतकों के घर पहुंच कर केस हिस्ट्री निकाली। जिसमें सभी की मौत प्राकृतिक ही पाई गई। जांच पड़ताल में भी किसी तरह के संक्रामक रोग की पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके उच्च अधिकारियों के निर्देशों के बाद गांव में कैंप लगा हुआ है। लोग अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में दिख रहे हैं। प्रभारी सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह वह अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो मामला स्वाभाविक मौत का ही है। किसी प्रकार के अन्य बीमारी या संक्रामक रोग की पुष्टि नहीं हुई है।

# कस्बे में जगी बस स्टेशन की उम्मीद

- पूर्व एमएलसी के पत्र का परिवहन मंत्री ने लिया संज्ञान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बस स्टेशन ना होने की पीड़ा झेल रहा महाराजगंज कस्बा एवं क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। बस स्टेशन के निर्माण की क्षेत्रवासियों की मांग सकार होने जा रही है जनपद के पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह के अनुरोध पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बस स्टेशन के लिए जिलाधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

महराजगंज मे बस स्टेशन निर्माण के लिए पूर्व एमएलसी ने 25 जनवरी को परिवहन मंत्री को पत्र लिखा था उन्होंने पत्र में उल्लेख किया था कि क्षेत्रीय विधायक राजाराम त्यागी और उनके द्वारा पूर्व में भी परिवहन मंत्री से बस स्टेशन निर्माण का अनुरोध किया गया था पूर्व एमएलसी ने अपने पत्र में मंत्री को अवगत कराया था कि महराजगंज कस्बे के पास बस स्टेशन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है।इस संबंध में जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी जाए तो इसमें तत्काल प्रगति हो सकती है पूर्व विधान परिषद सदस्य के इस पत्र के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया है कि महराजगंज मे बस स्टेशन निर्माण हेतु जिलाधिकारी रायबरेली से तत्काल रिपोर्ट तलब करके इसमें प्रभावी कार्यवाही आरंभ की जाए।

मंत्री के इस निर्देश के बाद परिवहन निगम और जिला प्रशासन सक्रिय हुआ है। इसके बाद महराजगंज मे नए बस स्टेशन के निर्माण की उम्मीद जगी है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया।जब एक बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सलोन कोतवाली क्षेत्र के पूरे पंडित मजरे जौदहा निवासी गायत्री देवी पत्नी शिव शंकर उम्र लगभग 62 वर्ष ने घर के अंदर अज्ञात कारणों से साड़ी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया।

### विवाहिता ने लगाया ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत श्रीनगर की निवासिनी वर्षा बाजपेई पत्नी विपुल बाजपेई गंगाघाट कोतवाली में लिखित प्रार्थनापत्र में यह हवाला दिया है कि विजयलक्ष्मी सुनील मोहित नेहा आदि ससुरालीजन उसे झूंठे आरोप लगाकर प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता ने जब अपने पति से उक्त लोगों की शिकायत की तो विपुल ने सबका पक्ष लेते हुए लेते हुए उसे बुरी तरह मारा-पीटा। घटना बीते 29 जनवरी की है। उक्त लोगों ने पीड़िता पर आरोप लगाते हुए पहले भी मारा-पीटा है और उसके बाद उसे मायके छोड़ आए थे जिसकी शिकायत पीड़िता ने कोतवाली गंगाघाट में की। घटना से परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं।वही सूचना पर पहुंची सलोन कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### उधारी मांगने पर साले ने बहनोई को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीमारी के दौरान उधार दिए गए रुपयों का तगादा करने पर साले और उसके परिवार के लोगों ने बहनोई की लात घूसों से जमकर धुनाई की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बांगरमऊ कोतवाली के ग्राम रघुरामपुर निवासी शफीक पुत्र हसनू ने इलाज के लिए अपने साले मोहम्मद अनीस पुत्र रहीम निवासी ग्राम फतेहपुर खालसा को डेढ़ लाख रुपए उधार दिया था। इलाज कराने के बाद साले अनीस ने 70 हजार रुपए उधारी तो वापस कर दी किंतु अनीस अरसे से बकाया 80 हजार रुपए वापस नहीं कर रहा था। मांगने पर साला फसल तैयार होने पर उधारी अदा कर देने की बात कहकर टालता रहा। बीते सोमवार को शफीक उधारी मांगने अपनी ससुराल फतेहपुर खालसा जा पहुंचा। जहां साले अनीश और सफी तथा साले के पुत्र मुशर्रत ने शफीक की लात घूसों से पिटाई कर दी। पिटाई से शफीक घायल हो गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 406 व 323 के तहत घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साहित्य कला से सम्मानित होंगे डॉ. चन्द्रकिशोर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव अडौली निवासी साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित डॉ0 चंद्रकिशोर सिंह को दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी पालीटेक्निक ऑडिटोरियम रायगढ़ छत्तीसगढ़ में होने वाले छायावादोत्तर हिंदी कविता विषय पर उद्बोधन तथा साहित्यकार कला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साहित्यकार चंद्रकिशोर सिंह ने बताया कि रायगढ़ छत्तीसगढ़ में 24 व 25 फरवरी को होने वाले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे।

### छत पर चढ़ मनचले ने किशोरी को दबोचा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव में मंगलवार को देररात एक मनचला छत पर चढ़कर घर के अंदर दाखिल हो गया और गहरी नींद में अकेली सो रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। भागवत सुनकर वापस घर आने पर किशोरी के पिता ने उसे ललकारा। तब मनचला छत से कूदकर भाग खड़ा हुआ। पीड़िता के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। तहरीर के अनुसार बीते मंगलवार की शाम वह गांव में हो रही भागवत सुनने चला गया था। जबकि उसकी पत्नी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदारी गई थी। उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर में अकेली गहरी नींद में सो रही थी तभी रात करीब 11 बजे ग्राम चकपीर नगर निवासी अंकित पुत्र सोबरन मकान की दीवार के सहारे छत पर चढ़कर जीने से घर में घुस आया और चारपाई पर सो रही उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के चिल्लाने पर मनचले ने उसका मुंह दबा दिया। तब तक भागवत सुनकर किशोरी का पिता अपने घर पहुंचा। पुत्री की चारपाई पर बैठे अंकित को देखकर पिता ने गुहार मचाई। तब मनचला मकान की छत से फांदकर भाग निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जांच करने में जुटी है।

### छात्र-छात्राओं को सफाई के प्रति किया जागरुक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह ने आज नगर के विद्यालयों में जाकर साफ-सफाई के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण जानकारियों से भी अवगत कराया। गंजमुरादाबाद नगर के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए एसबीएम के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि हम अपने-अपने घरों और आसपास का कूड़ा इधर-उधर न फैलाएं बल्कि सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग करके सुबह कूड़ा लेने वाले को समय से दे दें। आगामी 4 मार्च से जो लोग सुबह 10 बजे तक सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग करके कूड़ा लेने वाले को नहीं देंगे, उनके खिलाफ जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ सफाईकर्मी की ही नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहे। जहां साफ-सफाई रहती है, वहां बीमारी भी नहीं फैलती है। उन्होंने बच्चों से सवाल-जवाब के जरिए भी जागरूक कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर नवागत अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, फजलुर्रहमान, निशांत कुशवाहा व गंगाराम आदि उपस्थित रहे।



### न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों का हुआ निरीक्षण

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शासन के मंसा अनुरूप विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी प्रौद्योगिकी डिपार्टमेंट के रमाकांत द्विवेदी ने विकास क्षेत्र सलोन के 13 न्याय पंचायतों में स्थित प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक, कमपोजिट,सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त मदरसों,संस्कृत विद्यालयों,इंटरमीडिएट कॉलेजों यू डाइस कोड से आच्छादित विद्यालयों का निरीक्षण कर अक्षांश और देशांतर पर यू डाइस कोड के माध्यम से विद्यालयों की स्थिति का जायजा लिया। आदर्शिक्षक डायरी शिक्षण, योजना, कक्षा शिक्षण में सहायक शिक्षण सामग्री का प्रयोग आदि का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार,पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरई एवं कमपोजिट विद्यालय खमहरिया पूरे कुशल में उन्हें प्रतीक चिन्ह तथा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम सरकार द्वारा मिल रही योजनाओं को बच्चों तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग करें। मो. वसीम, मो.कासिम, अनिल कुमार पांडेय, अजय सिंह, सूरज, बलवंत सिंह, अनुराग तिवारी, राजेश मिश्र, सेवानिवृत्त शिक्षक मो. इस्माइल खान के कार्यशैली की प्रशंसा की।

# ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने किया खुलासा

- प्रेमिका ने परिजनों के साथ मिलकर की प्रेमी की हत्या
- प्रेमिका समेत चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि कि मृतक युवक का प्रेम-प्रसंग महाराजगंज थाना क्षेत्र के गांव में एक महिला से चल रहा था। वहां वह अपनी प्रेमिका से मिलने आया था तभी से वह लापता था। प्रेम-प्रसंग के चलते उसकी हत्या कर दी गई थी। लास्ट लोकेशन की जांच करने पर हत्या का खुलासा हुआ है। चारों आरोपियों को अरेस्ट करके न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

आलोक प्रियदर्शी
(पुलिस अधीक्षक रायबरेली)

महाराजगंज अपनी प्रेमिका से मिलने आए लापता युवक का शव गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर रायबरेली पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने प्रेमिका समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा कर दिया। मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव ठाकुरपुर का है। सोमवार को गांव पहुंची लखनऊ पुलिस ने गांव के छेदू पासी के घर से एक बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया था। बताया जाता है कि, यह बाइक और मोबाइल फोन बाराबंकी जनपद के थाना हैदर गढ़ के गांव खेरवा मजरे सराय निवासी भगवानदास उर्फ बबलू का है। जो पिछले दिनों 8 फरवरी से संदिग्ध अवस्था में लापता था। सूत्रों के अनुसार गांव की ही शादीशुदा प्रेमिका से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव आया था जब से वह लापता था लापता युवक भगवानदास उर्फ बबलू हरकरन का पड़ोसी था। यह लखनऊ नगर निगम में कर्मचारी था जिसका शव शारदा सहायक नहर जौनपुर ब्रांच में कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किया गया था।

सभी आरोपियों को पकड़कर अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# नगर में जाम की समस्या को लेकर व्यापारियों ने जिला अधिकारी से की मुलाकात, सौपा ज्ञापन

- नो एंट्री का प्रबंध नहीं किया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज के पदाधिकारियों के द्वारा जिलाधिकारी रायबरेली को लालगंज नगर में हो रही जाम की बड़ी समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि 3 दिन पहले उप जिलाअधिकारी लालगंज को ज्ञापन सौंपा गया था 3 दिन बीत जाने के बाद कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हुई जिसको लेकर आज हम सब जिलाधिकारी महोदया से मिलकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा उनको बताया है रायबरेली जनपद की लालगंज बड़ी व्यापारिक मंडी है जहां पर नगर के चारों ओर नेशनल हाईवे हैं नगर के अंदर मार्केट से बांदा बहराइच मार्ग एवं बांदा टांडा मार्ग निकलता है जिससे एक करुणा बाजार चौराहे से गांधी चौराहे के बीच में भीषण जाम लगता है भारी मात्रा में ट्रकों का निकलना होता है कई बड़ी घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं जिससे व्यापारियों को व्यापार बड़े रूप में प्रभावित हो गया है एंबुलेंस स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते हैं इसके राहत हेतु भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 9:00 से रात्रि 9:00 तक नगर में प्रवेश बंद कराने की बात कही है और और कहां की फरवरी माह में अगर नो एंट्री का प्रबंध नहीं किया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई ने बताया कि नगर में जाम की बड़ी समस्या कई वर्षों से बनी है अगर शासन के द्वारा नो एंट्री का प्रबंध किया जाता है तो व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा और आम जनमानस को जाम से निजात मिल सकेगी।

### तीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अवैध मादक पदार्थ के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने मौके पर 5 कुंटल लहन को नष्ट कर दिया है।पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर 22 फरवरी 2023 को बबली पुत्री सुनील कुमार निवासी पारा कला थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली व रामराज पुत्र शंकरलाल निवासी अर्जुन्हा मजरे पारा कला थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया वही 5 कुंटल लहन को पुलिस ने मौके पर नष्ट कर दिया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।



# गैस सिलेंडर लोडेड ट्रक में लगी आग, हाईवे पर लगा जाम



- महोबा से सिलेंडर लेकर उन्नाव आ रहा था ट्रक, पुलिस फोर्स ने संभाला मोर्चा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर देररात गैस सिलेंडर से भरा एक ट्रक महोबा से चलकर उन्नाव आ रहा था। दही थाना क्षेत्र के पास पहुंचते ही ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हाईवे पर गश्त कर रही पुलिस ने देखा तो आनन-फानन दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान नेशनल हाईवे पर यातायात को रोका गया। सूचना पर सीओ समेत भारी पुलिसबल मौके पर पहुंचा और आग बुझाने के बाद राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ महोबा से रात करीब एक बजे कानपुर नगर के चौबेपुर थाना के अंतर्गत रिक्कीपुरवा गांव निवासी अविनाश कुमार पुत्र प्रताप सिंह गैस सिलेंडर से लोडेड ट्रक लेकर दही चौकी स्थित एचपी गैस प्लांट जा रहा था। दही मोड़ के पास पहुंचा ही था कि अचानक ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। उधर हाईवे पर गश्त कर रही दही पुलिस ने आग की लपटें देखी तो दमकल को सूचना दी। सूचना के तुरंत बाद एफएसओ शिवराम यादव दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। इधर सीओ सिटी आशुतोष कुमार, दही थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ हाईवे पर पहुंचे और यातायात को रोका। करीब आधे घंटे कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों आग पर काबू पाया। जिसके बाद मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और हाईवे के यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया गया। दमकल और पुलिस की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।

# अस्पताल का हुआ उद्घाटन मरीजों को मिलेंगी सुविधाएं

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




डलमऊ क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी पिछड़ा हुआ है छोटी मोटी एवं गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए मरीजों को जिला मुख्यालय का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ता है जनता की समस्या को निदान दिलाने के लिए डलमऊ क्षेत्र के फतेहपुर मार्ग पर गीता हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया अस्पताल खुल जाने से गंभीर रोगों एवं ऑपरेशन के लिए मरीजों को अब जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा अस्पताल के सदस्य अभय रंजन ने बताया कि गीता हॉस्पिटल में मरीजों को सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं दी जाएंगी स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी एवं सभी बीमारियों के ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी डॉक्टर पंकज पांडे ने बताया कि अस्पताल में लखनऊ कानपुर इलाहाबाद रायबरेली के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा रोगों का इलाज किया जाएगा अस्पताल में आईसीयू एवं इमरजेंसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी उन्होंने कहा कि डलमऊ क्षेत्र में अभी तक कोई भी प्राइवेट हॉस्पिटल नहीं था अस्पताल खुल जाने से पास पड़ोस एवं दूर-दराज के गांव के मरीजों को रायबरेली लखनऊ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़ दिनेश त्रिपाठी रामनिवास वैश्य ओम नारायण गुप्ता बीबी पांडे राजेंद्र वैश्य रामगोपाल वैश्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी पं. मनबोधनलाल को किया याद

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत भगवंतनगर स्थित निराला इंटर कॉलेज के संस्थापक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जिला परिषद के अध्यक्ष रहे मनबोधनलाल बाजपेई की 116वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरीश चंद्र शुक्ला ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ कवि शिक्षक महेश बहादुर सिंह ने मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। जयंती के अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा पंडित मनबोधन लाल बाजपेई की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रीय चेतना के गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य अविनाश द्विवेदी ने बाजपेई की सामाजिक व शैक्षिक सेवाओं को याद करते हुए उन्हें एक महान चिंतक बताया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक आनंद मोहन द्विवेदी ने बाजपेई के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए योगदान को रेखांकित किया। समाजसेवी सुंदरलाल बाजपेई ने कहा कि उनके द्वारा किए गए समाज के कार्य व उनके बताए गए मार्गो पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। अध्यक्षता कर रहे हरीशचंद्र शुक्ल ने कहा कि मनबोधन लाल बाजपेई का जीवन, नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं। उपस्थित लोगों में डॉ राघवेंद्र बाजपेई बाबुल बाजपेई जागेश्वर अवस्थी जगदीश यादव ओमप्रकाश रावत शुभम वाजपेई कन्हैयालाल यादव गोवर्धन शुक्ला बबलू मिस्त्री पूर्व बीडीसी गोवर्धन योगेंद्र बहादुर सिंह आदि रहे।

### बाइकों की भिड़न्त में तीन लोग घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उन्नाव-लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना क्षेत्र के गौरी गांव के पास आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में 3 लोग घायल हो गए। दो गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। बीघापुर थाना क्षेत्र के देवपुर निवासी शैलेंद्र यादव 25 पुत्र रामबहादुर यादव अपने दोस्त गुड्डू यादव 24 पुत्र गयाप्रसाद यादव के साथ लगभग 5 बजे सुमेरपुर जा रहे थे। उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौरी गांव के पास ओसियां से आ रहे पीएनसी में काम करने वाले कर्मचारी सिंपू पुत्र किशोरी सिंह निवासी फतेपुर जिला लखीमपुर नगर पंचायत बीघापुर स्लीपर लेने आ रहे थे। दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस ने तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनो बाइक चालक शैलेंद्र यादव व पीएनसी कर्मचारी सिंपू को जिला चिकित्सालय भेज दिया है, दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए हुए थे।

# रामकथा जन-जन में समाई : आशुतोष

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

रामकथा जन-जन में समाई हुई है, राम का मर्यादित एवं समतापूर्ण जीवन भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत है। गांव स्तर पर होने वाली रामलीलाओ का स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचन निश्चित ही भारतीय संस्कृति की संवाहक एवं धरोहर है। उक्त विचार बीघापुर के मगरायार गांव में चल रही रामकथा के अंतिम दिन क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल ने व्यक्त किए। रामलीला में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने राम दरबार की आरती कर लोक कल्याण की कामना की। रामलीला में आए लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राम भारतीय जनमानस के रोम रोम में रमे हैं राम के बिना भारतीय संस्कृति सभ्यता व संस्कारों की बात करना बेमानी है। रामायण हमें सामाजिक समरसता का संदेश देती है। ग्रामीण अंचल में होने वाली रामलीला अनूठी हैं जो आपसी सद्भाव को बढ़ाकर वैमनस्यता को कम करने का काम करती हैं। विधायक ने रामलीला में अभिनय कर रहे स्थानीय कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। गांव में बारातशाला निर्माण व रामलीला कार्यक्रम स्थल पर सोलर लाईट लगवाने की घोषणा करते हुए गाँव के विकास में हर सहयोग देने की बात कही। आयोजन समिति के सदस्य संजीव मिश्र, श्यामू अवस्थी, संजय सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में रज्जना मिश्रा, राजू शुक्ल, संदीप दीक्षित, रामजी पाण्डेय, रमेश मिश्र, जयकृष्ण पाण्डेय आदि रहे।

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
राष्ट्रीय युवा कोर
राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए आमंत्रण

भारत सरकार युवाओं को स्वयंसेवक समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। आपको स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने लिए कहा जा सकता है।

योग्यता:
1. शिक्षा: न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण
2. आयु- दिनांक 01 अप्रैल 2023 को 18 से 29 वर्ष के बीच
(नियमित छात्र एनवाईसी स्वयंसेवक के लिए आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं)

मानदेय:
अधिकतम दो वर्षों के लिए, कुल मिलाकर रू.5000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रूप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा।

आवेदन कैसे करें:
विभाग की वेबसाइट देखें : nyks.nic.in पर योजना का विवरण, ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा अधोलिखित अधिकारी के पास 9 मार्च, 2023 तिथि से पूर्व आवेदन करें।

कार्यालय: जिला युवा अधिकारी,
नेहरु युवा केन्द्र संगठन
जिला-बहराइच
डाक का पता:- गोदावरपुर बाजा,
निकट संत जॉन्स पब्लिक स्कूल,
जेल रोड-बहराइच, 271801

(कोमल)
जिला युवा अधिकारी
नेहरु युवा केन्द्र-बहराइच
मो0नं0:- 9919636064
9721159085

## जलवायु जोखिम

जिस ग्लोबल वार्मिंग संकट को लेकर मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठन लगातार चेताते रहे हैं वह अब हकीकत बनता जा रहा है। विडंबना यह है कि इस संकट की गंभीरता के प्रति न तो नीति-नियंता गंभीर नजर आए और न ही जनता के स्तर पर जागरूकता दिखाई दे रही है। यह संकट कितना बड़ा है, वैश्विक संस्था क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव यानी एक्सडीआई की रिपोर्ट उजागर कर देती है। संस्था ने दुनिया के तमाम राज्यों, प्रांतों और क्षेत्रों में निर्मित पर्यावरण केंद्रित भौतिक जलवायु के जोखिम का तार्किक विश्लेषण किया है। दरअसल, जलवायु परिवर्तन के चलते हमारी फसलों, आबोहवा तथा जल स्रोतों पर पड़ने वाले प्रभावों के आकलन के बाद पचास संवेदनशील क्षेत्रों का चयन किया गया है। चिंता की बात यह है कि अमेरिका व चीन के बाद भारत के तमाम राज्य इस संकट वाली सूची में शामिल हैं। उसमें पंजाब भी शामिल है। यूं तो इस सूची में बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात व केरल भी शामिल हैं, लेकिन पंजाब को लेकर हमारी चिंता बड़ी होनी चाहिए। इसकी एक वजह पंजाब का राष्ट्रीय खाद्यान्न पूल में बड़ा योगदान होना है। यदि ग्लोबल वार्मिंग संकट का राज्य में विकट प्रभाव नजर आता है तो देश की खाद्यान्न सुरक्षा के लिये भी चुनौती पैदा हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पंजाब संवेदनशील सीमावर्ती राज्य है, जिसकी किसी तरह की समस्या जटिलता को जन्म दे सकती है। यद्यपि देश के अन्य राज्यों में जलवायु परिवर्तन के जोखिम को भी हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इस चुनौती के मुकाबले के लिये रणनीति बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वह भी ऐसे वक्त में जब देश में आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही है, हमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले संकट के प्रति सचेत होना पड़ेगा। दरअसल, इस संकट की बड़ी मार समाज के कमजोर वर्गों व खेतिहर श्रमिक जैसे पेशों पर पड़ती है। दरअसल, इस गंभीर समस्या के प्रति जहां केंद्र व राज्यों को मिलकर मुहिम चलाने की जरूरत है, वहीं किसानों व आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बढ़ते तापमान से हमारी फसलों की उत्पादकता घट जाती है। किसानों ने पिछले साल भी खेतों में लहलहाती फसलों को लेकर जो उम्मीदें जगायी थीं, वो अधिक तापमान होने से अनाज के उत्पादन व गुणवत्ता में आई गिरावट के चलते टूट गई। कमोबेश ऐसी ही स्थिति इस बार भी नजर आ रही है, जिसने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हमारे कृषि वैज्ञानिकों को आगे आने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में अब तक प्रयोगशालाओं में जो शोध हुए हैं, उसे खेत-खलिहानों तक पहुंचाने की जरूरत है। यह तय है कि दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले विकसित देश इस दिशा में कई दशकों से जिस तरह लापरवाह बने हुए हैं, उसमें जल्दी कोई बदलाव होता नजर नहीं आता। ऐसे में हमें हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने, जीवाश्म ऊर्जा से परहेज तथा प्रकृति अनुकूल नीतियों को प्रश्रय देना होगा। इतना तय है कि हमारी उपभोक्तावादी संस्कृति और प्रकृति के चक्र में मानवीय हस्तक्षेप ने समस्या को जटिल बनाया है। ऐसे में हमें वृक्ष लगाने तथा हरित इलाके के विस्तार को प्राथमिकता देनी होगी। मौसम में असामान्य बदलाव से हमारे परंपरागत जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये हमें जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। यह तय है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है जल स्रोत सिमटने लगते हैं। ऐसा ही संकट देश के कई महानगरों में मंडरा रहा है। वहीं हाल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि से गेहूं, दलहन और तिलहन पर असर पड़ने की आशंका है। इतना ही नहीं, हमारे मौसमी फल भी इसकी जद में आ सकते हैं। गुणवत्ता के साथ ही उत्पादकता पर जलवायु परिवर्तन का असर नजर आ रहा है। आजकल फरवरी में हम जो अप्रैल के मौसम का अहसास कर रहे हैं, उसे जलवायु जोखिमों की आहट ही मानना होगा।

# समय का सदुपयोग कर जीवन में सफलता सृजित करिए

संजीव ठाकुर

**फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55: हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है।**

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है। मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता हैस समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके।

भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और




जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55: हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं, जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

विचार

# सवालों का शोर

मोदी सरकार इन दिनों कई तरह की उलझनों से घिरी दिखाई दे रही है। अडानी मामले पर संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने एक शब्द भी नहीं कहा, और विपक्ष ने जो कुछ कहा, उसे संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया है। लेकिन इसके बावजूद सवालों की गूंज शांत नहीं हुई है। कांग्रेस ने जो कुछ संसद में कहा, उसे बाहर दोहरा दिया है। यानी सब कुछ जनता के सामने है और जनता ही तय करेगी कि जो सवाल राहुल गांधी ने पूछे वो सही थे या गलत। इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया और अब विदेश से भी इस पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। दुनिया के जाने-माने मीडिया संस्थानों ने अडानी मामले और श्री मोदी की चुप्पी पर लिखा। कई कंपनियों के अडानी समूह से कारोबार की अब समीक्षा हो रही है। कई लोगों ने निवेश से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन सबके साथ अब म्यूनिख में अमेरिकी अरबपति कारोबारी जार्ज सोरोस ने प्रधानमंत्री मोदी और अडानी समूह के मालिक के निजी संबंधों और उन पर लगते आरोपों की बात की। श्री सोरोस ने कहा कि मोदी अडानी विषय पर चुप हैं, लेकिन उन्हें विदेशी निवेशकों और संसद में सवालों का जवाब देना होगा। यह भारत की संघीय सरकार पर मोदी की पकड़ को काफी कमजोर कर देगा और बहुत जरूरी संस्थागत सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए रास्ता खोलेगा। हो सकता है कि मेरी बात अजीब लगे लेकिन इससे लोकतंत्र के पुनर्जीवित होने का रास्ता खुलेगा। जॉर्ज सोरोस ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के संस्थापक हैं। यह संस्था लोकतंत्र, पारदर्शिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने वाले समूहों और व्यक्तियों को ग्रांट देती है। 8.5 बिलियन डॉलर की संपत्ति के मालिक जॉर्ज सोरोस अच्छे से जानते हैं कि लोकतंत्र और पूंजीवाद मौजूदा दौर में किस तरह एक सिक्के के दो पहलू हो गए हैं। एक के बिना दूसरे का काम नहीं चल सकता। लेकिन पूंजीवाद के नाम पर अगर एकाधिकार को बढ़ावा मिले, तो यह लोकतंत्र के लिए घातक हो सकता है। इसी खतरे की ओर श्री सोरोस ने ध्यान दिलाया है। वे पहले भी अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए चर्चित रहे हैं। लेकिन इस बार उनके बयान से भारत की सियासत में नयी हलचल पैदा कर दी है। यह शायद इसलिए क्योंकि एक ओर देश में चुनावी माहौल है और दूसरी ओर बीबीसी और इजरायली जासूसी फर्म जैसे प्रकरणों के कारण सत्तारुढ़ भाजपा पर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि बीबीसी डाक्यूमेंट्री विवाद के चंद दिनों बाद दिल्ली-मुंबई के बीबीसी कार्यालयों में आयकर विभाग का सर्वे चला, जो 59 घंटे लंबा था। इस कार्रवाई से मीडिया की स्वतंत्रता का सवाल उठा। वहीं द गार्जियन ने खुलासा किया है कि एक इजरायली जासूसी फर्म ने दुनिया के कम से कम 30 देशों चुनावों को प्रभावित करने का ठेका लिया और सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म्स के जरिए गलत सूचनाएं फैलाकर मतदाताओं को प्रभावित करने का काम किया। इसमें भारत के चुनाव भी शामिल हो सकते हैं, इस बात की आशंका कांग्रेस ने जतलाई है। कांग्रेस ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि किस तरह भाजपा की आईटी सेल और इजरायली जासूसी फर्म के कामकाज में साम्यता है।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जॉर्ज सोरोस के बयान को भारत पर हमला और विदेशी साजिश बताया। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर एकजुटता के साथ इस हमले का जवाब देने का आह्वान किया, लेकिन इजरायली फर्म वाले विवाद पर अभी उनकी कोई टिप्पणी नहीं आई है। अगर श्री सोरोस का बयान भारत के लोकतंत्र पर हमला और आंतरिक राजनीति में दखलंदाजी हो सकता है, तो फिर इजरायली फर्म अगर चुनावों को प्रभावित कर रही है, क्या उसे भी इसी नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। श्रीमती ईरानी के अलावा विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भी जॉर्ज सोरोस के बयान की निंदा की, उन्हें बूढ़ा, अमीर, हठधर्मी और खतरनाक बताया। श्री जयशंकर केवल राजनेता होते, तो इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल सामान्य लगता। लेकिन वे पूर्व राजनयिक रह चुके हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में शब्दों की अहमियत और तोल-मोल के बोलने का महत्व जानते हैं, फिर भी उन्होंने ऐसे शब्दों का इस्तेमाल श्री सोरोस की आलोचना के लिए किया है, तो इससे जाहिर होता है कि भाजपा इस अप्रत्याशित वार से बौखला गई है। भाजपा के अलावा कांग्रेस के जयराम रमेश और पी. चिदम्बरम जैसे नेताओं ने भी इस टिप्पणी की आलोचना की है। किसी के बयान को कौन, किस तरह से लेता है, यह सबकी अपनी समझ और मर्जी है। लेकिन एक बात स्पष्ट होनी जरूरी है कि जॉर्ज सोरोस ने कहीं भी भारत की आलोचना नहीं की। उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की एक अहम मामले पर चुप्पी और लोकतांत्रिक रवैये पर सवाल उठाए हैं। क्या श्री मोदी की आलोचना देश की आलोचना मानी जा सकती है। हमारे देश के कई नेता आए दिन पाकिस्तान के लोकतंत्र, वहां की निर्वाचित सरकार और मंत्रियों पर टिप्पणी करते हैं, क्या इसे पाकिस्तान के आतंरिक मामले में दखल देना माना जाएगा। भारत के लोकतंत्र की चिंता करने वाले ये क्यों भूल जाते हैं कि श्री मोदी ने अमेरिका जाकर, वहां के मंच से चुनाव के पहले अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा लगाया था। क्या यह नारा अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और भारत की विदेश नीति के लिहाज से सही था। क्या यह वहां की अंदरुनी राजनीति में दखल देने जैसा नहीं था। जॉर्ज सोरोस के बयान को राष्ट्रवाद का मसला बनाए जाने से पहले ये कोशिश हो कि जो मसले सामने हैं, उनसे बचने की जगह उनका समाधान किया जाए। अगर सवालों से न भागें तो सवालों का शोर खड़ा ही नहीं होगा।

साहित्य

## नयापन



### यह सिमटती साँझ, यह वीरान जंगल का सिरा...

सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

यह सिमटती साँझ,
यह वीरान जंगल का सिरा,
यह बिखरती रात, यह चारों तरफ सहमी धरा;
उस पहाड़ी पर पहुँचकर रोशनी पथरा गयी,
आखिरी आवाज़ पंखों की किसी के आ गयी,
रुक गयी अब तो अचानक लहर की अँगड़ाइयाँ,
ताल के खामोश जल पर सो गई परछाइयाँ।
दूर पेड़ों की कतारें एक ही में मिल गयीं,
एक धब्बा रह गया, जैसे जमीनें हिल गयीं,
आसमाँ तक टूटकर जैसे धरा पर गिर गया,
बस धुँए के बादलों से सामने पथ घिर गया,
यह अँधेरे की पिटारी, रास्ता यह साँप-सा,
खोलने वाला अनाड़ी मन रहा है काँप-सा।
लड़खड़ाने लग गया मैं, डगमगाने लग गया,
देहरी का दीप तेरा याद आने लग गया;
थाम ले कोई किरन की बाँह मुझको थाम ले,
नाम ले कोई कहीं से रोशनी का नाम ले,
कोई कह दे, 'दूर देखो टिमटिमाया दीप एक,
ओ अँधेरे के मुसाफिर उसके आगे घुटने टेक!'

## झरोखा





## राशिफल

**मेषः-** नाजुक सम्बन्धों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यो के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**बृषभः-** रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें।

**मिथुनः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। बिरोधियों की प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयाँ संभव। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**कर्कः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों।

**सिंहः-**दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नहीं है। परिवारिक सम्बन्धों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

**कन्याः-** पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप संभव।

**वृश्चिकः-** आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित होगा, अतः इसे सुधारें। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा।

**धनुः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इन्तजार करें।

**मकरः-** अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता के योग है।

**कुंभः-** कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीनः-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशां में परिश्रम तीब्र होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

# यूपी में इ बा

*अनुपम सिंह*

नकारात्मक मानसिकता वाली एक लोक गायिका हैं, नेहा सिंह राठौर, जो 'यूपी में का बा' गाकर चर्चा में आई। उनके बारे में हम लिखना तो नहीं चाह रहे थे, मगर जब उन्होंने हालिया कानपुर की घटना को लेकर 'यूपी में का बा' को दुबारा गाया तो बिहार की मूल निवासी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को यह बताना जरूरी हो गया कि उत्तर प्रदेश की बाबा सरकार में इ बा...। इस प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार में सूबे की जनता के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। बस केवल नजरिया बदलने और सकारात्मक सोच रखने की जरूरत है। अगर सकारात्मकता की दृष्टि से हम देखें तो उत्तर प्रदेश के नागरिकों के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाओं को बाबा की सरकार में शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से प्रदेश के बच्चों, महिलाओं, श्रमिकों, किसानों, आर्थिक रूप से गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। पहले बात करते हैं होनहार विद्यार्थियों की, जिनके लिए बाबा की सरकार ने स्मार्ट फोन योजना शुरू की है, यहां के युवाओं को एक करोड़ मुफ्त स्मार्टफोन एवं टेबलेट उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी पोस्ट ग्रेजुएशन, बीटेक, ग्रेजुएशन, पॉलिटेक्निक, मेडिकल, पैरामेडिकल और कौशल विकास मिशन की ट्रेनिंग लेने वाले अभ्यर्थियों को स्मार्ट फोन/टेबलेट दिया जा रहा है। इसके अलावा सेवा क्षेत्र से जो नागरिक जुड़े हैं, उनको भी इस योजना का लाभ मिल रहा है। यूपी स्कॉलरशिप योजना में कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 में पढ़ने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप दी जा रही है। इससे आर्थिक तंगी के कारण जो बच्चे पढ़ नहीं पा रहे थे। उनकी पढ़ाई की राह आसान हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। फलस्वरूप यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में यूपी के विद्यार्थी सफल हो रहे हैं। बहुत सारी लड़कियों की शादी आर्थिक तंगी कारण नहीं हो पा रही थी। लिहाजा बाबा की अगुवाई वाली सरकार ने उत्तर प्रदेश शादी अनुदान योजना शुरू की और बिटिया की शादी में 51000 की धनराशि दे रही है। यूपी के श्रमिकों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना न पड़े। इसके लिए मुख्यमंत्री प्रवासी श्रमिक उद्यमिता विकास योजना का संचालन किया जा रहा है और प्रवासी श्रमिकों को यूपी में ही रोजगार मिल रहा है। बिजली का बिल जमा करने में अक्षम शहरी उपभोक्ताओं के लिए यूपी आसान किस्त योजना शुरू की गई है। शहरी क्षेत्र के लोग 12 और ग्रामीण उपभोक्ता 24 किस्तों में अपना बिजली का बिल जमा कर सकते हैं।



ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बैंकिंग की सुविधा से जोड़ने के लिए बीसी सखी योजना का संचालन यूपी में किया जा रहा है, इससे महिलाओं को जहां रोजगार मिला है, वहीं घर बैठे महिलाएं बैंकिंग सेवा का लाभ भी उठा रही हैं। कोरोना संक्रमण के दौरान जिन बच्चों के माता-पिता का देहांत हो गया था। उनके लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई है और बच्चे की पढ़ाई-लिखाई से लेकर शादी-विवाह तक खर्च सरकार ने उठाने का निर्णय लिया है। गांव और वहां के किसान खुशहाल रहे हैं। इसके लिए यूपी फ्री बोरिंग योजना चलाई जा रही है, जिससे लघु एवं सीमांत किसानों को सिंचाई की सुविधा से वंचित न होना पड़े। वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट योजना में विशेष प्रोडक्ट के उत्पाद के लिए कच्चा मालध्, डिजाइन, प्रशिक्षण, तकनीक एवं बाजार उपलब्ध कराया गया है, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिला है। यूपी मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को स्वलंबी बनाया जा रहा है। मातृशक्ति को जागरूक करने के लिए यूपी के 75 जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गरीब परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के तह 30000 रूपये की धनराशि प्रदान की जा रही है। यूपी भाग्यलक्ष्मी योजना में आर्थिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों के जन्म होने पर 50000 रूपये की आर्थिक सहायता राज्य सरकार की ओर से दी जा रही है। वहीं बेटी की मां को भी 5100 रूपये की धनराशि वित्तीय सहायता के तौर पर मिल रही है। इसके बाद जब लड़की छठी कक्षा में पहुंचेगी तब माता-पिता को 3,000 रुपये, 8 वीं कक्षा में 5000 रुपये, कक्षा 10 में 7,000 रुपये और 12 वीं कक्षा में 8,000 रुपये दिए जाएंगे। लड़की के 21 वर्ष की आयु होने तक लड़की के माता-पिता को 2 लाख रुपये का कुल धनराशि दी जाएगी। उत्तर प्रदेश श्रमिक भरण पोषण योजना के तहत यूपी के 15 लाख रिक्शा वाले, खोमचे वाले, रेहड़ी वाले, फेरी वाले, निर्माण कार्य आदि दिहाड़ी प्रत्येक श्रमिक को 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बेरोजगारों को रोजगार शुरू करने के लिए 25 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही मार्जिन मनी सब्सिडी भी मिल रही है। लड़कियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए बाबा की सरकार ने कन्या सुमंगला योजना शुरू की है, जिसके तहत लड़कियों को 15000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यूपी के लोगों को राशन गेहूं, चावल, चीनी आदि रियायती दरों पर देने के लिए कार्ड बनाये जा रहे हैं। परिवारों की आर्थिक स्थिति और आय के अनुसार एपीएल, बीपील, राशन कार्ड बनाये जाते हैं। देश के लोगों को अचल सम्पति पंजीकरण, विवाह पंजीकरण, भार मुक्त प्रमाण पत्र, 12 साला एवं विलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि आदि आसानी से मिल सके। इसके लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की गई है। राज्य के वृद्धजनों, विकलांग और विधवा महिलाओं के लिए पेंशन योजनाएं चलाई जा रही हैं। अपनी जमीनों से संबंधित अभिलेख, खेत के कागजात, खेत का नक्शा, भूमि का ब्यौरा, खाता आदि की जानकारी के लिए भूलेख पोर्टल की सुविधा बाबा की सरकार की ओर से की गई है। गन्ना खेती करने वाले किसानों के लिए ऑनलाइन गन्ना पर्ची की व्यवस्था यूपी में की गई है। यही नहीं, प्रदेशवासियों को अगर किसी तरह की दिक्कत परेशानी है तो उसके लिए जनसुनवाई पोर्टल का भी संचालन प्रदेश सरकार की ओर से किया जा रहा है, लोग अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। एंटी रोमियो स्क्वॉड के तहत मनचलों पर लगाम कसी जा रही है। जहां पर 100 प्रतिशत समाधान होता है। बताईये, यूपी के लोगों के लिए इतना सबकुछ होने के बाद भी एक मोहतर्मा कह रही हैं, यूपी में यूपी में का बा। 25 करोड़ की आबादी वाले विशालकाय यूपी में अगर कहीं पर आकस्मात कोई घटना घट जाती है तो उसके लिए पूरे यूपी का बा की मोहतर्मा दोष दे देती हैं।

*वरिष्ठ पत्रकार*

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, हड़कंप

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज ।**



खीरी जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी सात तहसीलों में एसडीएम न केवल स्वयं अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान संभाले है, बल्कि वह डीएम को नियमित रिपोर्ट भी कर रहे हैं। सभी तहसील क्षेत्रों के मुख्य मार्ग में वर्षों से अतिक्रमण जमाये अतिक्रमणकारियों पर मंगलवार को भी प्रशासन ने शिकंजा कसा।

प्रशासन ने बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी से पक्की सिढ़ियों को तोड़ा। वही गुमटियों को भी हटाया गया। दिन भर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद मुख्य सड़कें चौड़ी दिखने लगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों के बीच अफरातफरी- मची रही। अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों के आगे लगे होर्डिंग बोर्ड व एस्बेस्टस लगा कर किये गए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़वा दिया। बताते चले कि एसडीएम विनीत उपाध्याय ने कस्बा मितौली में लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। एसडीएम राजेश कुमार ने तिकुनिया कस्बे में स्टेशन रोड से अस्पताल रोड पर से अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम अनुराग सिंह ने गोला में अशोक चौराहे से विकास चौराहे एवं अलीगंज मार्ग पर अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए कब्जा मुक्त कराया। एसडीएम श्रद्धा सिंह के निर्देश पर तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह ने हिदायतनगर चौराहे से कपूरथला तिरहा तक अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान राजस्व, पुलिस व नगर पालिका की टीम मौके पर उपस्थित रही। वहीं अन्य एसडीएम ने भी अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में स्वयं खड़े होकर अतिक्रमण अभियान को लीड किया।

# खतरनाक तरीके से स्टंट करने वालें छात्रों की तीन कारों को किया गया सीज

- कुल 48,000 रूपये का शमन शुल्क किया गया अधिरोपित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



12 फरवरी 2023 को थाना थाना मोहम्मदी क्षेत्रान्तर्गत यू0डी0 पब्लिक स्कूल, मोहम्मदी के इंटरमीडिएट में पढने वाले कुछ छात्रों का स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी के पश्चात कारों से खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए स्टंट करने का एक वीडियों सोशल मीडिया पर आज दिनांक 22 2023 को वायरल हुआ।पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा वायरल वीडियों का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक यातायात पुलिस खीरी को वायरल वीडियो को ट्रेस करते हुए विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में जांच के दौरान उक्त प्रकरण थाना मोहम्मदी पर पाये जाने पर प्रभारी निरीक्षक थाना मोहम्मदी मय हमराही उ0नि0 रूद्रप्रकाश पाण्डेय द्वारा आज मोहम्मदी पुलिस द्वारा वायरल वीडियों में स्टंट करने वाले छात्रों की 03 कारों को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज करते हुए कुल 48,000 रूपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### 37 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सम्पूर्ण जनपद में अवैध शराब की के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 22 फरवरी 2023 को थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों को अवैध कच्ची शराब बनाते हुए 02 अदद प्लास्टिक की पिपियों में 37 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया, जिनके सम्बन्ध में थाना फूलबेहड़ पर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तो में शुभम कुमार पुत्र अशरफी निवासीगण ग्राम भीखमपुर थाना फूलबेहड़, राजेश पुत्र शत्रोहन लाल निवासी ग्राम भीखमपुर थाना फूलबेहड़ खीरी हैं। इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी, हे0का0 सुरेन्द्र कुमार, थाना फूलबेहड़, हे0का0 दीपक कुमार, थाना फूलबेहड़, का0 दीपांशू, थाना फूलबेहड,का0 गुरविन्दर सिंह, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी मौजूद रहे।

### कृषि यंत्रों, फार्म मशीनरी बैंक पर मिलेगा अनुदान 24 फरवरी से होगी टोकन प्री बुकिंग

- टोकन बुककर इच्छुक कृषक लें योजना का लाभ

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज 22 फरवरी।** जनपद- लखीमपुर खीरी के समस्त किसान भाइयों को सूचित करते हुए उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि कृषि निदेशालय, उप्र लखनऊ द्वारा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू (सीआरएम) योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों / फार्म मशीनरी बैंक पर अनुदान के लिए 24 फरवरी को मध्यान्ह 12 बजे से टोकन / प्री बुकिंग विभागीय वेबसाइड (up agriculture.com) के माध्यम से की जायेगी। जनपद के इच्छुक कृषक टोकन बुक कर योजना का लाभ ले सकते है।

### नवागत अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने पत्रकारों से की वार्ता



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को नवागत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री नेपाल सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर जनपद के पत्रकार बन्धुओं से भेंट/परिचय वार्ता की गई। इस दौरान अपनी पूर्व की नियुक्तियों, अपनी कार्यप्रणाली तथा अपने विषय में पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया गया तथा अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही एवं आम जनमानस के बीच पुलिस की मित्रवत छवि बनाना सहित अपनी प्राथमिकताओं से पत्रकार बन्धुओं को अवगत कराया गया तथा इस संबंध पत्रकार बंधुओं से सुझाव आमंत्रित किए गए एवं प्राप्त सुझावों पर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने हेतु आश्वस्त किया।

# एडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2023 को शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ संचालित परीक्षाओं का हाल जाना बल्कि वहां डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बुधवार को जिले में संचालित हाईस्कूल एंव इंटरमीडिएट परीक्षा की हकीकत जानने के लिए कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज व भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थित प्रधानाचार्यों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

एडीएम ने कहा कि डबल लॉक की सुरक्षा मानक के अनुरूप सुनिश्चित कराई जाए। यह भी देखें की प्रश्न पत्र हर हाल में सुरक्षित रहें। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में स्वयं की उपस्थिति में ही डबल लॉक से प्रश्नपत्रों को निकलवाएं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराएं। यदि किसी भी केंद्र व्यवस्थापक या सह केंद्र व्यवस्थापक द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# छज्जे से गिरने वाले तीसरे युवक की भी मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

**उन्नाव में 3 दिन पहले हुए हादसे में दो ने गंवाई थी जान, जन्मदिन मनाने गए थे तीनों**



कांशीराम मोहल्ला स्थित डूडा कॉलोनी का छज्जा गिरने से बीते रविवार की शाम दो युवकों की मौत हो गई थी। एक साथी की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल से हैलेट रेफर कर दिया था। बुधवार को इलाज के दौरान तीसरे युवक ने कानपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिवारीजनो में कोहराम मच गया।

एबीनगर मोहल्ला के रहने वाले दिलीप बीते रविवार को अपने साथी का जन्मदिन मनाने संदीप व अभिषेक के साथ डूडा कॉलोनी स्थित घर गये थे। घर के छज्जे पर तीनों खड़े हुए थे तभी अचानक जर्जर छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने से तीनों जख्मी हो गए थे। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट विजेता, एएसपी शशि शेखर सिंह, सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश, कोतवाल राजेश पाठक, चौकी इंचार्ज अस्पताल प्रवीण पुंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने एबीनगर मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय संदीप को मृत घोषित कर दिया। उधर, जख्मी दिलीप व अभिषेक को जिला अस्पताल की इमर्जेंसी में भर्ती करवाया गया।

दिलीप व अभिषेक की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। उसी दिन दिलीप की भी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया था। साथ ही सोमवार को अंतिम संस्कार कराया था। घायल तीसरे साथी अभिषेक ने बुधवार को कानपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया कारागार का निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार मिश्रा द्वितीय द्वारा जिला कारागार, बहराइच का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक राजेश कुमार यादव द्वारा बताया गया कि इस समय तक कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों में पुरुष बंदी 877 व महिला बंदी 44 है। जबकि सिद्धदोष बंदियों में पुरुष बंदी 103 व महिला बंदी 03 हैं। महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों की संख्या 7 है जिसमें 5 लड़के व 2 लड़कियां हैं।

पाकशाला के निरीक्षण के दौरान जेलर आनन्द कुमार शुक्ल द्वारा बताया गया कि दोपहर के भोजन में बन्दियों को अरहर की दाल, रोटी, चावल व पत्ता गोभी, गॉंद गोभी, गाजर की मिक्स सब्जी दिया गया है। सायंकाल नाश्ते में चाय व बिस्किट दिया जायेगा। पाकशाला के बाहरी दीवारों पर बंदियों को दिये जाने वाले भोजन का मेन्यू चार्ट चस्पा पाया गया। पाकशाला की व्यवस्था ठीक पायी गई। अस्पताल बैरक 10 के निरीक्षण दौरान जेलर श्री शुक्ल द्वारा बताया गया कि अपस्ताल में भर्ती बंदियों की संख्या 16 है, जो कैंसर, कार्डिक, मनोरोग इत्यादि रोगों से ग्रसित है जिनका सुचारु रुप से इलाज किया जा रहा है। महिला बैरक में महिला बन्दियों को प्रत्येक माह आयोजित होने वाली जेल लोक अदालत के माध्यम से छोटे वादों के मुकदमे का शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उनके वादों के संबंध में तारीखों, गवाही एवं जमानतों के संबंध में पूछताछ की गयी तथा उन्हे कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल प्रशासन को यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी विचाराधीन बंदी के मामले में कोई भी देरी न की जाय। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश कुमार यादव, जेलर आनन्द कुमार शुक्र, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव सहित अन्य सम्बन्धी मौजूद रहे।

# एग्री जंक्शन योजना में आवेदन की तिथि बढ़ी

**लखीमपुर खीरीसमृद्धि न्यूज।**

**22 फरवरी।** डीडी (कृषि) अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि कृषि निदेशक उप्र द्वारा जनपद खीरी में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्री जंक्शन) योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में 14 एग्री जंक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजनान्तर्गत उप्र में निवास करने वाले कृषि स्नातक /कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा- उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य /केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों जो आईसीएआर / यूजीसी द्वारा मान्यता हो पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/ कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर विचार किया जायेगा। आयु 40 से अनधिक, अनुसूचित जाति / जनजाति / महिलाओं को 05 वर्ष की अधिकतम छूट है। पात्र अभ्यार्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। प्राप्त आवेदनों में विकास खण्डवार वरीयता सूची बनेगी एवं इस आधार पर चयन समिति द्वारा अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कृषि विषय में योग्यता रखने वाले लाभार्थियों को अपना आवेदन सभी अभिलेखों के साथ 22 फरवरी को सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराये जाना था, किन्तु लाभार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से अन्तिम तिथि 28 फरवरी को सायं 05 बजे तक बढ़ाई जाती है। आवेदन सीधे कार्यालय में या मात्र डाक के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। 28 फरवरी को सायं 05 बजे के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार करना सम्भव नहीं होगा। विस्तृत जानकारी या किसी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय का सीयूजी नं0-7839882210 पर सम्पर्क करें ।

# वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का समय समय पर कराया जाए स्वास्थ्य परीक्षण : डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि वृद्धजनों को पूरे आदर एवं सम्मान के साथ उनके भरण पोषण की व्यवस्था का लगातार अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर कराया जाए तथा मनोरंजन आदि के लिए स्थानीय तीर्थ स्थान आदि पर भ्रमण कराया जाए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में भजन कीर्तन आदि की व्यवस्था भी करायी जाए। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में पी0पी0पी0 मॉडल पर जनपद में वृद्धाश्रम संचालन करने वाली संस्था के नवीनीकरण हेतु समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 वैभव त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम से आई हुई एक वृद्ध महिला से वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। महिला ने उन्हें अवगत कराया कि वृद्धाश्रम में समय पर भोजन आदि अन्य व्यवस्थाए समुचित रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से भी वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि नियमित रूप से वृद्धाश्रम का भ्रमण किया करें। समिति के सदस्यों की सहमति से वृद्धाश्रम संचालन करने वाली संस्था के नवीनीकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

# जिला स्तरीय जूनियर हाकी बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 1 मार्च से

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला क्रीडा अधिकारी ने बताया कि उ.प्र. शासन एवं खेल निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, सीतापुर के द्वारा जिला स्तरीय जूनियर हाकी बालक वर्ग प्रतियोगिता दिनांक 1 मार्च 2023 व जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स (बालक/बालिका वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन 2 मार्च 2023 को किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं का आयोजन मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में प्रातः 9:00 बजे से किया जा रहा हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने विद्यालय से प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित जन्मतिथि प्रमाण पत्र अवश्य रूप से लायेगें। अन्यथा प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया जायेगा।

विजेता एवं उपविजेता टीमों व प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी को खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार की धनराशि खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के खातों में NEFT के माध्यम से प्रदान की जानी है, अतः प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को अपने खाते की पुरा विवरण कार्यालय को देना होगा खिलाड़ी का खाता न हाने की दशा में उनके माता व पिता का खाता मान्य होगा। खाते की विवरण उपलब्ध न कराने पर खिलाड़ी को उनके इनाम की धनराशि उसे प्रदान किया जाना संभव न होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित खिलाड़ी की होगी।

# मांगो को लेकर किसान संगठन का क्रमिक अनशन जारी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

- गन्ना बकाया भुगतान न होने के कारण किसान परेशान

गोला गोकर्णनाथ पिछले वर्ष के बकाया भुगतान को लेकर आंदोलन के 52 दिन व्यतीत हो अब तक पिछले सत्र का भुगतान नहीं हो पाया उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर किसानों की आस लगी हुई थी बजाज ग्रुप से जुड़े हुए गन्ना किसानों को कृषि कर्ज से उबारने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं दिखा एक तरफ आवारा जानवर किसानों की फसलों को नुकसान कर कर्ज के दलदल में पहुंचा रहे हैं दूसरी तरफ गन्ना बकाया भुगतान न होने के कारण किसान बर्बाद हो गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी अपना वादा निभाना भूल गए इन 52 दिनों में कृषि कार्य काफी प्रभावित हुए हैं एक किसान नेता चीनी मिल प्रबंधन से मिलकर हमारे चाय और खाना की बड़ी चिंता करते हैं उन्हें मालूम होना चाहिए हम सभी अन्नदाता किसान हैं हमारे घरों से चाय और भोजन आया करता है प्रतिदिन बदल बदल कर के किसान बैठते हैं हम नेता बनने के लिए नहीं गन्ना किसानों के परिवार चलाने के लिए भुगतान लेने के लिए बैठे हैं बेहतर होता नेता हमारी चिंता न करके तहसील जिला अधिकारी जिला गन्ना अधिकारी के यहां भुगतान कराने के लिए कुछ कार्य करते हैं।

चीनी मिल प्रबंधन के इशारे पर जो शब्द चीनी मिल को रखना चाहिए वह स्वयं ना रखते समाचार पत्रों में कई बार देखा नील नीलामी से पैसे मिलने वाले हैं बिजली के पैसे मिलने वाले हैं सब झूठा साबित हुआ जो पक्ष चीनी मिल प्रबंधन को रखना चाहिए वह नेता स्वयं रख रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण है आज क्रमिक अनशन पर राकेश कुमार मिश्रा, महेश प्रसाद वर्मा, मिश्रीलाल, सुनील कुमार, अवधेश कुमार वर्मा सहयोग में राजेंद्र प्रसाद मनोज कुमार शिव सिंह यादव आनंद कुमार माधवराम धर्मेंद्र कुमार ईश्वर दीन बर्मा राम लखन बाजपेई सुनील वर्मा ललित कुमार सालिकराम वर्मा मुस्तफा हुसैन बादाम सिंह डायरेक्टर चेयरमैन सुरेश वर्मा डॉ राजेश कुमार श्रवण कुमार यादव रघुवीर प्रसाद कमर आलम सरदार अक्षर सिंह घनश्याम वर्मा जसविंदर सिंह राकेश कुमार शिवकुमार आदि किसान बैठे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उन्नाव शहर के मोहल्ला तकीनगर निवासी राजा पुत्र अनवर का ननिहाल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर हमजा में है। गत सोमवार को राजा के मामा यूनुस के पुत्र आवेश की बारात गुरसहायगंज गई थी। मंगलवार को वलीमा था। वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजा फत्तेहपुर हमजा आया था। कार्यक्रम निपटाने के बाद बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे वह अपने रिश्तेदार कानपुर नगर के मोहल्ला सुजातगंज निवासी फारुक पुत्र अफजल के साथ बाइक द्वारा ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन गंजमुरादाबाद जा रहा था। गंजमुरादाबाद में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने राजा 25 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल 22 वर्षीय फारूक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। राजा उन्नाव शहर में सैलून की दुकान चलाता था। पांच भाई मोहम्मद शानू, मोनू, तनवीर, जैद और ओवैस में चौथे नंबर पर था। राजा की मौत से पांच भाइयों तथा एक बहन सना का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल व साफ-सफाई के बताए तरीके

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में हरगांव ब्लॉक के मंगरूआ गांव के पंचायत भवन में फाइलेरिया को लेकर एक दिवसीय रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता निवारीण (एमएमडीपी) कार्यशाला आयोजित हुई। सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में शिव शक्ति पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के दस नेटवर्क सदस्यों के साथ ही छह नॉन नेटवर्क सदस्यों और सात ग्रामीणों ने भी प्रतिभाग किया।

जिला मलेरिया अधिकारी राज कुमार सारस्वत ने बताया कि फाइलेरिया के लक्षण तुरंत नज़र नहीं आते हैं। इसके लक्षण आने में कई साल लग जाते हैं। इसलिए फाइलेरिया से बचाव ही इसका सफल उपचार है। इसके लिए जरूरी है कि आगामी अगस्त माह में चलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए राउंड) में फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन जरूर करें। सहायक मलेरिया अधिकारी डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया रोगियों को शारीरिक व्यायाम, लेटने की स्थिति एमएमडीपी किट के प्रयोग और फाइलेरिया ग्रसित अंगों की किस तरह से साफ-सफाई करनी है। इस संबंध में उन्होंने व्यायाम करने, फाइलेरियाग्रस्त अंगों की साफ-सफाई करने के तरीकों को करके बताया। सहायक मलेरिया अधिकारी मंजूषा गुप्ता ने बताया कि यह लाइलाज बीमारी है, एक बार बीमारी हो जाने पर जिंदगी भर इसके साथ ही जीना पड़ता है। इसलिए फाइलेरिया के रोगी को हमें मानसिक संबल प्रदान करने की जरूरत है। शादिया ने बताया कि मच्छरों से बचने के लिए घर के आसपास साफ सफाई रखनी है। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने हैं और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना है। इसकी जानकारी ट्रेनिंग में मिली, अब मैं ऐसा ही करूंगी।

# मंत्रोच्चार के साथ बटुकों का जनेऊ संस्कार संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सनातन ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में तरीनपुर स्थित ताड़कनाथ मंदिर में बटुकों का उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया गया कार्यक्रम शुरू होने से पहले माताओं ने अपने बच्चों का हल्दी लेपन किया। इसके बाद नए वस्त्र धारण करके पूजा में बैठे। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ बटुकों को जनेऊ धारण करवाया। बटुकों ने जनेऊ धारण करके नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। जनेऊ के बाद माता, पिता, परिजनों से भिक्षा मांगने की रस्म निभाई जाएगी। सुबह से दोपहर तक निपटाए गए संस्कारों में तेलमाटी, चुलमाटी, मंडपाच्छादन, हरिद्रालेपन, दौतेला, चिकट, मातृका पूजन, नहडोरी, मुंडन, बरूआ खिलाई की रस्म निभाई गई। कार्यक्रम में संयोजक विशवम्भर दयाल तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामदत्त मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष आकाश राय, जिला अध्यक्ष कमलेश पांडेय, महामंन्त्री अजय मिश्रा, नैमिष रत्न तिवारी, जीवेश रत्न तिवारी, सचिन त्रिपाठी, शशिकला मिश्रा, अंकित त्रिपाठी, वेद प्रकाश, वेद प्रकाश त्रिपाठी, कृष्ण बिहारी अवस्थी, दिनेश मिश्रा, राम शंकर मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, अम्ब्रीश दीक्षित,शिव बालक त्रिवेदी, आयुषी पांडेय, समेत अनेक सदस्य शामिल हुए।

# विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

जनपद न्यायलय के न्यायाधीश श्री तेजप्रताप तिवारी के मार्गदर्शन में अपर जिला जज श्री रामकृपाल के नेतृत्व में इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के सहयोग से उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरौली में विधिक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया , इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज श्री राम कृपाल रहे और विशिष्ट अतिथि सहजनवा तहसीलदार श्री केशव जी रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात आईजीएल के व्यापार प्रमुख एस के शुक्ल ने अपने उद्बोधन में विधिक साक्षरता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। और कानूनों के निर्माण में लोगों की भागीदारी बढ़ती है और कानून के शासन की स्थापना की दिशा में प्रगति होती है। तहसीलदार ने कहा की आम जनमानस को मुकदमे में ना उलझ कर आपस में समझौता करके आगे बढ़ जाना चाहिए , अपर जिला जज ने विस्तार से घरेलू हिंसा, बाल विवाह, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, मानव दुर्व्यापार जैसे अन्य अपराधों के रोकथाम एवं सरंक्षण के लिए लागू योजनाओं से उपस्थित सभी को अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई।



## सभी को सजग रहने की जरुरत

वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि बच्चा जब पैदा होता है तभी कानूनी प्रक्रिया से जुड़ जाता है। इसलिए सभी को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है। कहा कि अपने अधिकार और कानून के बारे जानते रहेंगे तो कभी अदालतों की शरण नहीं लेनी पड़ेगी। कानून को परिभाषित करते हुए कहा कि अच्छे मार्ग पर चलना और अनुशासन में रहना ही कानून है।डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बिजनेस हेड के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया और अतिथियों के प्रति आभार जताया, सहयक प्रबंधक अखिलेश शुक्ल ने कार्यक्रम की व्यवस्था किया और मंच संचालन सहायक प्रबंधक आत्मा नंद सिंह ने किया। अपर जिला जज , तहसीलदार एवं बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन त्रिपाठी को विशेष धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त किया की आपके मार्गदर्शन में विद्यालय नित प्रतिदिन प्रगति करे। कार्यक्रम में राममनोहर पांडे, ऋतु मल्ल, अशोक कुमार यादव, इंद्रसेन यादव, सुरभि गुप्ता, कहकशा अंजुम, शिवानंद यादव, सब्बीर अहमद इत्यादि के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कुरान हिफ्ज करने वाले 21 बच्चों को बांधी गई पगड़ी

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

कस्बा मसौली स्थित मदरसा वारसिया नुरुल उलूम में जश्ने दस्तारबन्दी प्रोग्राम में कुरान हिफ़्ज़ करने वाले 21 बच्चों की पगड़ी बांधी गयी। कार्यक्रम की शुरुवात कारी मो0 फैजान के तिलावत कुरान शरीफ से हुई। जलसे के मेहमाने खुशुशी मुफ़्ती शमसुद्दीन ने बच्चों को नसीहत करते हुए कहा कि वर्तमान हालात के तकाजों को समझते हुए आप लोग दीनी तालीम की रोशनी मजहब ए इस्लाम का पैगाम पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि ईनामात मिलना मेहनत का नतीजा हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई में कड़ी मेहनत करें और जिस तरह आज छात्रों को इनाम दिये जा रहे हैं, कल उन्हें भी दिए जाएं। अपने जीवन का लक्ष्य तय करें उस पर मेहनत करें और जीवन में सफलता हासिल करें। तथा अपने अकाबिर के नक्शे कदम पर चलकर दीन की खिदमात को अंजाम दें उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लें।

मौलाना फैजान, मिसबाहुद्दीन व कारी जलालुद्दीन ने इल्म की जरूरत पर रोशनी डालते हुए अपने बयान प्रस्तुत किये। जलसे में शिरकत करने आये शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़कर पूरी रात समा बांध दी। शायर कौसर तसमीन सुल्तानपुरी ने पढ़ा÷ बात दो जमाने को तसमीन व कौसर , कि हम लोग पढ़ते है क्यों नाते सरवर। कारी इकरारूदुद्दीन बस्तवी ने पढ़ा कोई बाकी गुल रह न जायेगा न चमन रह जायेगा,पर रसूआल्लाह का दीने हसन रह जायेगा।

## नबी नबी बोलने पर लोग झूम उठे

मुमताज टांडवी में पढ़ा कलम उठाऊं तो मिसरा नबी नबी बोले पर लोग झूम उठे और नारे तक्बीर अल्लाह अकबर से पिण्डाल गूंज उठा। कार्यक्रम में सदर मुदर्रिस ने उलमाओं की मौजूदगी में महफ़िल के सामने सभी 21 हाफिजों को सनद के साथ दस्तार पेश की।सभी हाजरीने महफ़िल का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मदरसे के सदर मो आरिफ वारसी, नायाब सदर हाफिज नियाज, मो अशफाक, हाफिज अकील, मास्टर मो0 सलमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला पतंजलि योग समिति की बहनों को दी गई अहम जिम्मेवारी : साध्वी देव पवित्रा

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी की परम शिष्याएं एवं सन्यासी बहनें साध्वी देव पवित्रा एवं साध्वी देव पूर्णिया जी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योग को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पिछले 3 महीने से उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर निकली हैं। इसी परिप्रेक्ष में मंगलवार को सोनभद्र की धरा पर राज्य प्रभारी श्रीमती शशि आर्या जी के साथ आगमन हुआ। राबर्ट्सगंज के मारवाडी धर्मशाला में उनका स्वागत गर्मजोशी के साथ जिला प्रभारी श्रीमती उषा कोमलन एवं अनीता गुप्ता द्वारा किया गया। जिले में फिर से समिति का गठन किया गया जिसमें स्वामी जी के आदेश से सोनभद्र के क्षेत्र को देखते हुए बहनों के कार्य को आसान करने के लिए दक्षिणांञ्ल व उत्तरांचल दो हिस्सों में विभाजित कर दिया गया। दक्षिणांञ्चल का दायित्व श्रीमती ममता श्रीवास्तव को दिया गया तथा उत्तरांचल का दायित्व श्रीमती अनीता गुप्ता को दिया गया। इसके अतिरिक्त और भी जिले के पदों पर परिवर्तन किए गए हैं। तहसीलों में भी परिवर्तन किया गया है। इस अवसर पर पतंजलि परिवार से भाइयों ने पुरे तन मन से सहयोग किया। इस अवसर पर पतंजलि तहसील प्रभारी प्रतिभा सोनी , घोरावल तहसील की प्रभारी अर्चना जैसवाल जिला संगठन मंत्री ममता श्रीवास्तव, सोशल मिडिया प्रभारी पल्लवी कुमारी तहसील संगठन मंत्री ममता गुप्ता बीना गुप्ता उषा द्विवेदी ,अनीता गुप्ता सरोज द्विवेदी, भाइयों में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि त्रिपाठी जिला संगठन मंत्री सुनील कुमार चौबे संरक्षक सुनील श्रीवास्तव तथा अनेक भाई व बहन उपस्थित रहे।



# आटो से घायल युवक की ईलाज के दौरान हुई मौत

**करमा, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय थानांतर्गत पापी गांव के समीप मंगलवार की शाम लगभग 06 बजे मिर्जापुर हिंदूआरी मार्ग पर सगड़ी लेकर जा रहे युवक को आटो ने टक्कर मार दिया, जिससे 32 वर्षीय युवक सुबास गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने एंबुलेंस से पीएचसी केकराही में भर्ती कराया गया, स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां बुधवार को सुबह लगभग 9.30 बजे मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय सुबास पुत्र अनंत निवासी कसया खुर्द थाना करमा सोनभद्र मगंलवार की शाम अपने छोटे भाई के साथ फरमा पहुंचाने खैराही जा रहा था। पापी प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचा था कि राबर्ट्सगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार आटो ने सगड़ी (रिक्सा) में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि फरमा लदी सगड़ी के साथ आटो पलट गई। आटो में सवार लोगों सहित सुबास को भी गंभीर चोट आई। ग्रामीणों के मदद से उपचार के लिए एंबुलेंस से घायलों को पीएचसी केकराही भेजा गया। बुधवार की सुबह सुबास पुत्र अनन्त ने दम तोड दिया। सुबास गांव में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक को दो पुत्र है, जिसमे बड़ा बेटा 06 वर्ष दूसरा 04 वर्ष का है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। सुबास की पत्नि, उसके दोनो बच्चों सहित मां बाप का रो रो कर बूरा हाल है, पति की मौत की खबर से पत्नि ने आपा खो दिया है, वह बेसुध पड़ी रही। पीएम नहीं कराने की जिद पर मृत पति के शव पर लिपट कर विलाप करती रही।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

कस्बा हैदरगढ़ में लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर सिंचाई कालोनी के सामने आधी रात के बाद लखनऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने सड़क पर पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी।दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस मृतक को सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आई।डाक्टरों ने युवक की मौत की सूचना कोतवाली पुलिस को भेजी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया।चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि तमाम प्रयासों के बाद अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# युवक की हत्या, पुलिस ने शव किया बरामद

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

कैंट थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी के एक पुराने मकान से पुलिस ने लगभग 22 वर्षीय युवक की लाश बरामद किया है बता दें कि विगत दो दिनों से गायब था।

वही मृतक की पहचान अनीष पुत्र स्वम्मनजीत निषाद के रूप में हुई है वह आदर्श नगर कॉलोनी थाना कैंट का ही रहने वाला था।

अभी कुछ दिन पहले मृतक बेंगलुरु से कमा कर अपने घर आया था। परिजनों का आरोप लगाते हुए कहा कि पोस्टर फाड़ने को लेकर क्षेत्र फिर कुछ दबंगों से उसका विवाद हुआ था इसको लेकर उन्होंने चौकी पर इसकी शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने तब कोई कार्रवाई नहीं की इसलिए यह बड़ी घटना घटित हुई मौके पर एसपी सिटी के साथ क्षेत्राधिकारी कैंट और भारी पुलिस बल मौजूद है।



# टेंट लगा रहे युवक की करंट लगने से मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मवैय्या गांव में बुधवार की सुबह करेंट लगने से टेंट लगा रहे युवक की मौत हो गई जबकि युवक को बचाने में मृतक के पिता व एक मजदूर झुलस गए। जानकारी के अनुसार मवैय्या गांव में बुधवार को बेटी के व्याह के लिए मंगलवार की रात से ही टेंट लग रहा था।सुबह लगभग नौ बजे टेंट मालिक पड़ोस के डेहवा गांव निवासी विक्रम उर्फ छेद्दू का 19 वर्षीय पुत्र पिंटू टेंट की लाइट चेक कर रहा था। इसी समय विद्युत तार की चपेट में आकर टेंट कर्मी पिन्टू तड़पने लगा।

# ट्रेनों की धुलाई के लिए बनाया जा रहा था वाशिंग पिट

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

जहां एक तरफ केंद्र की सरकार रेलवे को हाईटेक बनाने के लिए भारत सरकार भारी भरकम बजट उपलब्ध करा रही है ताकि रेलवे का कायाकल्प हो और हर चीजें हाईटेक हो जिसके परिपेक्ष्य में चोपन में भी रेलवे के द्वारा करोड़ों रुपए के लागतों से तमाम तरह के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें ट्रेनों के धुलाई के लिए भी लगभग पांच सौ मीटर लंबा वाशिंग पिट बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह किन्हीं कारणों से लगभग तीन सौ मीटर वाशिंग पिट धराशाही हो गया जिसके बाद संज्ञान में आते ही ठेकेदार द्वारा कमियों को छुपाने के लिए पूरे धराशाई हुए वाशिंग पीट को काले प्लास्टिक से ढक दिया गया ताकि किसी की नजर ना पड़ सके परंतु कुछ लोगों ने घटना को देख लिया और यह बात मीडिया तक पहुंच गई इसके बाद मौके पर जाकर स्थानीय मीडिया कर्मियों ने धराशाही हुए वाशिंग पिट को अपने कैमरे में कैद कर लिया। वही इस बात की जानकारी जब रेलवे के उच्च अधिकारियों को हुई तो हड़कंप मच गया हालांकि जब कंट्रक्शन विभाग के आई.ओ. डब्ल्यू अवधेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है बरहाल मैं छुट्टी पर हूं आने के बाद जांच किया जाएगा तथा घटना के बाबत उच्चाधिकारियों को सूचना दे दिया गया है। मजे की बात यह है कि जब इसी विभाग के एक्सईएन से बात किया गया तो उन्होंने घटना के बाबत अनभिज्ञता जाहिर की परंतु मीडिया कर्मियों के तीखे सवालों के सामने बहुत देर तक टिक नहीं पाए और उन्होंने बताया कि यह कार्य गलत तरीके से हुआ था जिसके चलते इसको हम लोगों ने डिस्ट्रॉय करवाया है ना कि अपने से धराशाई हुआ है।

## भाजपा नेता ने किया चक्का जाम

# डाला नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी पर लगाया अभद्रता का आरोप

**डाला सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के सेक्टर बी चौराहे पर भाजपा नेता ने नगर पंचायत डाला बाजार की अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडे पर कथित अभद्रता के व्यवहार से नाराज़ होकर चक्का जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार

बुधवार शाम को डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के सेक्टर बी चौराहे पर भाजपा नेता मनीष तिवारी के नेतृत्व में नगर पंचायत डाला बाजार की अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय पर कथित अभद्रता के व्यवहार करने से नाराज़ होकर डाला-ओबरा संपर्क मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।मनीष तिवारी का कथित आरोप है कि नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी के द्वारा नगर में विकास कार्य में दोहरी नीति की भूमिका निभाई जा रही और अधिशासी अधिकारी नियमित नगर पंचायत कार्यालय में मौजूद नहीं रहती है तथा राकेश जायसवाल के घर से नाला तक लगभग 40 मीटर की नाली निर्माण को लेकर लगभग आठ माह पूर्व टेंडर किया गया था लेकिन आज तलक नाली का निर्माण नहीं हो सका है जब इसके बारे में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय से पूछा गया तो वह अभद्रता का व्यवहार करते हुए महिला के नाम पर मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देने लगी जिसके कारण यह चक्का जाम किया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने समझाने की भरपूर कोशिश की मौके पर पहुंचे नगर पंचायत डाला बाजार कार्यालय के लिपिक ऋषि कुमार द्वारा अधिशासी अधिकारी से टेलिफोनिक वार्ता कराते हुए स्थानीय पुलिस की सहयोग से जाम को खुलवा दिया।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

## कारागार में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर, दी गई विधिक जानकारियां

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव फौजदार के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला कारागार में निरीक्षण तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।यह निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री यादव कारागार में निरूद्ध सभी बन्दियों के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गयी।इसमें 22 फरवरी को कुल 1314 बन्दी व 67 महिला बन्दी निरूद्ध पाये गये।इस दौरान जिला कारागार में साफ सफाई अच्छी पायी गयी और बन्दियों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था।जिला कारागार में कोई बाहरी व्यक्ति नही पाया गया।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री यादव द्वारा कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के बौद्धिक विकास के लिए उनको मोटिवेट किया जाय जिससे सभी बन्दी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश के विकास की मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें।इसी क्रम में सचिव श्री यादव द्वारा बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जानकारी किए जाने के दौरान सभी बन्दी स्वस्थ्य पाये गये। जिला कारागार में निरूद्ध सभी बन्दियों से किसी भी प्रकार की समस्या के बारें पूछा गया तो किसी बन्दी ने कोई भी शिकायत नही की।निरीक्षण के दौरान ही अपर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री यादव द्वारा लीगल एड क्लीनिक में कम्प्यूटर पर दर्ज बन्दियों की सूची का निरीक्षण किया गया।इस बीच जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पराविधिक स्वंय सेवक के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के बाद जिला विधिक प्राधिकरण सचिव द्वारा जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



# जिलाधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

बुधवार को जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह अचानक चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच गये जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों में अफरातफरी मच गई जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई से लेते हुए पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किये साथ ही मरिजों से भी बात कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सीएचसी पहुंचने के बाद वह सीधे लेबर रूम, जच्चा-बच्चा हॉल, ऑपरेशन यम, रिकार्ड रूम, ओपीडी, दवा स्टाक, स्टाफ यम आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि अस्पताल में उपलब्ध दवाओं को ही मरीजों के पर्ची पर अंकित किया जाये, जिससे मरीजों को बाहर से दवा न लेनी पड़े और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि मरीजों को अस्पताल से ही दवा उपलब्ध करायी जाये, उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान दिया जाये कि स्टाक में पर्याप्त मात्रा में सभी दवाएं उपलब्ध रहें। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में साफ-सफाई रखने के साथ ही मरीजों की देखभाल करने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये, उन्होंने दवाओं के रख-रखाव की स्थिति को देखा।और कहा कि किसी भी मरीज को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

## तिलकोत्सव की दी गई बधाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री राम युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार शुक्ला मनु भैया के तिलकोत्सव में उनके निवास मोती पुरवा गांव पर पूर्व विधायक व परशुराम चेतना पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पांडेय का आगमन हुआ वहां पहुंचकर उन्होंने बृजेश कुमार शुक्ला को तिलकोत्सव की बधाई, शुभकामनाएं दी और कहा कि जब भी कभी जरूरत पड़ेगी वह अपने अपनी सेना के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को सनातन के कार्य में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान बहुता देवी प्रसाद जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजू त्रिवेदी जी अरुण शुक्ला जी राम प्रकाश तिवारी जी विनोद कुमार मिश्रा प्रशांत मिश्रा अमितेश दीक्षित अनुराग शुक्ला विकास शुक्ला पुत्तन तिवारी विकास मृगनेंद्र पांडेय अनुज मौर्य पंकज तिवारी हरिवंश सिंह अलौकिक सिंह व कई अन्य सनातन धर्मी मौजूद रहे।

## गौ आशय स्थल का समय से कराएं निर्माण

**बाराबंकी।** निराश्रित बेसहारा पशुओं के संरक्षण हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर 59 पशु आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य हो रहा है, जिसमें सभी गोशालाओं का समय से पूर्ण कर संचालित करने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ विकास खण्ड हैदरगढ़ में पशु आश्रय स्थलों का र्भ्रमण किया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी हैदरगढ़ के साथ ग्राम बेहटा, सिढुमउ, रनापुर में निर्माणाधीन पशु आश्रय स्थल का भ्रमण किया। सीडीओ ने भ्रमण के दौरान प्रगति के प्रति संतोष जाहिर करते हुए 27 फरवरी, 2023 तक पूर्णकर संचालित करने के निर्देश दिए। ग्राम बेहटा में गोशाला संचालित हो गया है। खण्ड विकास अधिकारी हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज को निर्देश दिया कि विकास खण्ड त्रिवेदी की गोशालाओं का भी समय के अन्तर्गत निर्माण पूर्ण कर संचालित कर दिया जाये।

## मानव सेवा ही इस्लाम धर्म का मुख्य उददेश्य : मुफ्ती नजीब

**बेलहरा बाराबंकी।** फतेहपुर कस्बा के मोहल्ला मौलवीगंज 2 में मानवाधिकार परिषद की ओर से ऑल इंडिया नातिया मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकारों व समाजसेवियों को मानवाधिकार परिषद की तरफ से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मानवाधिकार परिषद के प्रदेश सचिव मुईद अहमद सिद्दीकी ने कहा के लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु मानवाधिकार परिषद हमेशा उनके सुख दुख में साथ खड़ा है। मुशायरे का आगाज कारी मुजीब फतेहपुरी की तिलावत से हुआ। सदारत मुफ्ती नजीब कासमी और निजामत वकार काशिफ ने की। मेहमाने खुसूसी के तौर पर केश अंसारी,मो. हनीफ ,जितेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। मुफ्ती नजीब कासमी ने कहा कि मानवाधिकार का मतलब आदमी के अधिकारों को देना या दिलाना,किसी पर जुल्म हो रहा हो तो उसको रोकना,समाज सेवा ही इस्लाम धर्म का मुख्य उद्देश्य है। मुशायरे में शराफत बिस्वानी,कारी परवेज यजदानी,मुजीब फतेहपुरी,शाकिर बाराबंकवी,अब्दुल हादी फैज़ी, अतीक फतेहपुरी,गुफरान कामिल,नसीम अख्तर, वसीकुर्रहमान शफक़,कामिल फतेहपुरी आदि ने अपना कलाम पेश किया। इस मौके पर मुकीत उर्रहमान खान, शाहिद सिद्दीकी, खतीब अल्वी, शेख शहाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया महान विचार लार्ड वेडेन पावेल का जन्मदिन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** श्री सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज औरेला सैदनपुर में भारत स्काउट एवं गाइड जिला बाराबंकी के जिला प्रशिक्षक शिवराम के नेतृत्व में वेडेन पावेल का जन्मदिन स्काउट चिन्तन दिवस 2023 मनाया गया। बुधवार प्रथम पाली की परीक्षा समाप्ति व द्वितीय पाली की परीक्षा शुरु होने के बीच के समय का उपयोग करते हुए दोपहर के छोटे से समय में कार्यक्रम मनाया गया।इस अवसर पर बेसिक स्काउट मास्टर राजकुवंर दुबे ने बताया कि स्काउटिगं के माध्यम से व्यक्ति के अन्दर अनुशासन की भावना का विकास होता है विद्यालय के प्रबन्धक राकेश कुमार दीक्षित ने बताया कि आज के बिगड़ते हुए महौल मे स्काउटिंग की उपादेयता अत्यधिक बढ़ जाती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कहा कि इस आन्दोलन को सफल बनाने के लिए हम प्रत्येक बालक बाालिका का बोर्ड परीक्षा के बाद प्रशिक्षण बुलाकर अपने विद्यालय श्री सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज औरेला सैदनपुर मे प्रशिक्षण का कार्य करायेगे।प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार यादव ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज हम जिस महान विचारक भारत स्काउट गाइड के संस्थापक वेडेन पावेल के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रुप मे मना रहे है यह चिंतन दिवस तभी सार्थक होगा जब हम सभी महान विचार लार्ड वेडेन पावेल जी के बनाए गए सिद्धान्तो को आत्मसात कर सम्पूर्ण समाज को हर स्थिति मे एक दूसरे का सहयोग करने और हर परिस्थितियो से निपटने के लिए आत्म निर्भर बनने हेतु समाज के सभी वर्गो को प्रेरित करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-2231/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 22/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री (ना0) प्रत्यूष वर्मा पुत्र श्यामबाबू वर्मा (संरक्षक) निवासी मो0 बजरिया रामलाल ने वसीयत विलेख के आधार पर भवन स0 78 मो0 बजरिया रामलाल कायमगंज पर श्रीमती जावित्री देवी पत्नी रामप्रकाश के स्थान पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है, जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ती लिखित रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करों की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-2292/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 22/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री अनुपम चन्द्र अग्रवाल पुत्र कृष्ण प्रसाद अग्रवाल निवासी मो0 सधवाड़ा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन स0 451 मो0 सधवाड़ा कायमगंज पर श्री कृष्ण प्रसाद पुत्र नारायनदास अग्रवाल के स्थान पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है, जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ती लिखित रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करों की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-2321/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 22/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती तनुजा अग्रवाल पत्नी दिलीप कुमार अग्रवाल निवासी मो0 सधवाड़ा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख के आधार पर भवन स0 13 मो0 सधवाड़ा कायमगंज पर श्री विजय बिहारी पुत्र स्व0 कैलाश चन्द्र के स्थान पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है, जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ती लिखित रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करों की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-2319/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 22/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती मंजू वर्मा पत्नी उमाशंकर वर्मा निवासी मो0 बजरिया ठाकुरदास ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख के आधार पर भवन स0 72 मो0 बजरिया ठाकुरदास कायमगंज पर श्री जगदीश चन्द्र पुत्र ईश्वर दयाल के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है, जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ती लिखित रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करों की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

# नहीं थम रही भाजपा नेता व प्रापर्टी डीलर की रार

बांदा। समृद्धि न्यूज

**पूर्व विधायक** के पुत्र और भूमाफिया दीपक गुप्ता के बीच चल रहा कोल्ड वार थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ कहीं आडियो-वीडियो वायरल करते हैं तो कहीं एक दूसरे पर मुकदमा दर्ज कराने का काम करते हैं। ऐसे ही भूमाफिया ने पूर्व विधायक के पुत्र के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज करा दिया, जिसे लेकर भाजपाइयों में आक्रोश पनपने लगा है। बुधवार को भाजपाइयों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर इस मामले को फर्जी करार दिया है और जांच कराकर मुकदमा खत्म करने व भूमाफिया पर कार्रवाई की मांग की है।



एसपी से मुलाकात करने जाते पूर्व विधायक व भाजपाई — समृद्धि न्यूज

मामला पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे के पुत्र भाजपा नेता स्वदेश शिवहरे गोलू का है। कुछ समय पहले उसका प्रॉपर्टी डीलर दीपक गुप्ता से लेन देन का विवाद सामने आया था, जिसके बाद से एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और ऑडियो वीडियो वायरल करने का सिलसिला सा चल पड़ा। प्रॉपर्टी डीलर दीपक गुप्ता निवासी मोहल्ला पोड़ाबाग को निवर्तमान चेयरमैन मोहन साहू का खास बताया जाता है। वह स्वयं भी खुद को हिंदू शेर सेना और मोदी समर्थक मंच का राष्ट्रीय पदाधिकारी बताता है। बुधवार को पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे ने अपने समर्थकों के साथ एसपी से मुलाकात की और बताया कि प्रॉपर्टी डीलर दीपक गुप्ता ने तत्कालीन चेयरमैन मोहन साहू से साठगांठ कर शहर के मोहल्ला बिजलीखेड़ा निवासी अरविंद सिंह का मकान गलत तरीके से नगर पालिका में अपने नाम पर दर्ज करवा लिया था। अरविंद सिंह ने जब विरोध किया तो नगर पालिका के गृहकर लिपिक विनोद कुमार की तहरीर पर 23 नवंबर 2022 को थाना कोतवाली में 422, 466 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी दीपक गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को गुमराह कर थाना कोतवाली नगर में उनके पुत्र डॉ.स्वदेश गौरव शिवहरे उर्फ गोलू समेत मकान के वास्तविक मालिक अरविन्द सिंह व उनके परिजनों के विरुद्ध डकैती जैसे जघन्य अपराध का धारा 395, 452, 504, 506 आईपीसी के तहत मुककदमा दर्ज करवा दिया है, जबकि उनके पुत्र स्वदेश गौरव शिवहरे ने इसके पूर्व थाना कोतवाली नगर में धारा 147, 400, 504, 506 आईपीसी के तहत दीपक गुप्ता व अन्य दो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था, जिसमें आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है। बताया कि इसी पेशबन्दी के चलते दीपक गुप्ता ने उनके पुत्र व अरविन्द सिंह के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जबकि घटना के समय उनका पुत्र स्वदेश ओमेक्स रेजीडेंस लखनऊ में अपने आवास व रेस्टोरेन्ट में मौजूद था, जिससे सम्बन्धित साक्ष्य भी उनके पास मौजूद हैं। इस झूठे मुकदमे से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा खराब हो रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से तत्काल उचित कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर पूर्व विधायक के साथ पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, सुमित दीक्षित, अर्जुन सिंह, अलंकार तिवारी, शिवप्यारे तिवारी, अभय प्रताप सिंह, पंकज रैकवार, श्याम सिंह, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग ने पकड़ी रफ्तार

- राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव को सौंपा ज्ञापन

मैनपुरी। समृद्धि न्यूज



**पुरानी** पेंशन बहाली की मांग को लेकर बुधवार उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला मंत्री एम पी सिंह के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव से मुलाकात कर प्रधान मंत्री को संबोधित पुरानी पेंशन बहाली समेत चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पीड़ा को समझे और प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पूरा करें अन्यथा संगठन देशव्यापी आंदोलन के द्वारा सरकार को झुकने पर मजबूर कर देगा। जिला संरक्षक सत्यवीर सिंह ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सभी जनप्रतिनिधियों को आंदोलन के पहले चरण में चार सूत्रीय ज्ञापन दिया जाना है जिसमें पुरानी पेंशन बहाली समेत संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, सातवें वेतन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने एवं नई शिक्षा नीति में शिक्षक विरोधी प्रावधानों को हटाने की मांग शामिल है। बरनाहल ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण होगा और जो पार्टी शिक्षकों कर्मचारियों की पीड़ा को समझेगी वही देश पर शाशन करेगी। जागीर ब्लॉक अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन के संबंध में संगठन द्वारा राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ दिया गया जो पुरानी पेंशन मिलने पर ही समाप्त होगा। जागीर ब्लॉक संयोजक अशोक पाल ने कहां कि सरकार अब नई पेंशन योजना के फायदे गिनाना बंद करें क्योंकि नई पेंशन योजना बाजार जोखिम के अधीन है। जागीर ब्लॉक मंत्री दीप कुमार राजपूत ने कहा कि पुरानी पेंशन की मांग देश हित में है जब कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित होगा तभी वह वर्तमान में अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा से कर पाएगा । इस अवसर पर जिला संरक्षक सत्यवीर सिंह जागीर ब्लॉक अध्यक्ष योगेश कुमार बरनाहल ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जागीर ब्लॉक संयोजक अशोकपाल जागीर ब्लॉक मंत्री दीप कुमार राजपूत ब्लॉक उपाध्यक्ष संतकुमार बरनाहल कोषाध्यक्ष अवधेश यादव शिववीर अनुराग कौशलेंद्र कुमार अमितेश आदि ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# फतेहपुर में वैश्य एकता परिषद का कार्यकर्ता सम्मेलन 18 व 19 मार्च को : सुमन्त गुप्ता

इटावा। समृद्धि न्यूज



**राष्ट्र के** विकास में राजस्व के माध्यम से सर्वाधिक योगदान करने वाला वैश्य समाज है, रोजगार के साधन भी प्राथमिकता के आधार पर कराता है। यूपी में वैश्य समाज की आबादी 16 प्रतिशत है जिसमे वैश्य समाज के सात उपवर्ग विद्यमान हैं। सामाजिक सांस्कृतिक एंव धार्मिक क्षेत्र में वैश्य वन्धुओं के सशक्त हस्ताक्षर हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सर्वाधिक उपेक्षित होने के कारण इसी वर्ग का आर्थिक शोषण व उत्पीड़न होता है। उक्त बात अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमन्त गुप्ता ने लाइनपार स्थित व्यापारी नेता राम शरण गुप्ता के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का 18 व 19 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय एंव प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन व अभिनन्दन समारोह का आयोजन देव गार्डन वर्मा चौराहा बांदा रोड फतेहपुर में किया गया है। सम्मेलन में देश ब प्रदेश के सक्रिय व महत्वपूर्ण कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने जनपद के समस्त वैश्य समाज के लोगों से कार्यकर्ता सम्मेलन व अभिनन्दन समारोह में भाग लेने की अपील की है। प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लावारिस महिला को परिजनों से मिलाया

**मैनपुरी।** थाना पुलिस द्वारा एक लावारिस हालत में मिली मंदबुद्धि महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस संबंधी जानकारी देते हुए महिला कांस्टेबल सरिता माथुर ने बताया कि मंगलवार की रात गश्त के दौरान जीटी रोड़ पर पुलिस एक महिला छोटे बच्चे सहित लावारिस हालत में मिली, जिस पर उन्होंने इस बारे में मीडिया व क्षेत्र केअन्य लोगों के सहयोग से उसके परिवार वालों की तलाश शुरू की तो उन्हें यह मालूम पड़ा कि यह लावारिस महिला थाना बिछवां के गांव मधुपरी की रहने वाली है। मंदबुद्धि महिला रानी पत्नी फुलवारी मंगलवार की रात घर से बच्चे को लेकर गायब हो गई थी।महिला व बच्चे की फोटो मीडियाकर्मियों के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुपों में पोस्ट की गई। जिससे महिला के परिजनों का पता मालूम होने पर महिला के देवर ओमकार पुत्र रामदुलारे को सुपुर्द किया गया।

# कलेक्ट्रेट में बैठक कर डीएम ने की समीक्षा

**बांदा।** जिलाधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान, फसल बीमा, कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित कार्यक्रमों, आत्मा योजनाओं एवं खाद, बीज एवं कृषि यंत्र वितरण, जीआई टैगिंग तथा कठिया गेहूं को ओडीओपी में शामिल कराने की समीक्षा की गई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, अध्यक्ष केवीके, जिला उद्यान अधिकारी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी रा. जला. तथा ज्येष्ठ विपणन निरीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा में लैण्ड सीडिंग में अवशेष डाटा 42152 के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि उनकी ओर से सभी तहसीलदारों एवं उप जिलाधिकारियों को माह मार्च तक शतप्रतिशत लैण्ड सीडिंग कराने के निर्देश निर्गत किये जायें एवं खाद्य एवं रसद विभाग के डाटा से कृषि विभाग के डाटा की मैचिंग कराई जाए। आधार सीडिंग के संबंध में अवशेष डाटा के लाभार्थियों को अपने क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से पोस्ट आफिस में नया खाता खुलवाने के लिए कैम्प आयोजित कराकर एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराया जाए। अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र बादा द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा के समय जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक प्रगतिशील कृषक के यहां माडल फार्म तैयार कराएं जिसमें उद्यान, पशुपालन, जल संरक्षण आदि के समेकित कार्यक्रम संचालित हों, जिसका अवलोकन क्षेत्रीय कृषकों को कराकर उन्हें प्रेरित किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### आत्मनिर्भर युवाओ से ही देश की तरक्की सम्भवः डा. असीम यादव

**मैनपुरी।** पूर्व एमएलसी डा0 असीम यादव ने कहा है कि कुषल एवं आत्मनिर्भर युवा ही विकसित राष्ट्र के सपने को साकार कर सकते है किसी भी देष का भविश्य वहाँ के युवा षक्ति के द्वारा निर्धारित होता है और कुषल एवं आत्मनिर्भर युवा ही अपनी भूमिका का सफल निर्वहन कर पाते हैं। इसके लिए उन्हें विषेश मार्गदर्षन और प्रषिक्षण की आवष्यकता होती है। पूर्व एमएलसी असीम यादव नेशनल महाविधालय मे चल रहे दो दिवसीय सेमिनार में छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने अनेकों महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ विषेशकर वित्तीय प्रबन्धन, निवेष की षुरूआत, म्यूचल फन्डस स्टॉक मार्केट, स्वरोजगार, एवं सूचना तकनिकी के माध्यम से अनेकों नये अवसरो के साथ साइबर सिक्यूरिटी और नई षिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत षिक्षा में आये मूलभूत परिवर्तनों और व्यवसायिक षिक्षा के बारे में जागरूकता पर विषेश जानकारियाँ प्रदान की गई। इस मौके पर प्राचार्य डा. ए.के. पाल,रिसोर्स पर्सन डा. नवाबुददीन, विषिश्ट अतिथि डॉ0 सुनील कुमार निमेश, डा. कौषलेन्द्र दीक्षित मुख्य समन्यवक एवं डा.ए.के. सक्सेना व चाणक्य इन्स्टीटयूट ऑफ आई.टी. एण्ड मैनेजमैंट के राजपाल सिंह चौहान डा. सुनील निमेश, डा. ऋशण कुमार , डा. वन्दना सक्सेना, प्रो. अवधेष कुमार, डा. आषुतोश मिश्रा, डा.रनवीर सिंह, अभिनव भटनागर, मुकुल षर्मा , मो. हाषिम आषाराम आदि मौजूद थे।

### पुरानी रंजिश में महिला को पीटा

**मैनपुरी।** ग्राम बरा सूरजपुर निवासी नन्नी देवी ने थाने में तहरीर दी। कहा कि मंगलवार को अपराह्न एक बजे वह अपने पति के साथ खेत पर आलू खोद रही थी। तभी गांव के युवक ने उसके खेत को आने वाले रास्ते पर रखा पत्थर हटा दिया। जब वह ट्रैक्टर निकालने के लिए पत्थर रखने गई तो आरोपी युवक ने तीन अन्य के साथ मिलकर उसे पीटकर घायल कर दिया। बचाने आए पति ऊदल सिंह, पुत्री सजनी को भी मारापीटा। वहीं दूसरे पक्ष के क्रांति ने थाने में दी तहरीर में कहा कि मंगलवार को अपराह्न 1 बजे वह खेत पर थी। पुरानी रंजिश के चलते गांव के पांच लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए पति सत्यराम व पुत्र अंशुल को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया।

### राशन की दुकान से गरीवो का राशन चोरी

**मैनपुरी।** अज्ञात चोरो नें राशन डीलर की दुकान का ताला तोडकर उसके रखा गरीवो का राशन पार कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।बतातें है कि नगर के मुहल्ला चौधरी निवासी बाबूराम अकेला के पास सरकारी राशन की दुकान है जिसमे बह दुकान से बह राशन का वितरण करता है मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरो ने दुकान में रखा 60 बोरा गेंहू, 109 बोरा चावल, 6 वोरी बाजरा एंव 9 किलो चीनी चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी प्रातः होने पर हुई। पुलिस घटना को सदिंग्ध मान रही है।

### भैस बांधने पर देवरानी के साथ मारपीट

**मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के नगला मोहन में भैस बांधने को लेकर हुए विवाद में ससुर देवरानी जिठानी ने महिला को लात घूसों व डंडों से पीटकर घायल कर दिया। ग्राम नगला मोहन निवासी शिल्पी पत्नी लालू प्रसाद ने बताया उसकी बीमार भैस छाया में बंधी थी । शोभा पुत्री राजू ने धूप में बांध दी। शिकायत करने पर जेठानी सरिता पत्नी राजू देवरानी गीता पत्नी कुलदीप तथा ससुर दयाशंकर पुत्र सुखराम ने गाली गलौज कर लात घूसों व डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

### वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**बांदा।** मानसिक रूप से परेशान वृद्धा ने बुधवार की दोपहर सल्फास की गोलियां गटक लीं। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी चुन्नी देवी (60) पत्नी मथुरा प्रसाद बुधवार की दोपहर घर में अकेली थी। तभी सूना मौका पाकर उसने सल्फास की गोलियां गटक लीं। उल्टी होने के बाद घरवालों को जानकारी हो सकी। पहले उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पुत्र अखिलेश ने बताया कि उसका पिता कपड़े का व्यापार करता है। वह खुद फल का ठेला लगाता है। घर में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। उसकी मां मानसिक रूप से परेशान रहती थी। इसी के चलते उसने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली।

### आग लगने से वृद्धा की जलकर हुई मौत

**बांदा।** मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए चारपाई के नीचे सुलगाए गए धुएं से आग लग गई। इससे वृद्धा की जलकर मौत हो गई। कुछ देर के बाद मौके पर पहुंची बेटी ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के कैरी गांव की रहने वाली सहदइया (90) पत्नी देवीदीन अपनी बेटी केलापति की ससुराल देहात कोतवाली क्षेत्र के जमुनीपुरवा गांव के मजरा खौंड़ा पुरवा में मकान बनाकर रहती थी। मंगलवार की रात वह मच्छरों से बचने के लिए बाल्टी में धुआं सुलगा रखा था। तभी धुएं से अचानक आग भड़क उठी, जिससे सहदेइया के कपड़ों में लग गई। उसकी जलकर मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद खाना खाने के लिए बुलाने गई बेटी केलापति ने देखा तो सहदेइया मृत अवस्था में पड़ी हुई थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ई-रिक्शा चालक की मौत

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी अफसार खान (26) पुत्र बफाती ई-रिक्शा लेकर तिंदवारी जा रहा था। तभी रास्ते में वह ई-रिक्शा में हवा चेक कराने लगा। इसी बीच चक्का खाकर गिर गया। इससे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया गया।

# भारत आने वाले काले धन का असली मालिक कौनः मलखान




**इटावा।** कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा देश में बढ़ती महंगाई उच्चतम बेरोजगारी और शासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित एजेंडे का दंश पूरा देश झेल रहा है।

उन्होंने कहा एक जिम्मेदार विपक्षी दल होने के नाते हम भाजपाई सत्ता के मित्र पूजीपतियों को सरकार के खजाने की लूट की खुली छूट और प्रधानमंत्री से संबंधित इस पूरे अडानी महा घोटाले में हो रहे घोटालों से चिंतित हैं और आज हम अडानी के हैं कौन को लेकर प्रेस वार्ता कर रहे हैं उन्होंने कहा देश जानना चाहता है कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति बनाने से क्यों डर रही है हम जानना चाहते हैं टैक्स हेवन देशों से संचालित होने वाली विदेशी सेल कंपनियों से भारत आने वाले काले धन का असली मालिक कौन है अडानी समूह बहुत ही कम समय में भारत के हवाई अड्डों का सबसे बड़ा संचालक कैसे बन गया अडानी समूह 13 बंदरगाहों और टर्मिनल्स को नियंत्रित करता है सरकारी रियायत वाले बंदरगाह बिना किसी बोली के अडानी समूह को बेच दिए गए हैं बिना किसी अनुभव के रक्षा के क्षेत्र में ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक्स छोटे हथियार और विमान रखरखाव जैसे क्षेत्रों में अडानी समूह ने संयुक्त उपक्रम स्थापित कैसे कर लिए हैं उन्होंने कहा मोदी सरकार ने पिछले 9 सालों से सीएजी सीबीआई जैसी सभी सरकारी एजेंसियों और संस्थाओं पर चाहे नियंत्रण कर लिया हो लेकिन सत्य हमेशा सामने आ ही जाता है उसे आईडी सीबीआई का इस्तेमाल कर दबाया नहीं जा सकता है।

# एसएमजीआई के वार्षिकोत्सव में बीफार्मा की टीम चैम्पियन बनी

इटावा। समृद्धि न्यूज



**एसएमजीआई** में चल रहे वार्षिकोत्सव जेनेरो 2023 के अंतर्गत आयोजित हुई एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता महात्मा जयोतिबा फुले स्टेडियम में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में एसएमजीआई के विभिन्न पाठ्यक्रमों बीफार्मा, डीफार्मा, बीबीए, बीसीए, एमबीए, बीएड, बीटीसी डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम एवं एएनएम में पढ़ रहे छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जेनेरो क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच बीसीए और नर्सिंग के बीच,दूसरा मैच डीफार्मा प्रथम वर्ष एवम बीएड बीटीसी के बीच संपन्न हुआ। तीसरा मैच बीफार्मा प्रथम वर्ष एवम मैनेजमेंट के छात्रों के साथ तथा चौथा मैच बीफार्मा द्वितीय वर्ष एवम डीफार्मा द्वितीय वर्ष के बीच संपन्न हुआ।वहीं बीसीए का मैच बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच में बीएड,बीटीसी,बीफार्मा प्रथम वर्ष, बीफार्मा द्वितीय वर्ष तथा बीफार्मा चतुर्थ वर्ष की टीम ने प्रवेश किया। इसके बाद पहला सेमी फाइनल मैच बीएड-बीटीसी तथा बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के बीच तथा द्वितीय सेमी फाइनल बीफार्मा प्रथम वर्ष तथा बीफार्मा द्वितीय वर्ष के बीच संपन्न हुआ।जिसमें पहले सेमी फाइनल में बीएड, बीटीसी ने विजय प्राप्त की और दूसरे सेमी फाइनल में बीफार्मा द्वितीय वर्ष की टीम विजयी रही।फाइनल मैच में बीएड-बीटीसी का बीफार्मा द्वितीय वर्ष के साथ बेहद ही रोमांचक मुकाबला हुआ।जिसमें बीफार्मा द्वितीय वर्ष की टीम ने दोनों टीमों को हराकर फाइनल मैच जीतकर विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली।मैच के दौरान वीरेन्द्र,श्री प्रकाश शर्मा ने अंपायर की भूमिका निभाई।पहले मैच में राहुल वर्मा,दूसरे मैच में अमित,तीसरे मैच में प्रियांशु, चौथे मैच में शिखर शुक्ला, पाँचवें मैच में मो. आकिब और पहले सेमी फाइनल में उदयराज दूसरे सेमी फाइनल में अंशु यादव तथा फाइनल में अमन कुमार मैन ऑफ द मैच रहे। जेनेरो क्रिकेट प्रतियोगिता में मैच ऑफ द सीरीज़ का पुरुस्कार उदयराज को मिला।सभी विजेता खिलाड़ियों को एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव,मदन हॉस्पिटल के चैयरमैन डा. विकास यादव एवम डायरेक्टर एसएमजीआई डा.उमा शंकर शर्मा द्वारा पुरुस्कृत किया गया।संस्था के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीम को बधाई दी।

# बाल योगी अरुण पुरी चैतन्य के हाथों रामायण मेले का समापन

- कार्यकारी अध्यक्ष व महामंत्री ने भेंट किया शाल, श्रीफल

चित्रकूट। समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय** रामायण मेला के स्वर्णि जयंती महोत्सव के पंच दिवसीय कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि बाल योगी अरुण पुरी चैतन्य संस्थापक अखिल भारतीय मठ मंदिर समन्वय समिति सिद्धनाथधाम गंगा सेवा महा अभियनम ने विधिविधान से किया। उन्होंने राष्ट्रीय रामायण मेला अनवरत रूप से 50 वर्ष पूरे होने पर मेले के आयोजको को जहां एक ओर बधाई दी वहीं मेले की व्यवस्था को देखकर हर्ष जताया। उन्होंने मेले के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी समारोह को भव्यतम और अधिक मनोहारी कराने का आर्शीवाद दिया। उन्होंने चित्रकूट की महत्ता पर विस्तृत रूप से प्रकाष डाला। राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया व महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यकारी अध्यक्ष ने शाल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल, पुलिस उप महानिरीक्षक डा विपिन कुमार मिश्र, पद्म श्री उमाशंकर पांडेय मौजूद रहे। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर सहयोगी के रूप में राजाबाबू पांडेय, घनश्याम अवस्थी, मो यूसुफ सिद्दीकी, प्रिंस करवरिया आदि रहे।



### गाय की योनि के बाद मिलता है दुर्लभ मानव जीवन

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा स्थली में राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन पांच दिनों से चल रहा है। जहां देश के मूर्धन्य रामकथा के शोधपरक व्याख्यानों के क्रम में बुधवार को बांदा के प्रो. एवं पत्रकार सत्यदेव त्रिवेदी ने कहा कि मनुष्य जन्म पाना अतिदुर्लभ है। जब मनुष्य 84 लाख योनियों से सत्कर्म करता हुआ गाय की योनि पाता है उसके पश्चात ही उसको दुर्लभ मानव योनि मिलती है। इसी बात को प्रातः स्मरणीय गोस्वामी तुलसीदास जी ने मानस में वर्णन किया है 'कबहुक करुणा कर नर देही, देत ईश बिन हेतु सनेही' अर्थात परमात्मा ने अपनी असीम कृपा के द्वारा मनुष्य का जन्म देकर अपनी असीम कृपा का परिचय दिया है। मनुष्य जन्म देने के बाद प्रभु इतने कृपालु है कि मनुष्य से कुछ भी नहीं चाहते है। यह उनकी कृपा दृष्टि का बहुत बड़ा परिचायक है। मनुष्य की मृत्यु उसके जन्म के साथ ही लिख जाती है। इसलिए मनुष्य को 24 घंटे में यह हमेशा याद रखना चाहिए कि मेरी मृत्यु भी निश्चित है। इसलिए मुझे श्वासं-श्वांस सो हरि भजो वृथा श्वांस जनि खोए, न जाने यहि श्वांस को आवान होए न होए। साथ में श्रीराम नाम के महत्व को बताते हुए यह भी लिखा कि तुलसी राम के कहत ही निकसत पाप पहार, पुनि आवत पावत नहीं देत मकार किवार। इसी प्रकार भरत जी को गुरु वषिश्ठ जी ने बताया हे भरत मनुष्य जीवन की दुर्लभ छह प्रकार की घटनाओं को विधाता के द्वारा दी गई सम्पति है। उसको कोई मिटा नहीं सकता है। जैसे सुनहु भरत भावी प्रबल, विलख कहेव मुनि नाथ, हानि, लाभ, जीवन, मरण, यश, अपयश विधि हाथ। मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल ने कहा कि अयोध्या में प्रकट होकर प्रभु श्रीराम न विप्र, धेनु, सुर, संतो के उद्धार के लिए लीला की है। उन्होंने अपने दो अक्षर के नाम राम के अनुसार जीवन में दो यात्राएं की है। उन्होंने बताया कि प्रथम यात्रा में तीन महिलाएं यात्रा के दौरान मिलती है। जिनमें एक का मरण दूसरे का तरण और तीसरे का वरण किया है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम यज्ञ रक्षा के लिए मुनि विष्वामित्र के साथ जाते है तो ताडका का वध कर यज्ञ की रक्षा करते है। जनकपुर मुनि के साथ जाते समय मार्ग में गौतम ऋशि की पत्नी अहिलया का उद्धार करते है। धनुश यज्ञ में जो काम दस हजार राजा जिस धनुश को उठा नहीं पाए उसका भंजन करके सीता जनकपुत्री का वरण करते है। श्री शुक्ल ने बताया कि विवाहोपरांत अयोध्या पहुंचते है। ऐसी प्रभु राम की यात्रा है जो पूर्ण होती है। वारणसी के पं रामेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि मानस में छह महिला जिसमं तीन खाने वाली, तीन खिलाने वाली है। पहली महिला शबरी प्रभु श्रीराम को कंदमूल फल खिला रही है। मानसकार गोस्वामी तुलसीदास ने कहा कि कंदमूल फल सुरस रति दिए राम कहु आन, प्रेम सहित प्रभु खाए बारंबार बखानि। दूसरी महिला जब हनुमान जी लंका जा रहे थे तब बंदर, भालू भूख से तड़प रहे थे उस समय स्वयंप्रभा नाम की महिला सभी भालू, बंदरों को खिला रही है। तीसरी महिला जगत जननी माता जानकी जो अशोक वाटिका में बैठी है जब मां ने हनुमान जी को पुत्रवत स्वीकार कर लिया तब हनुमान जी ने कहा सुनहु मात अतिशय भूखा। उस समय माता ने फलों में प्रेम रस भर दिया। जिसे हनुमान जी को खिला दिया।

# पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराएं : डीएम

## कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला सलाहकार समिति बैंकर्स की हुई बैठक, डीएम ने की समीक्षा, अफसरों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला सलाहकार समिति बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डिजिटल सेवा सुविधाजनक और सुरक्षित है उसका सावधानी से प्रयोग करना चाहिए ताकि किसी भी तरह की धोखाधड़ी या पैसों का नुकसान ना हो। सरकार ने कृषकों की आय दुगुना करने के लिए विशेष कदम उठाए है। संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण कराए। संभाव्यता युक्त ऋण योजना पुस्तक का किया विमोचन। प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लाभार्थी आधार सीडिग अनिवार्य रूप से कराएं।



बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

बैंको द्वारा ऋण वितरण की प्रगति संतोषजनक न होने पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए, जरूरतमंद पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के लिये ऋण प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि प्राप्त आवेदनों में किसी प्रकार की कमी है तो समय देते हुये संबंधित व्यक्ति के साथ संबंधित विभाग को भी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लम्बित आवेदन पत्रों का अविलम्ब निस्तारण कर सभी पात्र आवेदकों को ऋण मुहैया कराना सुनिश्चित करे। जिससे कि नये रोजगारों का अधिक से अधिक सृजन किया जा सके। उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत बीमा कम्पनी यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड द्वारा वर्ष 2022-23 खरीफ में 29407 किसानों का अपनी फसल का बीमा करवाया गया। इसी के साथ मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत कुल लक्ष्य 12 के सापेक्ष 10 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत कुल लक्ष्य 50 के सापेक्ष 41 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत कुल लक्ष्य 16 के सापेक्ष 28 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कुल लक्ष्य 60 के सापेक्ष शतप्रतिशत आवेदनों को स्वीकृत किया गया है।

बैठक में बताया गया कि जनपद में अभी तक कुल 119793 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें से 62378 किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एन0पी0ए0 एंव आर0सी0 के संबंध में जानकारी की, जिसमें बताया गया कि राजस्व विभाग एंव राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा वसूली की जा रही है, जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा अच्छा सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिसमे राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 11746 बाटी गई जिसमें कुल 1173 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमे 944 मामलों का निस्तारण किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, आदि संबंधित बैंकर्स प्रतिनिधि एवं बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रोड पर पड़ी मौरंग-गिट्टी पर बाइक फिसली, युवक की मौत



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

**सौरिख, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान सड़क किनारे पड़ी मौरंग से फिसलने से बाइक सवार सड़क पर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इटावा जनपद के जैतपुरा निवासी इन्द्रजीत भदौरिया पुत्र देवीचरन सिंह भदौरिया 21वर्ष बुधवार दोपहर बाद अपनी ननिहाल सौरिख थाना क्षेत्र के सहरोई बाइक से जा रहा था।सौरिख नादेमऊ रोड पर भारत अंकल ढाबा के पास सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान सड़क किनारे पड़ी मौरंग पर तेज रफ्तार बाइक फिसलने से सड़क पर जा गिरा और सिर फट जाने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा काटा सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे व कार्यवाहक थाना प्रभारी ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता ने लगाया मारपीट कर बेघर करने का आरोप

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी रजनी देवी द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते वर्ष उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों एवं पति द्वारा अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट मोटरसाइकिल व दो लाख रूपये की मांग की गई। विवाहिता के मायके पक्ष द्वारा असमर्थता जताने पर पति सास एवं ननंद ने दो माह पूर्व उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीटा और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी एक अबोध पुत्री है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से दो युवक घायल

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार बाइक सामने से आ रही एक अन्य बाइक से भिड़ गई। इसमें सवार दो युवक घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा गांव निवासी शिवम (20) पुत्र संदीप चौबे अपने साथी राजू (32) पुत्र बलवीर निवासी कर्वी चित्रकूट के साथ मंगलवार की रात बाइक में बैठकर बेंदा से राजापुर जा रहे थे। तभी तिंदवारी के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनो लोग घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मां-बेटे ने पिता को डंडों से पीटा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मामूली बात को लेकर हुए विवाद में मां-बेटों ने पिता को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर के जरैली कोठी मुहल्ला निवासी मुकेश (45) पुत्र गंगा प्रसाद प्राइवेट लाइनमैन है। मंगलवार की रात किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी और पुत्र ने मिलकर पिता को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

### विहिप की बैठक में हुई संगठनात्मक चर्चा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन न्यू मार्केट में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद गजेंद्र सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के विभिन्न कार्यों की समीक्षा के बाद 20 फरवरी से 20 मार्च तक चलने वाले धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया गया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में विभाग अध्यक्ष अशोक ओमर, विभाग मठ मंदिर शान्तनु चतुर्वेदी, विभाग संयोजक चन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे। इस बैठक की अध्यक्षता विहिप जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी द्वारा तथा संचालन जिला मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान तथा समीक्षा बैठक में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जिला अधिवक्त संघ के शिव प्रसाद राजपूत एडवोकेट का स्वर्गवास हो जाने पर सभी अधिवक्तागण बुधवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहे। दोपहर के समय संघ सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राजेश दुबे की अध्यक्षता में शोकसभा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। संचालन संघ के महासचिव ओमप्रकाश सिंह ने किया। सभा में राकेश सिंह, अवधेश गुप्ता, राजाभइया, सत्यदेव त्रिपाठी, बीएम कुशवाहा आदि अधिवक्तागणों ने स्व. शिवप्रसाद राजपूत एडवोकेट के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला।

# पुलिस ने रुकवाया अवैध खनन



खनन करती जेसीबी मशीन समृद्धि न्यूज

- ठेकेदार ने प्रपत्र दिखाने के लिए एक दिन का समय मांगा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध खनन करने की सूचना पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और खनन रुकवा कर ठेकेदार से खनन संबंधित प्रपत्र मांगे गए। जिस पर ठेकेदार द्वारा एक दिन का समय दिए जाने की मोहलत मांगी गई। क्षेत्र के ग्राम रामाश्रम स्थित पुराने रेलवे क्रॉसिंग की पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई गई रोड जोकि अंडर पास बनने के कारण रेलवे क्रॉसिंग को हटा दिया गया था। बुधवार को ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी के रोड की मिट्टी को जेसीबी से खनन करवा कर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर किसी अन्यत्र स्थानों पर भेजा जा रहा था। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने खनन रुकवाते हुए ठेकेदार से खनन संबंधित प्रपत्र मांगे। ठेकेदार उक्त स्थान पर खनन के प्रपत्र नहीं दिखा सका और प्रपत्र दिखाने के लिए एक दिन का समय मांगा। हांलाकि पुलिस ने खनन रुकवा दिया है। वहीं दूसरी ओर खनन रोकने से ग्रामीणों को राहत मिली।

# पांच दिन से लापता युवक का शव गंग नहर में उतराता मिला

- परिजनों में मचा कोहराम, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

**सौरिख, समृद्धि न्यूज।**

सौरिख थाना निवासी युवक बीते पांच दिनों से लापता था, जिसका शव निचली गंग नहर में उतराता देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। लोगों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। युवक के शव मिलने की खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते नहर के पास पहुंच गए। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस, व गंग नहर के निकट लगी ग्रामीणों की भीड़ समृद्धि न्यूज

गौरतलब है कि सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम मुखड़ा निवासी युवक वीर प्रताप पुत्र राज बहादुर सिंह बीती 17 फरवरी शुक्रवार को घर से गया था, घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नही चल सका, जिसके बाद परिजनों ने थाना पुलिस को युवक के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरु कर दी थी। युवक की तलाश में जुटे परिजन बेहद परेशान थे, वहीं पुलिस भी युवक को तलाश करने में जुटी थी। बीते पाचं दिनों से लापता युवक का शव जब ग्रामीणों ने नहर में उतराता देखा तो उनमें हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल युवक के परिजनों समेत पुलिस को सूचना दी। युवक का शव गंग नहर में मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे मौके पर रोते बिलखते पहुंच गए। इसी बीच थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि युवक 5 दिन पहले कावड़ लेने के लिए कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा। हांलाकि कुछ ग्रामीणों ने युवक को गंग नहर में छलांग लगाते देखा था, लेकिन गंग नहर में तलाशे जाने के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चल सका था। खड़नी चौकी इंचार्ज आलोक सिंह ने बताया कि गंग नहर से युवक के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पता चल सकेगा।

# पूर्व चेयरमैन हाजी रईस के पुत्र का उपचार के दौरान निधन

- बीते लगभग एक माह पूर्व इत्र कारखाने में स्टीम वॉयलर फटने से अब्दुल रहमान हुआ था घायल, दिल्ली के एक अस्पताल में ली अन्तिम सांस
- परिजनों में मचा कोहराम, क्षेत्रीय लोगों समेत सपा नेता व कार्यकर्ता शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पूर्व चेयरमैन के आवास पहुंचे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बीते लगभग एक माह पूर्व सपा नेता व पूर्व चेयरमैन हाजी रईस के इत्र कारखाने मे इत्र तैयार करने के दौरान तकनीकी फॉल्ट के चलते स्टीम वॉयलर अचानक फट गया था, हादसे में घायल हुए पूर्व चेयरमैन के पुत्र अब्दुल रहमान का दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पूर्व चेयरमैन के पुत्रे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं उनके आवास पर नेताओं का तांता लगने लगा। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व चेयरमैन के पुत्र के निधन पर गहरा दुःख जताते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।



मृतक का फाइल

बताते चलें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाजीगंज निवासी पूर्व चैयरमैन हाजी रईस का नगरकोट में इत्र कारखाना है। बीती 24 जनवरी को कारखाने में इत्र तैयार करते समय स्टीम वॉयलर अचानक फट गया, हादसे में यहां काम कर रहे मोहल्ला हाजीगंज निवासी इस्माईल पुत्र गफूर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कारखाना स्वामी हाजी रईस के पुत्र अब्दुल रहमान समेत बुरहान, सुनील तथा वसीम और रफीक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उपचार के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया था। हाजी रईस के घायल पुत्र अब्दुल रहमान का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुत्र की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, उनमें कोहराम मच गया। वहीं पूर्व चेयरमैन हाजी रईस के आवास पर क्षेत्रीय लोगों समेत सपा नेताओं का तांता लग गया।

### मारपीट की घटना मुकदमे में तरमीम

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** विगत 3 माह पूर्व रंजिश के चलते एक युवक के साथ गांव के ही दो अन्य युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट की घटना को मुकदमे में तरमीम किया गया। विगत 28 नवंबर 2021 को क्षेत्र के ग्राम रामपुर भूड़िया निवासी बबलू उर्फ नासिर पुत्र हमीद के साथ गांव के ही राज्यपाल, रंजीत सिंह ने रंजिश के चलते लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें मेडिकल रिपोर्ट में दाहिने हाथ की हड्डी टूट जाना दर्शाया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट की घटना को मुकदमे में तरमीम कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मंत्री का आदेश बेअसर : सड़कों पर डेरा जमाए आवारा पशु बन रहे हादसे का सबब

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

एक ओर आवारा गोवंश किसानों की फसल चट कर बर्बाद कर रहे हैं, तो वही दूसरी ओर सड़को पर वाहन चालकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। आवारा पशु जीटी रोड पर विचरण करते हैं, जिससे गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है। आवारा गोवंश के सड़क पर विचरण से वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कस्बा के लोगों ने क्षेत्र में संचालित गोशाला में पशुओं को बंद कराने की प्रशासन से मांग की है। कस्बा जलालाबाद में जीटी रोड समेत आसपास के क्षेत्रों में आवारा जानवरों का विचरण होता रहता है। दर्जनों की तादाद में सड़कों पर आवारा घूम रहे पशु दुर्घटनाओं का सबब बनते हैं। सड़क पर वाहन चालक इन पशुओं से टकराकर अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जिससे न केवल वाहन क्षतिग्रस्त होते हैं, बल्कि वाहन चालक भी चुटहिल होते हैं। ब्लॉक क्षेत्र में गोशाला का संचालन होने के बाद भी अन्ना पशुओं की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जिससे अक्सर दुर्घटनाएं घटित होती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कस्बा में आवारा घूम रहे गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गोशाला में बंद कराया जाए ताकि आवारा पशुओं की समस्या का समाधान हो सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।



सड़क पर घूमते हुए आवारा पशु समृद्धि न्यूज

### खानापूर्ति कर भूले अभियान

बीते दिनों समाज कल्याण स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों को अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को पकड़कर गोशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए थे। मंत्री के आदेश का अधिकारियों ने चार दिन ही पालन किया, अभियान के तहत महज दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा गया। इसके बाद आवारा मवेशियों को पकड़ने की मुहिम दम तोड़ गई।

### बोले पशु चिकित्सा अधिकारी

प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा. मेहर सिंह ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में गोशाला खुल रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला खोलने की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। जल्द ही गौशाला को संचालित कर छुट्टा पशुओं को संरक्षित कर दिया जाएगा। आवारा जानवरों की समस्या से जल्द निजात मिल जाएगी।

# ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी फराह खान पुत्र इस्लाम खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 3 वर्ष पूर्व उसकी शादी जनपद शाहजहांपुर थाना के मोहल्ला झंडा कला निवासी रेहान खान पुत्र अत्ताउल्लाह खान के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों पति रेहान खान, ससुर अत्ताउल्लाह खान, देवर शयान उर्फ सानू व फैजान उर्फ रानू, देवरानी सबली उर्फ सायमा ने उससे अतिरिक्त दहेज की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्त गणों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा घर से बेघर कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष

- उखड़ी सड़क पर पड़ी गिट्टी से राहगीर हो रहे चुटहिल

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्रामीण अंचलों को नगर से जोड़ने के उद्देश्य से विगत 15 वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के प्रयासों से बनवाया गया मझपुरवा गुरसहायगंज संपर्क मार्ग जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जगह-जगह गड्ढों व जलभराव से पट गया था। जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के पश्चात देर से जागे जिम्मेदारों ने सड़क को उखडवाकर एवं गिट्टी डालकर अपने कार्य से इतिश्री कर ली। जिसके चलते प्रतिदिन राहगीरों ग्रामीणों छात्र छात्राओं को जहां एक और आवागमन में कठिनाई हो रही है। तो वहीं दूसरी ओर बाइक सवार एवं साइकिल सवार गिट्टी पर गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने की मांग की है।



सड़क निर्माण के लिए रोड पर पड़ी गिट्टी समृद्धि न्यूज

बताते चलें कि विगत 15 वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के प्रयासों से क्षेत्रीय जनता को जाम के झाम मैं फसने से बचाने के लिए गुरसहायगंज मझपुरवा संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अनदेखी के कारण संपर्क मार्ग की गिट्टी उखड़ कर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई और कई जगह तो जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी। जिसके कारण राहगीरों ग्रामीणों छात्र-छात्राओं को गंदे जल में घुसकर आवागमन करना पड़ रहा था। उक्त समस्या जब विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई तो गहरी नींद से जागे अधिकारियों ने दो माह पूर्व सड़क खोदवाकर एवं गिट्टी डलवा कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया था। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। जिसके कारण प्रतिदिन अधिकांश बाइक सवार, साइकिल सवार उबड खाबड सड़क पर गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों इरशाद खान, दानिश खान, परवेज, मुशर्रफ, अलाउद्दीन, हसीब ने जिला प्रशासन से संपर्क मार्ग के रुके पड़े निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने की मांग की है।

# अस्पताल में भर्ती पत्नी ने पुत्र को दिया जन्म, दुर्घटना में पति की मौत

## स्कूटी से आधार कार्ड लेने जा रहा था युवक



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिलकिया दलेलगंज निवासी सुनील कुमार पुत्र कालेश्वर राजपूत उम्र 35 वर्ष की पत्नी कांति देवी जो गर्भकाल के दौर से गुजर रही थी। मंगलवार की देर शाम असहनीय प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद ले जाया गया। प्रसूता को भर्ती कराने के लिए अस्पताल कर्मियों द्वारा महिला का आधार कार्ड मांगा गया। जिस पर सुनील कुमार आधार कार्ड व खाना लेने के लिए स्कूटी से शमशाबाद जा रहा था। लेकर शमशाबाद जा रहा था फैजबाग-शमसाबाद मार्ग पर ग्राम मुरहठी के निकट से गुजरते समय सुनील कुमार की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी। चीख पुकार की आवाज सुनकर राहगीर एकत्रित हो गये, लेकिन तब तक दुर्घटना को अंजाम देने वाला अज्ञात वाहन मौके से फरार हो चुका था। घटना की सूचना राहगीरों ने शमशाबाद थाना पुलिस को दी। जिस पर शमसाबाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा गंभीर रुप से घायल सुनील कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद भिजवाया गया। हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल भेज दिया गय। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक सुनील कुमार की दो बेटियां दीक्षा, प्रतीक्षा हैं। पत्नी कांति देवी के अलावा मृतक की मां राजकुमारी एवं तीन भाइयों में मृतक सबसे छोटा था। बड़ा भाई वेदराम तथा दूसरा भीष्म है।

उधर, अस्पताल में भर्ती मृतक की पत्नी कांति देवी ने पुत्र को जन्म दिया। इसे विडंबना कहा जाए, क्योंकि जिस ईश्वर ने सुनील को पुत्र रत्न की खुशियां प्रदान की उसी ने मृतक को पुत्र रत्न का चेहरा भी देखने नहीं दिया। मृतक मेहनत मजदूरी के साथ कृषि कार्य के सहारे घर परिवार में रोजी रोटी का माध्यम बना हुआ था। प्रभारी थानाध्यक्ष शमसाबाद मनोज कुमार भाटी ने बताया फौरी सूचना पर मृतक का पंचनामा भरवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भिजवा दिया गया। उन्होंने यह भी बताया मृतक परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई।

# सांसद, विधायक, एमएलसी होने के बाद भी बजट में फर्रुखाबाद फिर खाली हाथ




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक सांसद, चार विधायक एक एमएलसी होते हुए भी जनपद के लिए कुछ भी नहीं करा सकें। इस बात से व्यापारी वर्ग ही नहीं बल्कि आम आदमी में काफी निराशा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में वित्तमंत्री ने जन कल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया है। विकास कार्यों के लिए जो पैसा स्वीकृत किया गया उनमें फर्रुखाबाद भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से जिला वंचित नहीं रहेगा। जब पूछा कि फर्रुखाबाद को किसी मार्ग से नहीं जोड़ा गया तो उन्होंने बजट से विस्तार से देखने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। वह बोले कि गरीबों को सुविधा देने, जन मानस की पीड़ा दूर करने व समस्याओं का समाधान करने में भाजपा सबसे आगे रही है।



रुपेश गुप्ता-भाजपा जिलाध्यक्ष



सुधांशुदत्त द्विवेदी-भाजपा नेता

पूर्व सभासद एवं भाजपा नेता सुधांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि हमारी सरकार का बजट है, वह सही ही होगा, हालांकि विस्तार से पूछने पर वह कन्नी काट गये और बोले कि विस्तार से तभी बताया जा सकता है जब विस्तार से बजट के प्रस्तावों का अध्यन किया जाये। उनके स्वर से निराशारुपी ध्वनि प्रतीत होती रही।



मनोज मिश्रा-व्यापारी नेता

व्यापारी नेता मनोज मिश्रा का कहना है कि इस बार भी जिला खाली हाथ रह गया। व्यापारी तमाम कर दे रहे है। इसके बावजूद भी उन्हें कुछ भी सुविधा मुहैया नहीं करायी गई। चिकित्सा क्षेत्र में भी कोई खास उपलब्धि वाला बजट प्रस्तुत नहीं हुआ। यह बजट जनहितकारी बजट नहीं है।



निर्वतमान महासचिव मंदीप यादव

सपा के निर्वतमान महासचिव मंदीप यादव ने कहा कि बजट को दिशाहीन बजट बताया। उन्होंने कहा कि न ही बजट में बेरोजगारों के लिए रोजगार की व्यवस्था न ही किसानों की आमदनी में वृद्धि और न ही छात्र-नौजवानों, किसानों व व्यापारियों के भविष्य की चिन्ता। फर्रुखाबाद को फिर मायूस होना पड़ा है।



सपा नेता नन्द किशोर दुबे

सपा नेता व कातिब नन्दकिशोर दुबे वंदेमातरम् ने बताया कि बजट में जनपद को निराशा हाथ लगी है और न ही जनपद को कोई योजना मिली है। बजट के के नाम पर बंदरवांट किया गया है। चार विधायकगण, सांसद व एमएलसी होने के बावजूद इस बजट में जनपद को केवल झुनझुना थमा दिया गया है।

## रंजिशन घर के बाहर बैठी महिला को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर चबूतरे पर बैठी महिला को दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पति ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कड़िउली निवासी अनिरुद्ध कुमार पुत्र बंगाली सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को वह अपने खेतों में काम करने के लिए गया था, तभी उसकी पत्नी लवली देवी घर पर अकेली थी। जिस कारण वह बाहर चबूतरे पर बैठी हुई थी, तभी गांव का ही दबंग युवक आया और रंजिशन पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब मेरी पत्नी ने विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। बचाने आये पीड़िता के पति को भी मारपीटा। पीड़ित दंपति पुलिस की शरण में पहंचे और आरोपी ओमकार पुत्र दाताराम के विरुद्ध तहरीर दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु मजबूरी चिट्ठी देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेज दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच महिला मोर्चा की जिला कमेटी घोषित



बबिता पाठक के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी बहनें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच महिला मोर्चा की टीम गठित की गयी है। जिलाध्यक्ष हेमलता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता अग्निहोत्री, आरती राजपूत, कविता वर्मा, गीता मिश्रा को बनाया गया है। जिला महामंत्री की जिम्मेदारी जावित्री बाथम को मिली है। जिला मंत्री लक्ष्मी, रागिनी बाथम, रेखा सोमवंशी बनायी गयी हैं। कोषाध्यक्ष का प्रभार आरती मिश्रा को मिला है। मीडिया प्रभार की जिम्मेदारी तोशी मिश्रा को सौंपी गयी है। सोशल मीडिया प्रभारी सृष्टि सक्सेना बनीं। जिला कार्यसमिति सदस्य माया देवी, लक्ष्मी गिहार, रेखा शुक्ला, पूनम मिश्र, नीरज अग्होत्री बनायी गयी हैं। सदस्य सरिता, आशा यादव, शिखा शुक्ला, रचना त्रिपाठी, स्वाती मिश्रा को दी गयी है।

सभी पदाधिकारी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के बैनर तले कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे। हिन्दू रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद पाठक व राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# अब ऑनलाइन होगी मरीजों की रिपोर्टिंग



प्रशिक्षण में मौजूद डाटा आपरेटर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अब सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य की ऑनलाइन रिर्पोटिंग होगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विसेज प्रोग्राम की शुरुआत की गई। इसी को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में बुधवार को डाटा आपरेटर का उन्मुखीकरण किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस तरह से ओपीडी में आने वाले मरीजों का डाटा इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि मौसम बदलने से कई तरह के रोग फैलते हैं जिनको समय रहते रोकने और मरीज को समय पर इलाज मिले जिससे बीमारी को नियंत्रित किया जा सके। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय डॉक्टर को कल प्रशिक्षण दिया जा चुका है कि उनको किस तरह से ओपीडी में आने वाले मरीजों का डाटा ओपीडी रजिस्टर में अंकित करना है जिससे डाटा आपरेटर को पोर्टल पर अपलोड करने में आसानी हो। वेब पोर्टल पर अपलोड जानकारी जिले से लेकर राज्य तक के स्वास्थ्य महकमे को जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर.सी. माथुर ने डाटा आपरेटर को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि जब हम पोर्टल पर मरीज़ का डाटा अंकित करें तो विशेष ध्यान रखें जिससे उसके रोग का विवरण सही हो और उसका इलाज भी रोग के हिसाब से हो। डॉ0 माथुर ने बताया कि इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पर मरीज़ का डाटा होने से हमें यह जानकारी मिलती है कि संबंधित क्षेत्र में किस बीमारी का अधिक प्रभाव हुआ। जिससे आने वाले समय में हम पहले से ही तैयार हो जाएं कि यह बीमारी उस जगह पर फैल सकती है जिससे उसका इलाज संभव हो सके।

जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ रणधीर सिंह ने बताया कि जिले के अलग-अलग क्षेत्र में बीमारियों के लक्षण की पुष्टि होने पर मैनुअल डाटा स्वास्थ्य विभाग को भेजा जा रहा था। बीमारियों का आंकड़ा हेल्थ ऑफिसर, प्रदेश सरकार व केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचने में करीब एक महीने का वक्त लगता था। ऐसे में संबंधित क्षेत्र में बीमारियों के प्रकोप की रोकथाम करने के लिए विभाग की ओर से गंभीर कदम उठाने में देर हो जाती थी। इसको ध्यान में रखते हुए विभाग ने इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पोर्टल पर मरीजों में होने वाली बीमारियों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की हिदायत दी है। इस दौरान बरौन से डाटा आपरेटर मनोज, कमालगंज से स्वाति यादव सहित 11 डाटा आपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया।

# काइट टूर्नामेंट का मोहन अग्रवाल ने किया उद्घाटन



काइट फ्लाइंग टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मोहन अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद ऑल इंडिया काइट फ्लाइंग टूर्नामेंट का शुभारंभ विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने फीता काटकर किया। काइट फ्लाइंग टूर्नामेंट एक माह तक चलेगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये व ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये व ट्राफी, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये व ट्राफी, चतुर्थ पुरस्कार 5100 रुपये व ट्राफी विजेताओं को दिये जायेंगे। एक माह तक चलने वाले काइट फ्लाइंग टूर्नामेंट में प्रदेश के अलावा दूसरे प्रांतों के पतंगबाज भाग ले रहे हैं। यह राष्ट्रीय स्तर की पतंगबाज में पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, के लोग बाग ले रहे हैं। पूल-ए, पूल-बी, पूल-सी, पूल-डी के तहत आयोजन होगा। जिसमें अलग-अलग टीमें पांचाल घाट पहुंचकर अपनी-अपनी पतंग उड़ाकर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी टीमों के नाम अलग-अलग हैं। जिसमें मुरादाबाद, दिल्ली, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, जयपुर, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, मुरादाबाद, पीलीभीत, कानपुर, बीकानेर, कोलकाता, की टीमें भाग लेंगी। जानकारी देते हुए आयोजक कृष्णा काइट शॉप व फर्रुखाबाद काइट फ्लाइंग वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक ने बताया इंट्री फीस 3000 रुपये रखी गयी है। निर्णायक कमेटी में छोटेलाल, बड़े गयास, बब्बल भाई, संजू, सरताज आदि निर्णायक की भूमिका निभायेंगे। प्रतियोगिता में चाइना डोर प्रतिबंधित है।

# प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है: भावना यादव



बैठक को संबोधित करतीं बीडीओ व मौजूद बाल संरक्षण अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को विकास खण्ड बढ़पुर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी भावना यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें खण्ड विकास अधिकारी भावना यादव ने कहा कि ग्राम सभा के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। अक्षय तृतीया को बाल विवाह होने की संभावनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए सभी लोग मिलकर सुनिश्चित करें कि जनपद में कोई भी बाल विवाह न होने पाए। यदि किसी को भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हो तो तुरन्त 112 इमरजेंसी नम्बर अथवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, ट्रैफिकिंग, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति आदि के बारे में चर्चा की। यह भी कहा कि बाल विवाह कानूनी रूप से अपराध है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सम्बंध में जानकारी प्रदान की और कहा कि पहली ही घटना का दृढ़ता से विरोध करें और अपने अभिभावकों को सूचित करें। इस मौके पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता उपाध्याय, महिला कल्याण अधिकारी नेहा मिश्रा, जिला समन्वयक कुमोदिनी रमन, सीएचसी से डॉ0 राणा प्रताप, उ0नि0 साधना यादव, गंगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## करंट लगने से बालक की मौत

**कमालगंज(सं.)।** बीती रात करंट लगने से बालक की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर निवासी सीताराम सक्सेना का 12 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार को बीती देर रात बिजली का करंट लग गया। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बालक प्राथमिक विद्यायल गदनपुर देवराजपुर का छात्र था। अरुण तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## अधिवक्ता राकेश चौहान के निधन पर शोक की लहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश सिंह चौहान का हृदय रोग के चलते बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन से अधिवक्ता वर्ग के साथ-साथ सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में भी शोक की लहर है। अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से विरत रहे और श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत हुए अधिवक्ता स्व0 चौहान शेर और शायरी के भी शौकीन रहे। साथ ही राजनैतिक क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाये रहे। इसके साथ ही अधिवक्ता के रुप में मुकम्मल पहचान हासिल की। लम्बे अरसे तक विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के बाद बुधवार को वे सभी को अलविदा कह गये। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में कांग्रेस नेता अनिल मिश्रा, व्यापारी नेता संजय गर्ग, मोहन अग्रवाल, कांग्रेस नेता वसीम जमां खां, अधिवक्ता प्रमोद कुमार शर्मा ने श्रद्धांजलि दी।

# चिंतन दिवस के रुप में मना लार्ड बेडेन का जन्मदिन

- स्काउटिंग के जन्मदाता के बारे में छात्राओं को विस्तार से दी गयी जानकारी
- जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने सम्पन्न कराया दीक्षा संस्कार कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कमालगंज के प्रांगण में स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्म दिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने गाइड की छात्राओं को लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस पर दीक्षा संस्कार का आयोजन संपन्न कराया। छात्राओं को गाइड प्रतिज्ञा कराते हुए उनको स्काउट गाइडिंग आंदोलन को आगे बढ़ाये जाने हेतु प्रेरित करते हुए विद्यालय की अध्यापकों द्वारा मिठाई खिलाकर एवं तिलक लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत प्यारी बहन हमारी, तुमको भारत माता प्यारी, तुम भारत माता को प्यारी, गीत के साथ सभी का दीक्षा समारोह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका बहनों वार्डन रश्मि, रंजना यादव, शीलू पाल, अर्चना त्रिपाठी, रचना सिंह, मधु कुमार एवं बबिता गुप्ता ने छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर पुष्प वर्षा की। तत्पश्चात सभी छात्राओं को लार्ड बेडेन पावेल के जन्म दिवस के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा सभी को अवगत कराया कि लार्ड बेडेन पावेल के द्वारा ही स्काउटिंग की स्थापना की गई थी। सर्वप्रथम 20 बच्चों की सहायता से एक शिविर का आयोजन करते हुए उन्होंने स्काउटिंग की शुरुआत की। तब से लेकर कई देशों में यह आंदोलन सेवा भाव के साथ बढ़ रहा है।

# कांग्रेसियों ने महंगाई व भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार को लिया आड़े हाथ





पत्रकार वार्ता करते जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार, कौशलेंद्र यादव, वसीमुज्जमा, राजेन्द्र नरायन मिश्रा आदि व प्रेस वार्ता में मौजूद पुन्नी शुक्ला, पीएन सक्सेना, मोहन पाठक आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी के प्रभारी जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार ने महंगाई के विरोध में भाजपा को आड़े हाथों लिया।

भोलेपुर नगलादीना स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में मनोज गंगवार ने कहा कि कांग्रेस के समय ऐसी स्थिति नहीं थी। जब से भाजपा सरकार आयी है महंगाई चरम सीमा पर है। मोदी सरकार ने अडानी को एयरपोर्ट, रेलवे, तेल आदि सभी बिजनेस सौंप दिये हैं। अडानी द्वारा एसबीआई व पंजाब बैंक, एलआईसी का करोड़ों रुपया शेयर मार्केट में लगाया गया है। कांग्रेस सरकार ने तीन-तीन युद्ध लड़े, पर ऐसी स्थिति कभी नहीं आयी। भाजपा सरकार ने रिजर्व बैंक का भी पैसा निकाल लिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि क्रूड ऑयल के दाम बहुत कम हैं। फिर भी तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। किसानों को चौगुने दाम में खाद मिल रही है। फर्रुखाबाद के सांसद, विधायक सभी सत्ता में हैं। फिर भी उन्होंने सदन में भी कभी फर्रुखाबाद का ऋण माफी का मुद्दा नहीं उठाया है। जनपद के लोगों को ऋण माफी से दूर रखा गया। 2024 में जनता उन्हें माफ नही करेगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव कौशलेंद्र यादव, वसीमुज्जमा खां, राकेश सागर, राजेंद्र नरायन मिश्रा मौजूद रहे। वहीं शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने पत्रकार वार्ता कर महंगाई का विरोध किया। टाउनहाल स्थित एक प्रतिष्ठान पर पुन्नी शुक्ला ने कहा महंगाई व भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सभी काम सरकारी कागजों पर चल रहे हैं। आने वाले बजट में जनता को कोई राहत नहीं मिली है। जमीनी हकीकत कुछ और है। भाजपा सरकार द्वारा निरंतर आवश्यक वस्तुओं की महंगाई के कारण जनता बेहाल है। सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है। गरीबों के हित में कोई कार्य नहीं कर रही है। राम नाम के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार न मिलने के कारण युवा आत्महत्या करने पर मजबूर है। सरकार के लोगों ने मुस्लिम भाईचारा खत्म कर दिया है। इस मौके पर पीएन सक्सेना, अंबार अली, मोहन पाठक मौजूद रहे।





# पति से हुए विवाद में पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

- मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप
- पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाना बनाने को लेकर हुए विवाद से क्षुब्ध पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस व फोरेंसिक ने पहुंचकर जांच पड़ताल की व शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगंज खरेटा निवासी 26 वर्षीय खुशबू का पति नन्हे लाल शाक्य से मंगलवार की रात्रि खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। जिससे क्षुब्ध खुशबू ने गाटर में साड़ी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पति ने मायके वालों को दी। बुधवार की सुबह मृतका की मां सुधा देवी पुत्र सचिन, नितिन के साथ बेटी की ससुराल पहुंच गई और ससुरालीजनों पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया। मृतक के पति ने बताया कि उसका विवाह 2017 में जनपद कासगंज के थाना दरियावगंज के गांव नगला बलदेव से हुआ था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। थानाध्यक्ष मनोज भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



ससुरालीजनों व मायके वालों में होती नोकझोंकं

# आम के पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव

- पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच, परिजनों ने पीएम कराने से किया मना

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का शव आम के पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ऊगरपुर निवासी 65 वर्षीय सूबेदार पुत्र रामदयाल ने बीती रात्रि घर से लगभग 400 मीटर दूरी पर रामेश्वर के ट्यूबेल परिसर में खड़े आम के पेड़ पर अंगौछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए खेतों की ओर गये तो सूबेदार का शव लटका दिखायी दिया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गये और शव को उतार कर घर ले गये। मृतक के पुत्र नवीन ने थाने में फौती दर्ज कराने के लिए सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे ने पहुंचकर जांच की। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। मृतक के पुत्र नवीन ने बताया कि पिता सांस की बीमारी से ग्रसित थे। मृतक के पुत्र नितिन, नवीन, जीतू आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# खोखे का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी



**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने खोखे का ताला तोड़कर हजारों का सामान पार कर दिया। पीड़ित दिव्यांग ने घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमली दरवाजा निवासी दिव्यांग अब्दुल हमीद उर्फ भूरा पुत्र अब्दुल रशीद जिसका लकड़ी का खोखा आरिफ की आरा मशीन के निकट रखा हुआ है। खोखे में परचून का सामान रखा है। 21 फरवरी की रात्रि अज्ञात चोर ने खोखे का ताला तोड़कर हजारों का सामान पार कर दिया। इसकी जानकारी सुबह जब दिव्यांग दुकान खोलने पहुंचा तब हुई। पीड़ित ने घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर दी है।

# सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

- मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में दर्ज किया मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे गड्ढे में फेंक दिया। जानकारी होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की मां ने घटना स्थल पर पहुंचकर उसे अपने पुत्र सौदान सिंह के रुप में शिनाख्त की।

मृतक सौदान सिंह की मां रामबेटी निवासी भिडौर थाना मऊदरवाजा ने थाने में दी तहरीर में दर्शाया कि एक सप्ताह पूर्व सौदान सिंह रिश्तेदारी में गुंजन पत्नी बिजेन्द्र निवासी नगला वीरबल के यहां गया हुआ था। 20 फरवरी को रामबेटी ने उसे फोन मिलाया तब उसने बताया था कि वह ग्राम संतोषापुर में है और थोड़ी देर में घर पहुंचेगा। मां ने दर्शाया कि उसका पुत्र घर नहीं पहुंचा और उसका मोबाइल भी बंद हो गया। रिश्तेदारी में जानकारी की तो बिजेन्द्र ने बताया कि वह बाइक संख्या यूपी 76एबी/9051 से घर के लिए दिन में ही चला गया। 22 फरवरी को सुबह 9 बजे जानकारी मिली कि एक व्यक्ति का शव लोहापानी के पास सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा हुआ है। तब मैने पहुंचकर अपने पुत्र के रुप में शिनाख्त की। उसके सिर पर काफी चोंट लगी थी। रामबेटी ने कहा कि उसके बेटी की हत्या अज्ञात व्यक्ति ने कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते सीओ

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख



आग से जल रहीं झोपड़ियां

- पीड़ितों ने तीन लोगों के खिलाफ दी नामदर्ज तहरीर

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में आधा दर्जन झोपड़ियों में आग लग गई। जिससे हजारों की नगदी व सामान जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम चंपतपुर के मजरा करनपुर निवासी परशुराम यादव तथा अभिनंदन पुत्र रामचंद्र की 4 झोपड़ियों में आग लग गयी। जिससे हजारों का सामान व नगदी जलकर राख हो गई। घटना के समय अभिनन्दन सिंह झोपड़ी के अंदर सो रहा था। आग महसूस होने पर वह तुरन्त उठा और भागकर खुद बचाया। शोर-शराबासुनकर आसपास के लोग आ गये, लेकिन तब तक सभी कुछ स्वाहा हो चुका था।

आग से इंजन, चारा मशीन, बिस्तर, चारपाई, रजाई, गद्दा, कपड़े सहित हजारों का सामान व पांच हजार रुपये की नगदी जलकर राख हो गई। वहीं गांव के ही रामचन्द्र पुत्र रामस्वरूप की भी दो झोपड़ियां आगजनी की इस घटना में जल गईं। पीड़ितों ने गांव के ही साहब लाल, राजेश कुमार तथा नेमा देवी पर आग लगाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कहा कि उन्हें पीड़ित की ओर से तहरीर मिल गयी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# नाबालिक से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को तहरीर में दर्शाया कि उसकी 8 वर्षीय पुत्री अपनी मौसी निवासी कोतवाली कायमगंज के एक मोहल्ला में 15 दिन पर्वू आयी थी। पुत्री पास की परचून की दुकान पर सामान लेने गयी थी। पडोसी 55 वर्षीय राकेश गंगवार की इलेक्ट्रानिक की दुकान है उसने मेरी पुत्री को 10 रुपये दिये और कहा कि नमकीन की पुड़िया ले आओ। जब पुत्री पुड़िया देने गई तो राकेश ने 130 रुपये दिये और कहा कि तुम्हारे पापा ऊपर बुला रहे है। जब पुत्री ऊपर छत पर गयी तो उसके हाथ बांध दिये और उसके साथ बलात्कार किया। जब बच्ची घर पर नहीं पहुंची तो मौसी ने काफी खोजबीन की, तो वह भागती हुई निकली और सारी बात बतायी, लेकिन आरोपी मौके से भाग चुका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 376, 377, 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। कस्वा चौकी इंचार्ज हरिओम प्रकाश त्रिपाठी, कांस्टेबिल अंकित कुमार, कांस्टेबिल विपिन कुमार, कास्टेबिल, लवकेश कुमार ने छापेमारी कर आरोपी राकेश गंगवार को गिरफ्तार कर उसका डाक्टरी परीक्षण कराकर जेल भेज दिया।

# डीएम ने बल्लेबाजी कर क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ



क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा टी टेन लाइव क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बल्लेबाजी करके किया। उन्होंने ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों का परिचय लिया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना का विकास करने की सलाह दी और कहा कि खेल भावना से ही खेलकूद तरक्की कर सकेंगे। खेल भावना को बनाये रखे।

# बीडीओ ने समीक्षा बैठक में सचिवों के कसे पेंच



बैठक लेते खण्ड विकास अधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी ने सचिवों की साप्ताहिक बैठक कर कायाकल्प पर विशेष जोर दिया तथा आवासों की समीक्षा के साथ ही मनरेगा की भी समीक्षा की।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर बुधवार को विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने ग्राम सचिवों की साप्ताहिक बैठक कर विद्यालयों के ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सचिवों से बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ग्राम सचिवों को बताया कि वह सोमवार तक सभी विद्यालयों के कार्य पूर्ण कराकर कार्यालय को अवगत कराएं। ऐसा नहीं पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। वहीं प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास के बारे में भी समीक्षा की तथा सभी सचिवों की क्रमवार समीक्षा की। जिसमें विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिवों से अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह, एडीओ आईएसबी प्रवेश राजपूत, बीएमएम ममता रानी, अनुज शुक्ला, ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, मानवेंद्र प्रताप, जुबेर अहमद, कुलदीप राजपूत, सुनील कुमार आकांक्षा सक्सेना, रविंद्र सिंह सहित सभी ग्राम सचिव मौके पर मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संघ का चुनाव शीघ्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का गठन कराने के संदर्भ में संगठन की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि चुनाव शीघ्र कराया जायेगा। चुनाव समिति में राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, बृजभान चन्द्र कटियार, सुधीर शर्मा, सुरेन्द्रनाथ मिश्रा, रामप्रकाश पाल को अधिकृत किया गया। अधिवक्ताओं से सदस्यता शुल्क जमा करने की अपील की।

# अतिक्रमण की जद में आये मकानों को जेसीबी ने कराया ध्वस्त, बलीपुर में हुआ विवाद

- भारी संख्या में पहुंचे पुलिस बल को देख ग्रामीण खिसके

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज।** रोड किनारे अतिक्रमण की जद में आए मकानों को पीडब्ल्यूडी तथा पुलिस विभाग ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से गिरवा दिया। इस अभियान से अतिक्रमण किये लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई जगह पुलिस व पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मियों से ग्रामीणों की झड़पें भी हुईं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर के बीचोबीच से नवाबगंज-अलीगंज मार्ग निकला हुआ है। जिसमें रोड का चौड़ीकरण काफी दिनों से चल रहा है। जिन-जन गांव में रोड निकलता जा रहा है उसकी परिधि में आ रहे मकानों को जेसीबी के द्वारा गिरवा दिया गया, लेकिन गांव बलीपुर के ग्रामीणों ने कर्मियों को रोकने का प्रयास किया, तभी रोड का निर्माण करा रहे कर्मचारियों ने थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर सूचना पाकर पहुंचे कार्यवाहक थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क निर्माण में अवरोध बन रहे ग्रामीणों को खरी खोटी सुनाई। पुलिस बल की संख्या ज्यादा देख ग्रामीण मौके से हट गए। निर्माणाधीन रोड किनारे के मकानों को जेसीबी के द्वारा गिराया गया। जहां काफी संख्या में ग्रामीण तथा पुलिस बल मौजूद रहा। काफी पुलिस बल देख अतिक्रमण किये लोग पस्त नजर आये।



अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी

# रामेश्वरनाथ मंदिर के सामने नाले में भरा पानी, भक्तों में रोष

- कई बार शिकायत करने पर नहीं हुई सुनवाई, बीमारी फैलने की आशंका

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ऐतिहासिक रामेश्वर नाथ मंदिर के सामने नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण मंदिर के मुख्य द्वार से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ते पर गंदा पानी भरा होने से आसपास बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

कस्बे के प्राचीन रामेश्वर नाथ मंदिर के सामने बहने वाले नाले में पूरे कस्बे का गंदा पानी पिछले एक माह से जमा है। यहां जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे मंदिर के मुख्य द्वार पर कीचड़ युक्त गंदा पानी होने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को खासी मुसीबत उठानी पड़ रही है। सड़क मार्ग पर भरे इस गंदे पानी की समस्या को लेकर लोग कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। श्रद्धालुओं व आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि सड़क मार्ग पर भरा गंदा पानी अब सड़ने लगा है, जिसकी दुर्गंध से मंदिर आने वाले श्रद्धालु परेशान रहते हैं। यहां मक्खी-मच्छरों का प्रकोप भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कारण बीमारी फैलने की आशंका बनती जा रही है। गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की पिछले काफी समय से सफाई नहीं की गई है। इस बाबत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में पिछले कई माह से बजट की समस्या है। जिस कारण से सफाई कर्मचारियों का भुगतान करने व नाला सफाई इत्यादि कराने में दिक्कत हो रही है। उच्चाधिकारियों को मंदिर के बाहर जमा गंदगी के बारे में अवगत करा दिया गया है और नाला निर्माण की परमिशन मांगी गई है। जल्द ही नायब तहसीलदार व कानूनगो के द्वारा नापजोख कराकर नाला निर्माण कराकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का जल्द प्रयास किया जाएगा।



रामेश्वरनाथ मंदिर के सामने भरा पानी

## करंट लगने से गंभीर

**कायमगंज (सं.)।** करंट लगने से युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गय है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद निवासी साबेज को अचानक करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गया। गया गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये। जहां उसका उपचार जारपी है।

## आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन कीर्तिमान प्रकाश एडवोकेट व जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रमाकांत शाक्य दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। निकाय चुनाव को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कीर्तिमान प्रकाश ने कहा कि आज लोग ज्यादा से ज्यादा आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि इस बार आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव दमदारी के साथ लड़ेगी। इस मौके पर आदमी पार्टी के नगर प्रभारी डा0 कांशीराम कुशवाह, अजय पाल, राजू शाक्य, तुलसीराम, सत्यभान शर्मा, गोविन्द शाक्य, पप्पू राठौर, प्रदीप कुमार समेत दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दो भइयों समेत चार को अपहरण व फिरौती के मामले में 10 वर्ष का कारवास

- एक लाख 74 हजार का जुर्माना, पीड़िता को मिलेगा जुर्माने का आधा पैसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपरहण व फिरौती के मामले में अपर जिला जज एन्टी डकैती कोर्ट न्यायाधीश कृष्ण कुमार सिंह ने मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद अय्याज पुत्रगण मोहम्मद नियाज निवासी गऊटोला कायमगंज, इंद्रपाल ठाकुर पुत्र युधिष्ठर निवासी वौरा कम्पिल वर्तमान सिकन्द्रराराउ, तेजसिंह उर्फ साधू पुत्र तालेवार निवासी गंगूपुर कम्पिल को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारवास व 1 लाख 74 हजार रुपये से दण्डित किया। विगत 32 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज के ग्राम आताईपुर निवासी छोटेलाल पुत्र कालीचरण ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि उसका पुत्र डब्बू उर्फ सुभाष गांव के लक्ष्मी, अरविंद, रघुवीर, पन्नलाला के साथ कायमगंज में रामबारात देखने के लिए गया था। करीब रात 1 बजे ग्राम कटरा गांव के निकट बाग से पांच बदमाशों ने नाजायज असलहों से पुत्र को घेर लिया। सभी बच्चों से उनके नाम पूछे व नाम पूछने के बाद मेरे पुत्र सुभाष को पकड़कर अपने साथ ले गए और सभी बच्चों से कहा तुम यही बैठो अगर इधर उधर हिले तो गोली मार देंगे। उसके बाद बच्चों ने मुझे गांव आकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मैने काफी खोजबीन की, लेकिन मेरा पुत्र नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण की धारा में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने खोजबीन कर लगभग 15 दिनों के बाद मोहम्मद अय्याज की कोठरी से बदमाशों की पकड़ से सुभाष को बरामद किया। सुभाष ने अपने बयान में कहा कि मुझसे बदमाशों ने फिरौती मांगने के लिए एक पत्र लिखवाया था। पुलिस ने अपहरण व फिरौती मांगने के मामले न्यायालय में महेश, सर्वेश, तेज सिंह उर्फ साधू, मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद अय्याज, इंद्रपाल के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, भानू प्रकाश मिश्र, संजीव कुमार मिश्र की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज एन्टी डकैती कोर्ट न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने अपहरण व फिरौती के मामले दोषी करार देते हुए मो0 फैयाज, मो0 अय्याज, इंद्रपाल, साधु को 10-10 वर्ष के कारवास से दण्डित किया। मो0 अय्याज, मो0 फैयाज, इंद्रपाल ठाकुर प्रत्येक को 46 हजार का अर्थदण्ड से दण्डित किया। साधु को 36 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। महेश की पत्रावली किशोर न्यायालय में चली गयी।